ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी 04:48 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 6 जून 2025
वर्ष 35, अंक 131, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मस्क ने ट्रंप को दिया करारा जवाब 14

दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर 13

## ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में हड़ताल करने पर एस्मा के तहत होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है।

शासन की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किए गए। जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) के तहत हड़ताल पर रोक लगाई गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी ऊर्जा निगमों में सभी तरह की सेवाओं पर हड़ताल पर रोक रहेगी। हड़ताल करने पर कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन के सूत्रों ने बताया कि निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के तेज होते आंदोलन को ध्यान में रखकर हड़ताल पर रोक लगाई गई है। वजह यह है कि बिजली कर्मी ऊर्जा निगमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं। बीते दिन पावर कॉरपोरेशन ने 87 अभियंताओं को आरोप पत्र दिए हैं, जबकि कई अभियंताओं के स्थानांतरण कर दिए गए हैं।

# भगदड़ मामले में पुलिस कमिश्नर समेत 8 अधिकारी निलंबित

## मुख्यमंत्री ने गठित किया जांच आयोग, आरसीबी, आयोजकों व केएससीए के प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी का आदेश

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बेंगलुरु के कई आला पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है जिनमें बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर बी दयानंद, बेंगलुरु सिटी के एसीपी विकास कुमार, सेंट्रल जोन के डीसीपी, कब्बन पार्क के एसीपी और इंस्पेक्टर सहित आठ अधिकारी शामिल हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश माइकल कुन्हा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग भी गठित किया है जो 30 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेगा।

सीआईडी को भी मामले की जांच सौंपी गई है। मजिस्ट्रेट जांच भी हो रही है जिसका नेतृत्व बेंगलुरु शहरी उपायुक्त जी जगदीश कर रहे हैं। डीजीपी और आईजी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजर्स और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी का भी आदेश दिया है। आरसीबी, केएससीए और अन्य के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चार जून को मची इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक की शिकायत के बाद 4 जून को कब्बन पार्क थाने में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। मामला जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है।

मामला बीएनएस की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (जान-बूझकर चोट पहुंचाना), 118 (खतरनाक हथियारों या साधनों का इस्तेमाल करके जान-बूझकर चोट या गंभीर चोट पहुंचाना), 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के साथ अन्य धाराओं में दर्ज किया गया है।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से हुई मौतों के मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का गुरुवार को निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी एम जोशी की पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लेने के बाद राज्य को 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### नई एसओपी तैयार करेगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को बताया कि कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। यह कदम बुधवार को एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास मची भगदड़ की घटना के बाद उठाया गया है जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### 10 लाख रुपये मदद देगी आरसीबी

आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए 11 लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये देने की घोषणा की है।

## एक नजर

### शनिवार से चलेगी कटरा श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसके लिए अग्रिम बुकिंग गुरुवार शाम से शुरू कर दी। उत्तर रेलवे के अनुसार, कटरा से श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत ट्रेन दिन में चार फेरे लगाएंगी। इस ट्रेन में दो श्रेणियां चेयर कार (सीसी) और एक्जिक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं और टिकट की दर क्रमश: 715 रुपये और 1,320 रुपये है। यात्रा के दौरान यात्रियों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा।

### जनगणना में बजट बाधा कभी नहीं रहा

**नई दिल्ली।** जनगणना के लिए बजट में प्रस्तावित धन कम होने की आलोचनाओं को खारिज करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस काम में धन की कमी कभी आड़े नहीं आई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि आगामी जनगणना के बाद लोक सभा की सीटों के परिसीमन को लेकर दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा जनगणना के लिए बजट कभी बाधा नहीं रहा है, क्योंकि धनराशि का पर्याप्त आवंटन हमेशा सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार स्पष्ट किया है।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं पर चलती थीं कभी गोलियां, आज पुष्पवर्षा

## रामकथा पार्क में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पौधरोपण किया

- अपने जन्मदिन पर रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा में हुए शामिल उतारी आरती

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



राम दरबार की आरती उतारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं। श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था। आज श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा होती है। उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने ''अतिथि देवो भवः'' की नई परिभाषा गढ़ रही है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वह राम कथा पार्क में अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। बजरंगबली व श्रीराम की आरती उतारी। श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। इसमें माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के साथ-साथ बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुई। सफेद संगमरमर से बनी प्रतिमाएं अलग ही शोभा बिखेर रही थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजित मुहूर्त में श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मुख्यमंत्री ने रामदरबार का पूजन-अर्चन कर पहली आरती उतारी। साष्टांग प्रणाम किया। इसके बाद सरयू तट पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम और नौग्रहों के पौधे लगाए। इसके बाद 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया।

### सभी डीएम अपने जिले की एक नदी को करें पुनर्जीवित

मुख्यमंत्री ने आंजनेय सेवा संस्थान द्वारा पक्का घाट पर आयोजित 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने अयोध्या के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करते हुए नदियों के पुनर्जन्म, विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से कह दिया गया है कि वो अपने-अपने जिले की एक नदी को पुनर्जीवित करें। नदियों में न सीवर डाला जाए, न नाले गिराए जाएं, न मरे हुए जानवर फेंके जाएं। नदियों के किनारे व्यापक रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाए। इस वर्ष 35 करोड़ पौधों का रोपण नदियों के किनारे किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में 32 स्थानों पर एनआईए का छापा

- आतंकवादी साजिश का हुआ खुलासा

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों की आतंकवादी साजिश के खिलाफ गुरुवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश में 32 स्थानों पर छापेमारी की गई। छापे के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े प्रमुख आतंकवादियों और उनके मददगारों ओवरग्रांउड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को निशाना बनाया गया।

जिन स्थानों पर तलाशी ली गई, वे प्रमुख आतंकवादियों और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की शाखाओं द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर, पीएएएफ, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र जैसे संगठनों से संबद्ध आतंकवादियों के मददगारों के आवासीय परिसर हैं।

## पतंजलि से जुड़े भूमि घोटाले में नेपाल के पूर्व पीएम माधव पर मुकदमा

- सरकारी रियायत के साथ खरीदी गई जमीन को बेच देने का है आरोप
- मुकदमे में दो तत्कालीन मंत्री, मुख्य सचिव समेत 93 लोगों के नाम

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी सीआईएए ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल के खिलाफ पतंजलि योगपीठ से जुड़े भूमि घोटाले में मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि पतंजलि ने साल 2010 में कावरेपालनचोक जिले में भूमि सीमा छूट के तहत जमीन खरीदी थी। सरकारी रियायत के साथ अधिग्रहीत इस जमीन को बाद में कैबिनेट स्तर की मंजूरी के साथ बेच दिया गया।

काठमांडू पोस्ट की खबर के मुताबिक पद के दुरुपयोग की जांच संबंधी आयोग (सीआईएए) ने मामले में संलिप्तता के आरोप में माधव नेपाल के साथ 92 अन्य के खिलाफ एक विशेष अदालत में मुकदमा दायर किया है। हालांकि, पतंजलि ने एक बयान में कहा है कि उसने नेपाल के कानून के अनुसार उचित प्रक्रिया के तहत जमीन खरीदी थी। पतंजलि ने कोई सरकारी जमीन नहीं खरीदी है। राजनीतिक प्रतिशोध की कार्यवाही में हमारा नाम घसीटना अनुचित है। सीआईएए ने कहा कि तय सीमा से अधिक भूमि बेची गई जो कानून का उल्लंघन है। नेपाल में संभवतः यह पहली बार है कि भ्रष्टाचाररोधी संस्था ने किसी पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। सीआईएए ने पूर्व कानून मंत्री प्रेम बहादुर सिंह, पूर्व भूमि सुधार मंत्री डंबर श्रेष्ठ और पूर्व मुख्य सचिव माधव प्रसाद घिमिरे समेत 93 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

### माधव ने कहा- कानूनी प्रक्रिया का सामना करेंगे

माधव नेपाल ने आरोपों से इन्कार करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह कानूनी प्रक्रिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली मुकदमा दायर कराकर उनका राजनीतिक करियर खत्म करना चाहते हैं। मई 2009 से फरवरी 2011 तक प्रधानमंत्री रहे माधव नेपाल ने कहा, उनके राजनीतिक करियर को खत्म करने के इरादे से यह साजिश रची गई है। मुकदमा दायर होने के बाद, मौजूदा सांसद माधव नेपाल की संसद सदस्यता खत्म हो गई है।

## ऑटो पर पलटा ट्रक, सात की मौत

रीवा, एजेंसी

- तीन अन्य घायल, मप्र के रीवा जिले में हुआ हादसा
- प्रयागराज से गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे सभी लोग



मध्यप्रदेश के रीवा जिले में गुरुवार को एक ऑटो रिक्शा पर ट्रक पलट जाने के कारण सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर अपराह्न करीब 2.30 बजे हुई, जब ऑटोरिक्शा में सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा नदी में स्नान कर लौट रहे थे।

दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतकों में चार बच्चे, दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विवेक लाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से गुजर रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एक ऑटोरिक्शा पर पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने बाद में दम तोड़ दिया। ऑटोरिक्शा में सवार यात्री प्रयागराज में गंगा नदी में स्नान करने के बाद रीवा की सीमा से लगे मऊगंज जिले के नईगढ़ी लौट रहे थे। एएसपी ने बताया कि ट्रक प्रयागराज से रीवा जा रहा था। मृतकों की पहचान रामजीत जायसवाल (38), पिंकी (35), हीरालाल जायसवाल (65), प्रवीण (12), अंबिका (8), मानसी (7) और अरविंद (6) के रूप में हुई है।

## हत्या के दोषी को कोर्ट ने दी मौत की सजा

**कानपुर देहात।** करीब 10 माह पहले एक बच्ची की हत्या में एडीजे कोर्ट-6 ने दोषी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है, जबकि बच्ची के माता-पिता सहित छह लोगों की हत्या के प्रयास में उम्रकैद दी है। 15 लाख 10 हजार जुर्माना लगाया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव की पूजा ने पति की मौत के बाद औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र निवासी बहन पूनम के देवर दीपू से वर्ष 2021 में दूसरी शादी कर ली थी। 22 जुलाई 2024 को दीपू ने पत्नी पूजा, सौतेले पुत्र उमंग, पूजा के देवर महेंद्र, उसकी पत्नी विभा, पुत्री काव्या व 8 साल के पुत्र सूर्यांश पर हमला किया था, जिसमें काव्या की मौत हो गई थी।

## मैनपुरी में आर्मी के फर्जी ट्रेनिंग कैंप का पर्दाफाश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर 400 से ज्यादा युवाओं से ठगी

**अमृत विचार :** मैनपुरी जिले में एक ऐसे फर्जी आर्मी ट्रेनिंग कैंप का पर्दाफाश हुआ है जहां कई साल से युवाओं को ठगा जा रहा था। उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, कर्नाटक समेत कई राज्यों में विज्ञापन जारी कर ट्रेनिंग के लिए युवाओं को इन सेंटरों पर बुलाया जाता था।

पुलिस ने एक शिकायत के बाद इस गैंग के मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसकी सहयोगी सुमित्रा सेनापति को गिरफ्तार कर लिया। अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गईं।

भारतीय पुलिस प्रोटेक्शन फोर्स (बीपीपीएफ) नाम से संचालित इस नकली सैन्य भर्ती केंद्र से सेना जैसी वर्दी, एयरगन, फर्जी दस्तावेज के साथ काफी सामान बरामद हुआ है। मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय यूट्यूब के जरिए प्रचार-प्रसार करता था। तेलंगाना के करीमनगर जिले के बनटाउन थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर कॉलोनी निवासी अशोक पुत्र राजइया ने किशनी पुलिस से शिकायत की थी। गिरोह के सदस्य युवाओं को सेना में भर्ती का झांसा देकर उनसे 2 से 3 लाख रुपये तक की वसूली कर रहे थे। करीब 400 युवाओं से ठगी की जा चुकी है।

### कैंप में सेना के झंडों और वर्दी का इस्तेमाल

मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय यह फर्जी ट्रेनिंग कैंप किशनी इलाके के जटपुरा चौराहे के पास करीब 22 बीघा जमीन पर चला रहा था जो उसने 25 हजार रुपये के मासिक किराए पर ली हुई थी। फर्जी ट्रेनिंग कैंप में उसने अलग-अलग बटालियन के झंडे लगाए हुए थे, जिससे दूर से ही लगता था कि यहां आर्मी का कोई ठिकाना है। आरोप है कि अक्सर वह खुद सेना की वर्दी पहनकर यहां मौजूद रहता था। अनुमान लगाया जा रहा है कि चार साल से किए जा रहे इस फर्जीवाड़े के दौरान उसने बेरोजगार युवाओं को सेना में नौकरी के सपने दिखाकर 15 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है।

### यूट्यूब के जरिए देता था युवाओं को झांसा

एफआईआर कराने वाले तेलंगाना के अशोक और उनके साथियों के मुताबिक यूट्यूब पर एक विज्ञापन देखने के बाद उन्होंने अरविंद पांडेय से संपर्क किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद पांडेय युवाओं को सीआरपीएफ, एयरफोर्स, नेवी और सेना में भर्ती का झांसा देकर दो से तीन लाख रुपये तक वसूलता है। उसने और उसके साथियों ने उसे ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कर ट्रेनिंग कैंप ज्वाइन किया था। बाद में फर्जीवाड़े का पता लगा तो अपना पैसा वापस मांगा लेकिन उसने किसी का पैसा वापस नहीं किया।

## साकेत कोर्ट के लॉकअप में विचाराधीन बंदी की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- पेशी पर आए दो अन्य कैदियों ने पीट-पीटकर मार डाला

दिल्ली की साकेत अदालत में गुरुवार को सुनवाई के लिए लाए गए एक विचाराधीन बंदी की न्यायालय के हवालात में दो अन्य कैदियों ने कथित रूप से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस मामले को सुरक्षा में बड़ी चूक बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने लात-घूंसों से उस पर हमला किया और उसका सिर दीवार पर दे मारा।

पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास के एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे अमन (24) को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा कि हवालात में कई विचाराधीन कैदियों की मौजूदगी में अमन पर जितेंद्र उर्फ जित्ते और जयदेव उर्फ बच्चा ने हमला कर दिया। अमन को साकेत अदालत में पेशी के लिए लाया गया था और हवालात के खारजा नंबर- 5 में यह घटना हुई।

प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि पूर्व में हुए विवाद के कारण यह हमला किया गया।

## शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत

- विवादित वीडियो पोस्ट करने पर हुई थी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि उसके खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं हुआ है। कानून की छात्रा पनोली (22) को पिछले सप्ताह हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# पहली बार फ्रांस से बाहर भारत में बनेगी राफेल की बॉडी

## फ्रांस की दसॉ एविएशन के साथ हुआ टाटा एडवांस सिस्टम का करार

- उत्पादन के लिए हैदराबाद में होगी एक अत्याधुनिक केंद्र की स्थापना

नई दिल्ली, एजेंसी



फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान की बॉडी (फ्यूजलाज) बनाने के लिए गुरुवार को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से समझौता करने की घोषणा की। दोनों कंपनियों के बीच हुए करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू विमान के प्रमुख ढांचे का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र की स्थापना करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित होने वाल फैक्ट्री में राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना है और उत्पादन केंद्र से प्रति माह दो पूर्ण ढांचों की आपूर्ति होने की उम्मीद है। टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए दसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा कि यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम है। दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा।

### भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में अहम कदम

दसॉ के चेयरमैन ट्रैपियर ने कहा कि यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख कंपनियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल विस्तार में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में एक अहम कदम है।

## एक नजर

### विक्षोभ से तापमान में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में मौसम के बदलते मिजाज के बीच पाकिस्तान से आने वाले विक्षोभ से तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हालांकि मौसम विभाग ने अब मौसम के पूरी तरह से बदल जाने की संभावना प्रकट की है। इधर, प्रदेश में 6 जून से बारिश का भी सिलसिला थम जाएगा। आने वाले दिनों में प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 6-7 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 5-6 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर स्थानीय स्तर पर कोई विक्षोभ नहीं बनते हैं तो 12-13 जून को पाकिस्तान की ओर से नया विक्षोभ प्रभाव डालेगा। इससे पहले तापमान बढ़ेगा, लेकिन बाद में गिरावट आएगी।

### योग दिवस के लिए तैयार किए जा रहे मास्टर योग ट्रेनर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष विभाग योग दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों व ग्राम पंचायतों में योग कार्यक्रम का आयोजन कराएगा। इसके लिए मास्टर योग ट्रेनर तैयार किये जा रहे हैं। शासन के अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष आयुष मंत्रालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग' रखी गई है। आयुष मंत्रालय की ओर से 10 महत्वपूर्ण इवेंट मनाये जा रहे हैं। आयुष विभाग के महानिदेशक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आयुष महाविद्यालय राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज, राजकीय तकमील उत्तिब यूनानी कालेज, गोयल आयुर्वेदिक कालेज, सरदार पटेल आयुर्वेदिक कालेज, एन्क्राइट आयुर्वेदिक कालेज, आरजीएस आयुर्वेदिक कालेज, एसआरबी आयुर्वेदिक कालेज, योग विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय व बाबू युगराज सिंह आयुर्वेदिक कालेज के छात्र-शिक्षक, पतंजलि योग संस्थान, तत्वमसि आर्ट आफ लिविंग आदि से जुड़े लगभग एक हजार लोग राजभवन लॉन में अभ्यास के लिये आ रहे हैं।

### जिला कारागार में कैदियों के लिए ओपेन जिम शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की जेलों में कैद बंदी भी अब व्यायाम करके अपनी सेहत पर ध्यान दे सकेंगे। ऐसे में उनकी सकारात्मक सोच भी विकसित होगी। इसके लिए राज्य सरकार सभी जेलों में ओपेन जिम खोलने जा रही है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने इसकी घोषणा की। कारागार मंत्री गुरुवार को जिला जेल में आम का पौधा भी लगाया और ओपेन जिम की शुरुआत की। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट की भावना के अनुसार राज्य की सभी जेलों में ओपन जिम स्थापित किए जा रहे हैं। यह पहल बंदियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होगी।

# योगी ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण पर जोर

## मुख्यमंत्री ने आवास पर लगाया बेल का पौधा, विश्व पर्यावरण दिवस को योगी के जन्मदिन ने बनाया और खास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस और अपने जन्मदिन की शुरुआत पूजा-पाठ के बाद पौधरोपण से की। सरकारी आवास पर गुरुवार सुबह बिल्व (बेल) का पौधा लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। 'एक्स' पर लिखा कि माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।

विश्व पर्यावरण दिवस को मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन ने और खास बना दिया। उनके आवास पर मंत्रियों, अधिकारियों समेत तमाम गणमान्य लोगों का सुबह से ही तांता लगा रहा। इस दौरान वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं व स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (वन/पर्यावरण) अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/ विभागाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) पीपी सिंह, लखनऊ की मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह आदि की मौजूदगी रही। मुख्यमंत्री योगी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं।



अपने जन्मदिन पर लखनऊ में सरकारी आवास पर पौधा रोपित करते मुख्यमंत्री योगी।

### भाजपा ने शुरू किया एक पेड़ मां के नाम अभियान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पदाधिकारियों के साथ गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया। सभी जिला मुख्यालयों पर पौधरोपण करते हुए जिला स्तर पर अभियान भी शुरू हो गया है। 23 जून डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 5 अगस्त तक बूथ स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान भाजपा अपने हर कार्यक्रम के बाद पौधरोपण करेगी। साथ ही, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि वृहद स्तर पर पौधरोपण के कार्यक्रमों से जुड़ेंगे।

### शिक्षामित्रों ने पौधरोपण कर जाहिर की व्यथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन और पर्यावरण दिवस के मौके पर जहां पूरे प्रदेश में पौधे लगाए जा रहे थे, वहीं लखनऊ के ईको गार्डन में शिक्षामित्रों ने एक अलग ही अंदाज में अपनी व्यथा जाहिर की। उन्होंने पौधारोपण कर सरकार को यह प्रतीकात्मक संदेश दिया कि जैसे पौधा पालन-पोषण पाकर एक दिन छांव देने वाला पेड़ बनता है, वैसे ही 25 वर्षों से शिक्षा की जमीन पर सेवाएं दे रहे शिक्षामित्र भी अब सम्मानजनक वेतन के हकदार हैं। शिक्षक-शिक्षामित्र उत्थान समिति उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में 27 मई से धरने में बीटीसी और टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) उत्तीर्ण शिक्षामित्र हर दिन रचनात्मक तरीके से अपनी मांगें रख रहे हैं।

# मुख्यमंत्री को जन्मदिन पर बधाई देने को लगा रहा तांता

- योगी ने यूपी के विकास के लिए अथक काम किया : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रदेश सरकार के शीर्ष पदाधिकारियों समेत देश-विदेश से गुरुवार को शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया पर योगी आदित्यनाथ, लोकप्रिय मुख्यमंत्री और हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स दिनभर छाए रहे। मुख्यमंत्री ने सभी का शुभकामनाओं के लिए आभार जताते हुए राज्य के निरंतर विकास का संकल्प दोहराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में यूपी के विकास के लिए अथक काम किया है, जिससे राज्य के लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उन्हें लंबी और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पार्टी नेताओं ने योगी की उपलब्धियां गिनाते हुए बधाई दी।

### सोशल मीडिया पर भी चला योगी मैजिक

योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन को सोशल मीडिया यूजर्स और कार्यकर्ताओं ने एक उत्सव के रूप में मनाया। हैशटैग, लोकप्रिय मुख्यमंत्री, हिंदू हृदय सम्राट जैसे ट्रेंड्स पूरे दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर ट्रेंड करते रहे। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश समेत लगभग सभी भाजपा शासित राज्यों के आधिकारिक और पार्टी हैंडल्स ने बधाई संदेश प्रसारित किए।

# 10 हजार करोड़ के निवेश से बनेगा टेक्सटाइल पार्क

## लखनऊ-हरदोई सीमा पर मास्टर डेवलपर की चयन प्रक्रिया ने पकड़ा जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-हरदोई सीमा पर प्रस्तावित पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और परिधान पार्क के विकास के लिए मास्टर डेवलपर के चयन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 10 हजार करोड़ के निवेश से स्थापित होने जा रहे इस टेक्सटाइल पार्क से 1 लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। पीपीपी मोड पर विकसित होने वाले इस पार्क के लिए केंद्र सरकार दो चरणों में 500 करोड़ रुपये देगी। चयनित मास्टर डेवलपर को 50 वर्षों की रियायत अवधि पर परियोजना दी जानी प्रस्तावित है। इसके लिए चयनित भूमि को एसपीवी को 99 वर्ष की लीज पर प्रति वर्ष प्रति एकड़ एक रुपये की दर से हस्तांतरित किया जा चुका है।

परियोजना पूरी होने पर स्थापित होने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट्स को योगी सरकार द्वारा विभिन्न मदों में छूट देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। मास्टर डेवलपर पार्क के लेआउट, सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर का डिजाइन तैयार करेगा। मास्टर डेवलपर ही पूरे टेक्सटाइल पार्क का निर्माण करेगा, जबकि सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि के साथ ही निजी निवेश से परियोजना को गति दी जाएगी। निर्माण के बाद मास्टर डेवलपर पार्क का संचालन और प्रबंधन करेगा, जबकि रियायत अवधि समाप्त होने के बाद पार्क का स्वामित्व और संचालन अधिकार राज्य सरकार और एसपीवी को वापस सौंप दिया जाएगा। केंद्र सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स मास्टर डेवलपर को कोर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए दो चरणों में 500 करोड़ रुपये प्रदान करेगी। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय द्वारा सभी संबंधित राज्यों से विचार-विमर्श के बाद मॉडल बिड अभिलेख आरएफपी एवं ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट (डीसीए) तैयार किया गया है।

### 51 प्रतिशत शेयर यूपी, शेष 49 प्रतिशत केंद्र सरकार का

वहीं, योगी सरकार इंडस्ट्रियल यूनिट्स को लैंड कॉस्ट सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी, कैपिटल सब्सिडी, इंट्रेस्ट सब्सिडी, पावर सब्सिडी, इंप्लॉयमेंट सब्सिडी और फ्रेट सब्सिडी के रूप में इंसेंटिव्स देगी। पार्क के विकास एवं संचालन के लिए भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त स्वामित्व वाले स्पेशल पर्पज वेहिकल (एसपीवी) द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस एसपीवी में 51 प्रतिशत शेयर उत्तर प्रदेश सरकार का होगा एवं शेष 49 प्रतिशत भारत सरकार का।

### मंत्रिपरिषद की मुहर लगनी आवश्यक

राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि पार्क के लिए 1000 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही चार लेन सड़क कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति और पानी की आपूर्ति सहित वाह्य बुनियादी ढांचे का विकास करे। योजना से संबंधित आरएफपी दस्तावेज और ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट को अंतिम रूप देकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। समिति की सिफारिशें उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद को अनुमोदन के लिए भेजी जाएंगी।

> चयनित मास्टर डेवलपर वैश्विक मानकों के अनुसार मास्टर प्लान तैयार करने और एसपीवी के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा। पार्क के अंदर की अवस्थापना का विकास मास्टर डेवलपर द्वारा अपने जोखिम और लागत पर किया जाएगा। साथ ही वह विपणन, संचालन और रख रखाव के लिए भी उत्तरदायी होगा। – **राकेश सचान, मंत्री (एमएसएमई)**

# लखनऊ व गोरखपुर मंडल को मिली घायल वन्य जीवों के लिए एमवीयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन एवं वन्य जीव विभाग ने प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस और अन्य घायल वन्य जीवों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गोरखपुर और लखनऊ मंडल में मोबाइल वेटनरी यूनिट (एमवीयू) की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पहल से दोनों मंडल के पक्षी विहार और वन प्रभागों में घायल होने वाले पक्षियों और वन्य जीवों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जल्द ही कानपुर और मेरठ मंडल को भी यह सुविधा देने की तैयारी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि उप्र सारस संरक्षण समिति की ओर से लंबे समय से मोबाइल वेटनरी यूनिट की मांग की जा रही थी। विभाग ने गोरखपुर और लखनऊ मंडल में एमवीयू की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कानपुर और मेरठ मंडल के साथ प्रदेश के अन्य मंडलों के लिए भी ये सुविधा शुरू करने का प्रयास है।

# विधानभवन में डॉ. हेडगेवार के चित्र का अनावरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को उप्र. विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार के चित्र का अनावरण किया। इस दौरान विधान भवन परिसर में महाना ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा देश की पहली विधान सभा बनी है, जहां डॉ. हेडगेवार जी का चित्र स्थापित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। उन्होंने कहा, डॉ. हेडगेवार ने समाज के प्रत्येक नागरिक के चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रहित में समर्पण पर विशेष बल दिया।



डॉ. हेडगेवार के चित्र का अनावरण करते विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना।

# बिजली कर्मी दंडित हुए तो तेज होगा आंदोलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र. ने कहा कि अगर बिजली अभियंता दंडित हुए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। समिति ने निजीकरण प्रक्रिया में निजी घरानों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में प्रशासनिक आधार पर अभियंताओं का स्थानांतरण किये जाने के सम्बन्ध में बिजली कर्मियों में गुस्सा फैल गया है। उन्होंने कहा कि झूठा शपथ पत्र देने वाली सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन को 'क्लीन चिट' दी गई है। इससे निजी घरानों से मिलीभगत साफ नजर आ रही है। निजी घरानों को लाभ दिलाने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर प्रबंधन घाटा दिखाया जा रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि लाखों करोड़ रुपये की परिसम्पत्तियां निजी घरानों को कौड़ियों के मोल बेचने के लिए साजिश रची जा रही है। इस बीच, 190वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेशव्यापी विरोध-प्रदर्शन जारी रखा। वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, समेत अन्य जिलों में विरोध-प्रदर्शन किया गया।

### बिजली कंपनियों को कम लागत पर बेचने की तैयारी का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया कि इक्विटी के आधार पर बिजली कंपनियों को कम लागत पर बेचने की तैयारी चल रही है। परिषद ने सलाहकार कंपनी से जुड़े लोगों की 'कॉल डिटेल' की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि 42 जिलों वाले पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की कुल संपत्ति लगभग 90,925 करोड़ की हैं। दोनों कंपनियों की कुल इक्विटी शेयर कैपिटल लगभग 53,886 करोड़ है। ऐसे में कम लागत पर बेचने की साजिश पर सीबीआई जांच की जरूरत है।

# पुलिस विभाग 64 करोड़ 65 लाख से खरीदेगा पिस्तौल व कारतूस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में जल्द ही पुलिस बल अत्याधुनिक अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने पुलिस विभाग को 64 करोड़ 65 लाख रुपये का बजट जारी किया है। इस बजट से 8600 पिस्तौल समेत लाखों कारतूस खरीदे जाएंगे। उप्र. शासन में विशेष सचिव दिनेश कुमार ने पूर्व में जारी शासनादेशों के सापेक्ष गुरुवार को 64 करोड़ 64 लाख 51 हजार 225 रुपये का बजट अपर पुलिस महानिदेशक उप्र. को जारी किया। जारी बजट में नौ एमएम की प्रति पिस्तौल 29,950 रुपये के आधार पर कुल 5600 पिस्तौल खरीद के लिए 16 करोड़ 77लाख 20 हजार रूपए जारी किए गए हैं, पिस्तौल में चलने के लिए 3.8 लाख कारतूस खरीदी जाएंगी।

# बीडा के लिए तीन प्रबंधकों की तैनाती

- युवाओं के रोजगार के लिए 1021 पद किए गए सृजित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए तीन प्रबंधकों की तैनाती की गई। गुरुवार को यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व यूपीसीडा के तीन प्रबंधकों का स्थानांतरण बीडा के लिए किया गया। साथ ही, युवाओं के लिए रोजगार के लिए 1021 पद सृजित किए गए हैं। इसके लिए जल्द ही निर्धारित नियमों के अनुसार नियुक्ति प्रकिया शुरू होगी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) सुरिंदर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रबंधक (सिविल) रितिक व यूपीसीडा के वरिष्ठ प्रबंधक (नियोजन) मनीष लाल का स्थानांतरण बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए किया गया। मालूम हो कि अति पिछड़े व उपेक्षित बुंदेलखंड को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 14 सितम्बर 2023 को बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण का गठन किया गया। प्राधिकरण क्षेत्र को 35 हजार 300 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। 17 हजार 840 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। बीडा के लिए 1021 पदों का सृजन किया गया है। निर्धारित पदों पर अभ्यर्थियों के चयन के लिए उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण केंद्रीयित सेवा नियमावली में शामिल किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के साथ ही डिफेंस कॉरिडोर भी झांसी में विकसित किया जा रहा है। साथ ही, झांसी को बुंदेलखंड और आगरा, लखनऊ एक्सप्रेसवे से जोड़ने की प्रक्रिया भी विचाराधीन है।



पंचकूला (हरियाणा) में आत्महत्या करने वाले मित्तल परिवार के परिजन से मुलाकात करते मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी।

# आत्महत्या करने वाले परिवार के परिजन से मिले नंदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने गुरुवार को हरियाणा के पंचकूला में सात सदस्यों के साथ आत्महत्या करने वाले मित्तल परिवार के परिजन से मुलाकात की। उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिया। पंचकूला में 27 मई को कर्ज के बोझ तले दबे व्यापारी प्रवीण मित्तल ने अपने पिता देशराज मित्तल, मां विमला देवी, पत्नी रीना गुप्ता, बेटे हार्दिक, बेटी ध्रुविका और डेलिसा के साथ जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। सभी के शव कार में मिले थे। नंदी ने कहा कि व्यापारियों से अपील है कि विपत्ति चाहे कितनी बड़ी क्यों न हो, हार न मानें। प्राण घातक कदम न उठाएं। किसी भी विपरीत स्थिति में हार मानना समस्या का समाधान नहीं है।

# आईजीआरएस में श्रावस्ती फिर अव्वल

- मई माह की रिपोर्ट में शाहजहांपुर को दूसरा और अमेठी तीसरे स्थान पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस (इंटिग्रेटेड ग्रिवांस रीड्रेसल सिस्टम) की मई माह की रैंकिंग में जनशिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती ने फिर बाजी मारी है। वहीं, शाहजहांपुर ने दूसरा और अमेठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शिकायत निस्तारण को लेकर विशेष रणनीति अपनाई गई है। जिले में रोजाना सुबह 10 बजे जनसुनवाई होती है, जिसके बाद दिन भर प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की जाती है। वहीं लंबित मामलों की समीक्षा शाम 5 बजे और असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त प्रकरणों की गुणवत्ता का परीक्षण रात 9 बजे किया जाता है। इसके अलावा नोडल अधिकारियों के माध्यम से शिकायतों की गुणवत्ता की निरंतर निगरानी की जा रही है, जिससे निस्तारण की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो रही है। यही वजह है कि पिछले कई महीनों से श्रावस्ती जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण में टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है। द्विवेदी ने बताया कि मई की रिपोर्ट के अनुसार श्रावस्ती ने 140 पूर्णांक के सापेक्ष 137 प्राप्तांक प्राप्त किए हैं। वहीं श्रावस्ती का जनशिकायतों के निस्तारण का रेश्यो 97.86 प्रतिशत है, जो सबसे अधिक है।

इसके साथ ही आईजीआरएस की मई-25 की रिपोर्ट के अनुसार टॉप-5 जिलों में शाहजहांपुर (95.71 प्रतिशत) दूसरे, अमेठी (94.29 प्रतिशत) तीसरे, हमीरपुर (94.29 प्रतिशत) चौथे और अंबेडकरनगर 89.29 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इन जिलों ने न केवल शिकायतों को समय पर सुलझाया, बल्कि समाधान की गुणवत्ता को भी प्राथमिकता दी। वहीं छठे स्थान पर हाथरस, सातवें स्थान पर आजमगढ़, आठवें स्थान पर चंदौली, नौवे स्थान पर मैनपुरी और दसवें स्थान पर सिद्धार्थनगर है।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं की पोर्टल पर होगी निगरानी

- एक करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर करनी होगी अपलोड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में एक करोड़ से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की राज्य सरकार सीधे निगरानी करेगी, जिसके बाद परियोजना में आने वाली बाधाएं खत्म करने के साथ ही समय पर आवश्यक बजट भी मिलना आसान हो जाएगा। इसके लिए परियोजना प्रोजेक्ट मैनेजर को सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजना संबन्धी जानकारी अपलोड करनी होगी। इसके लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिया है।

नियोजन अनुभाग एक द्वारा गुरुवार को सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व सभी प्रबंध निदेशकों को जारी आदेश में थर्ड पार्टी क्वालिटी कंट्रोल रिपोर्ट को सीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि पोर्टल पर परियोजना की जानकारी अपडेट होने से परियोजना की प्रगति समीक्षा की जा सकेगी, तकनीकी दिक्कतों को दूर किया जा सकेगा, ताकि समय पर परियोजना पूर्ण हो सके।

**उम्मीद** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जताई संभावना

# यूपी को केंद्रीय करों में मिलेगा ज्यादा हिस्सा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने निकट भविष्य में उत्तर प्रदेश को केंद्रीय करों में ज्यादा हिस्सा मिलने की संभावना जताई है। सुरेश खन्ना के मुताबिक, बुधवार को 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के समक्ष केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 20.47 प्रतिशत करने की मांग की गई। आयोग से अपेक्षा की गई है कि राज्य को केंद्रीय करों में कम से कम 19.76 प्रतिशत की हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि अभी केंद्रीय करों से राज्यों को दी जाने वाली कुल धनराशि में से राज्य की हिस्सेदारी 17.93 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले दो महीने अप्रैल व मई में राजस्व प्राप्ति पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि बुधवार को केंद्रीय वित्त आयोग को मुख्यमंत्री योगी ने विस्तार से उप्र. की उपलब्धियों और आवश्यकताओं को बताया।

### आयोग की टीम सहमत नजर आई

वित्त मंत्री के मुताबिक, पौधरोपण पर उप्र. को ज्यादा महत्व देने की बात रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 200 करोड़ पौधरोपण किया गया, जिसमें से 70 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। प्रदेश में शहरीकरण बढ़ा है। मुख्यमंत्री की बातों से आयोग की टीम सहमत नजर आई। आयोग ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने अच्छा किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि आयोग ने जिस तरह से यूपी की तारीफ की उससे केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। दरअसल, उप्र. ने भी देश के कई अन्य राज्यों की तरह केंद्रीय करों में राज्यों के लिए निर्धारित 41 प्रतिशत धनराशि को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग को उठाया है।

### राजस्व से 35563.74 करोड़ रुपये आए

सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले दो महीने अप्रैल व मई में मुख्य कर व करेत्तर राजस्व से राज्य के खजाने में 35563.74 करोड़ रुपये आए। यह धनराशि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल व मई माह में मिले राजस्व से 1052.10 करोड़ रुपये अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष में मई तक 34511.64 करोड़ रुपये मिले थे। चालू वित्तीय वर्ष में मई तक जीएसटी से 14152.41 करोड़ रुपये, वैट से 4006.78 करोड़ रुपये, आबकारी से 9187.96 करोड़ रुपये, स्टांप तथा निबंधन से 5676.76 करोड़ रुपये, परिवहन से 1981.63 करोड़ रुपये तथा भूतत्व तथा खनिकर्म राजस्व के मद में 558.10 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में मई माह तक राजस्व प्राप्ति लक्ष्य 48535.87 करोड़ रुपये था जिसके मुकाबले 35563.74 करोड़ रुपये राजस्व हासिल हुए।

# पर्यावरण सुरक्षा को लेकर भाजपा के पास विजन नहीं

- करोड़ों रुपये का बजट बह गया फिर भी मां गंगा साफ नहीं हुई : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की विकास के लिए न तो कोई योजना है और नहीं जनजीवन की सुरक्षा के लिए कोई विजन है। पर्यावरण की समस्या वर्तमान की ज्वलंत समस्या है। वनसंपदा नष्ट होती जा रही है, नदियां सूख रही हैं, तालाब मिटते जा रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग से धरती पर जिंदगी खतरे में है।

सपा प्रमुख ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर जारी बयान में कहा कि नदियां जीवन देती है, किसी का जीवन लेती नहीं है। भाजपा सरकार गंगा-जमुना या गोमती पर सिर्फ सियासत करती है। नदी की सफाई की जगह केवल फंड का सफाया करना उसका ध्येय है। नदियों के नाम पर ठगने में भी भाजपा माहिर है। नमामि गंगे योजना में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। करोड़ों रुपये का बजट बह गया फिर भी मां गंगा साफ नहीं हुई। नमामि गंगे योजना जुमला बनकर न जाने कहां चली गयी है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

बादल छाए रहेंगे, बारिश होने की संभावना है।

| 38.0⁰ | 31.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## शहर में आज

- गोसाईंगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत मलूकपुर के सामुदायिक मिलन केंद्र पर जनकल्याणकारी योजनाओं का कैंप- 10:00 बजे।
- महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस- 10:00 बजे।
- लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर में योग संगम कार्यक्रम में योग और प्राणायाम के वैज्ञानिक महत्व पर चर्चा- 6:00 बजे।

## एक नजर

### परीक्षा का परिणाम जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालयों में सम सेमेस्टर 2025 की परीक्षाओं के परिणाम में एमबीए फाईनेंस और अकाउंटिंग सेकेंड सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया गया है। छात्र-छात्राएं अपने परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज बनीं संकायाध्यक्ष


डॉ. भुवनेश्वरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में कुलपति ने डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज को अभिनव गुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ एस्थेटिक्स एवं शैव फिलासफी संकाय को संकायाध्यक्ष के लिए स्वीकृत किया है। वह कार्यभार ग्रहण करने के दिन से तीन वर्ष तक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी।

### लविवि के 7 छात्रों का एचसीएल टेक में चयन

**अमृत विचार लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष (बैच 2025) के सात मेधावी छात्रों का चयन देश की प्रमुख आईटी कंपनी एचसीएल टेक में हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, अभियांत्रिकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. ए. के. सिंह और केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि एचसीएल टेक की बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन सुनिश्चित किया।

# 38 स्थानों पर छापेमारी बीज के 26 नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तहसील स्तर पर गठित की गईं टीमों ने चलाया जांच अभियान



**अमृत विचार :** जिले में छापेमारी से बीज विक्रेताओं में हड़कम्प मच गया। तहसील स्तर पर गठित टीमों ने 38 स्थलों पर छापा मारकर 26 बीज के नमूने लिए। गड़बड़ी मिलने पर एक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित कर दिया।

गुरुवार को शासन से खरीफ फसल के लिए आवंटित बीजों की पड़ताल कराने का प्रशासन को रेडियोग्राम मिला। इस क्रम में तत्काल जिलाधिकारी विशाख जी ने जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह और अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी के नेतृत्व में तहसील वार अधिकारियों की टीमें गठित की। टीमों ने थोक व फुटकर दुकान, गोदाम, उत्पादन इकाई समेत 38 स्थलों पर छापेमारी करके बीजों की गुणवत्ता, स्टॉक, बिक्री आदि की जांच की। प्रथमदृष्टया गड़बड़ी की आशंका पर 26 बीज के नमूने लिए। जो जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे।

वहीं, एक विक्रेता के यहां स्टॉक और बिक्री में काफी अंतर होने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया। जबकि दो विक्रेताओं को कार्रवाई की चेतावनी देकर अभिलेख जब्त किए गए।

# बकरीद पर कल शहर में बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सुबह 6 बजे से नमाज समाप्ति तक लागू रहेगा डायवर्जन

**अमृत विचार :** बकरीद के त्योहार पर शनिवार को सुबह 6 बजे से नमाज समाप्ति तक शहर की यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। इस दौरान वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग से जा सकेंगे।

गुरुवार को डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि नमाज के समय कई मार्गों पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। डीसीपी ने बताया कि डायवर्जन के दौरान अगर वैकल्पिक मार्ग पर वाहनों का दबाव रहता है।



इस स्थिति में इमरजेंसी वाहन जैसे एंबुलेंस, शव वाहन अथवा दमकल फंसा है तो उसके लिए संबंधित व्यक्ति को ट्रैफिक कंट्रोल रूम के नंबर 9454405155 पर फोन करना होगा। इसके बाद मौके पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी भेजकर वाहन को जाम से निकाला जाएगा। इसके अलावा अगर यातायात से संबंधित कोई अन्य समस्या है तो भी लोग यहां फोन कर सकते हैं।

### यहां सिर्फ नमाजियों के वाहन जाएंगे

- नाका से ऐशबाग
- यहियागंज से ईदगाह
- बुलाकी अड्डा तिराहे से लालमाधव
- मिल एरिया से बुलाकी अड्डा और तुलसीदास मार्ग तक
- यहियागंज वाटर बक्स रोड से ऐशबाग ईदगाह की ओर

### इन रास्तों पर रहेगी रोक

- चौक चौराहे से नीबू पार्क की तरफ।
- नाका से ऐशबाग ईदगाह की तरफ।
- यहियागंज से ऐशबाग ईदगाह की तरफ।
- कोनेश्वर चौराहे से बड़े इमामबाड़े की तरफ।
- नीबू पार्क चौराहे से बड़े इमामबाड़े की तरफ।
- चरक चौराहे से फूलमंडी, खुनखुन जी कॉलेज की तरफ।
- शाहमीना से पक्का पुल और टीले वाली मस्जिद की तरफ।
- पक्का पुल से खदरा बंधा और टीले वाली मस्जिद की तरफ।
- डालीगंज पुल से सीतापुर रोड होते हुए पक्का पुल की तरफ।
- लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) से ऐशबाग ईदगाह की तरफ।
- बुलाकी अड्डा तिराहे से लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) की तरफ।
- हरदोई रोड से आने वाले वाहनों पर टीले वाली मस्जिद की तरफ।
- सीतापुर रोड से आने वाले वाहनों पर डालीगंज तिराहे से पक्कापुल और टीले वाली मस्जिद की तरफ।

### यहां से जाएं

- रकाबगंज पुल से नक्खास के रास्ते।
- कोनेश्वर चौराहे से चरक चौराहा से।
- राजाजीपुरम से एवरेडी या मवैया के रास्ते।
- कोनेश्वर तिराहे से नया पक्कापुल के रास्ते।
- मेडिकल कॉलेज से कोनेश्वर चौराहा के रास्ते।
- रकाबगंज पुल, नत्था तिराहे से मवैया के रास्ते।
- आईटी चौराहे से कपूरथला या पुरनिया के रास्ते।
- पक्का पुल से पहले अथवा नया पक्का पुल के रास्ते।
- बुलाकी अड्डे से मिल एरिया, एवरेडी या मवैया के रास्ते।
- टिकैतराय तालाब से मिल एरिया, मवैया व एवरेडी से।
- कोनेश्वर चौराहे से चौक या मेडिकल कालेज चौराहे के रास्ते।
- मेडिकल कॉलेज से डालीगंज पुल या आइटी चौराहे के रास्ते।
- शाहमीना तिराहे से बाएं मेडिकल कालेज या कोनेश्वर चौराहा से।
- मवैया ओवर ब्रिज या लगड़ा फाटक होकर राजाजीपुरम के रास्ते।
- कोनेश्वर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल कॉलेज या नए पक्के पुल।
- डालीगंज रेलवे क्रासिंग से बाएं आठ नंबर चौराहा, निरालानगर या आइटी चौराहे से।

### यहां रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

- अंजुमन चौराहा से ऐशबाग ईदगाह की तरफ
- मोतीझील कॉलोनी से ऐशबाग ईदगाह की तरफ
- पीली कॉलोनी के अंदर से ऐशबाग ईदगाह की तरफ
- एसएन मिश्रा आवास तिराहे से ऐशबाग ईदगाह की तरफ
- गूंगा, बहरा व रस्तोगी इंटर कॉलेज से ऐशबाग ईदगाह तरफ

# आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे ढाई वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म

## खुलासे के लिए लगाई गईं पांच टीमें, दो टीमें सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केजीएमयू में भर्ती बच्ची की हालत नाजुक

▸▸ नीले रंग की स्कूटी सवार संदिग्ध फुटेज में कैद

**अमृत विचार:** आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे परिवार के साथ सो रही ढाई वर्ष की बच्ची उठाकर दरिंदे ने मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। सड़क किनारे खून से लथपथ कराह रही बच्ची को देख दिव्यांग ने उसके माता-पिता को सूचना दी। उन्होंने बच्ची को लोकबंधु अस्पताल अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे केजीएमयू रेफर कर दिया गया। बच्ची की हालत नाजुक है, उसके प्राइवेट पार्ट में गहरा घाव होने के साथ मल्टीपल इंजरी हैं। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव और अन्य अधिकारियों ने घटना का जायजा लेने के साथ अस्पताल जाकर डॉक्टर से जानकारी ली। पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कर खुलासे के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है।

उन्नाव निवासी एक परिवार लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में कूड़ा व कबाड़ बीनने का काम करता है। परिवार का मुखिया गर्भवती पत्नी, बेटी और ससुर के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे डेरा डाले है। बुधवार रात परिवार के सदस्य खाना खाने के बाद ढाई साल की बच्ची के साथ सो गए थे। रात करीब 2:30 बजे अज्ञात विकलांग ने परिवार को जगाकर बताया कि उनकी बच्ची सड़क किनारे पड़ी है। माता-पिता भागकर मौके पर पहुंचे, वहां बेटी खून से लथपथ पड़ी थी। उन्होंने बेटी को उठाकर खून रोकने के लिए कुछ उपाय किए। फिर उसे लोकबंधु अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया है, उसकी हालत गंभीर है। डाक्टरों ने बच्ची को केजीएमयू रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट में गहरा घाव होने के साथ मल्टीपल इंजरी हैं। डीसीपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। दो टीमें सीसी कैमरे खंगाल रही हैं, ताकि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जा सके। इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि 2:15 बजे एक सीसी कैमरे में नीले रंग की स्कूटी सवार संदिग्ध कैद हुआ है।


घटना स्थल पर जांच करते फोरेंसिक टीम के सदस्य। अमृत विचार

### एक से अधिक आरोपी तो नहीं हैं शामिल

अस्पताल प्रशासन ने पीड़ित परिजन को वन स्टॉप सेंटर भेजा। वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी ने आलमबाग पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद पीड़ित पिता को आलमबाग कोतवाली ले जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। घटनास्थल के पास मौजूद लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि बच्ची के साथ कहीं गैंगरेप तो नहीं किया है। क्योंकि बच्ची के प्राइवेट पार्ट पर मल्टीपल इंजरी है।

### फिर फेल हुए रात्रि गश्त के दावे

एक और वारदात ने पुलिस की रात्रि गश्त की हकीकत बयां कर दी। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर कमिश्नरेट पुलिस कभी-कभार देर रात चेकिंग अभियान चलाकर और फोटो वायरल कर फिर से सो जाती है। इससे पहले आलमबाग बस अड्डे से ही चलती ऑटो में युवती को अगवा कर मलिहाबाद में सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की जघन्य वारदात हुई थी। निर्देश हुए थे कि रात्रि चेकिंग में पुलिस मुस्तैद रहेगी। इसके बाद भी मेट्रो स्टेशन के नीचे रूह कंपा देने वाली वारदात हो गयी।

### रात में घूमते हैं अराजकतत्व

स्थानीय लोगों ने बताया कि आलमबाग मेट्रो स्टेशन व उसके आसपास अराजकतत्व रात भर घूमते रहते हैं। खासकर नशा करने वालों का जमावड़ा रहता है। आशंका व्यक्त की है कि इस वारदात में नशेड़ियों का ही हाथ है।

### नाना बोले कि दर्द से कराह रही थी बच्ची

नाना ने पुलिस को बताया कि सूचना मिलते ही नातिन को साथ लेकर बैठे तो कमर के नीचे के हिस्से में खून रुक नहीं रहा था। दर्द से बच्ची कराह रही थी। कपड़े से लपेटकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसका बहुत खून बह चुका था। देखते ही डॉक्टर ने कहा कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट में मल्टीपल इंजरी है, जिसके चलते तत्काल सर्जरी की जरूरत थी। इसी के चलते केजीएमयू ट्रामा सेंटर में पहुंचने के बाद उसे पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में भेजा गया है।

# विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बीकाम, बीए, एमए (इतिहास), एमकाम (वाणिज्य) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश आरंभ हो गया है। छात्र अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक काउन्सिलिंग सत्यापन हेतु उपस्थित हो। प्रदेश प्रथम आगत प्रथम स्वागत के आधार पर होंगे।

# नगर निगम में संपूर्ण समाधान दिवस आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। इसमें हाउस टैक्स, जल आपूर्ति, सफाई और सीवर से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा जीआईएस सर्वे के बाद बढ़े गृहकर, स्ट्रीट लाइट, सड़क मरम्मत आदि शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहरवासियों से अपील की है कि अपनी समस्या से संबंधित दस्तावेज लेकर समय पर पहुंचें, जिससे उनकी शिकायत का समाधान किया जा सके।

# फीस जमा होने के बावजूद प्रैक्टिकल से रोका, छात्र ने कर ली खुदकुशी

संवाददाता, चिनहट


मृतक शुभम

▸▸ कॉलेज के सिस्टम में अपडेट नहीं की गई थी जमा हुई फीस

▸▸ छात्र पर लगातार डाला जा रहा था फीस जमा करने का दबाव

**अमृत विचार:** जमा करने के बावजूद कॉलेज के सिस्टम में फीस पेंडिंग दिखने पर बी-फार्मा के छात्र को प्रेक्टिकल नहीं देने दिया। इससे आहत छात्र ने हास्टल के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस को कमरे में सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लिखा है कि कई बार पेंडिंग फीस को सही करवाने का प्रयास किया लेकिन कुछ नहीं हो पाया। लगातार फीस को लेकर दबाव डाला जा रहा था। साथी के खुदकुशी करने की सूचना पर हॉस्टल के बाहर इकट्ठा हुए छात्रों ने कालेज प्रबंधन के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। हास्टल वार्डन और पुलिस ने उन्हें शांत कराया।

छात्रों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि रायबरेली के उधाबंद दुधवन निवासी शुभम (22) देवां रोड स्थित समर्पण हॉस्पिटल इंस्टीट्यूट कालेज ऑफ फार्मेसी में बी-फार्मा का छात्र था। वह हॉस्टल के कमरा नंबर -109 में रहता था। शुभम प्रैक्टिकल देने के लिए पहुंचा था, लेकिन फीस जमा होने न पर उसे लौटा दिया गया। इसके बाद वह हॉस्टल लौट आया था। शिक्षक ने उसे फोन किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। शिक्षक ने उसके साथी प्रभात, आकाश और श्रीकांत हास्टल भेजा। कमरा अंदर से बंद देख कई बार दरवाजा खटखटाया, आवाज दी, लेकिन जवाब नहीं मिला।

साथियों ने दरवाजा तोड़ा तो शुभम रस्सी से बने फंदे पर पंखे से लटका रहा था। पास में एक सुसाइड नोट पड़ा था। छात्रों ने शव को नीचे उतारकर डॉयल 112 पर सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने रजिस्टर में लिखे सुसाइड नोट को कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि सुसाइड नोट में शुभम ने लिखा था कि मैंने कॉलेज में फीस जमा की थी, लेकिन सिस्टम में फीस पेंडिंग दिखा रही थी। मेरे दोस्त पता नहीं क्या सोचेंगे। सभी लोग मुझे माफ करना। पुलिस ने रायबरेली में परिजन को सूचना देकर बुलाया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि परिवार की तरफ से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एलडीए ने सील किए तीन निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रवर्तन जोन-1 में की गई कार्रवाई

▸▸ अवैध रूप से कराए जा रहे थे निर्माण कार्य

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को शहर में अभियान चलाकर गोमती नगर में तीन अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किए।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 में रवि प्रताप सिंह व अन्य द्वारा लगभग 150 वर्गमीटर में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसी तरह विक्रांत खंड में हरीश बागरी व अन्य द्वारा 300 वर्गमीटर में व्यवसायिक निर्माण व गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 में लगभग 200 वर्गमीटर में सुनील सिंह, सत्या जायसवाल व अन्य द्वारा व्यावसायिक निर्माण कराने पर सील कर दिए।


गोमती नगर विस्तार में सील किया गया निर्माण। अमृत विचार

# सोना एक लाख के पार, चांदी में भी उछाल

नीरज मिश्र, लखनऊ

▸▸ छह डिजिट में पहुंची दोनों धातुएं, रूस-यूक्रेन के बीच बढ़ती तल्खी ने बढ़ाई सोने-चांदी की कीमतें

▸▸ सामान्य ग्राहकों की संख्या में गिरावट आई, शेयर मार्केट भी लगातार टूट रहा

**अमृत विचार:** रूस-यूक्रेन के बीच बढ़ती तल्खी और तेज होते युद्ध का असर सर्राफा बाजार पर पड़ रहा है। सोना और चांदी की कीमतें एक लाख रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी हैं। जीएसटी समेत सोना 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,04,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया है। दोनों धातुओं की कीमतें अपने सर्वोच्च शिखर पर हैं।

बढ़ती कीमतों के कारण सामान्य ग्राहक बाजार से दूरी बना रहा है। कारोबारियों की चिंता यह है कि कहीं बाजार से ग्राहक गायब न हो जाएं।



### सोने का भाव

| माह | कीमत (प्रति 10 ग्राम) |
|---|---|
| 29 मई | 96,500 |
| 31 मई | 97,500 |
| 5 जून | 1,01,000 |



### चांदी का भाव

| माह | कीमत (प्रति किग्रा) |
|---|---|
| 29 मई | 98,700 |
| 31 मई | 99,000 |
| 5 जून | 1,04,000 |

### सोने चांदी में निवेश ज्यादा सुरक्षित मान रहे निवेशक


अनुराग रस्तोगी

बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के स्टेट हेड नार्थ इंडिया अनुराग रस्तोगी ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और उनके बीच बढ़ती तनातनी से फिर दोनों धातुओं के दाम बढ़ गए हैं। दोनों धातुएं नित नए रिकार्ड बना रही हैं। इससे सर्राफा बाजार के होश उड़े हैं। शेयर मार्केट टूट रहा है। ऐसे में स्वर्ण और चांदी में निवेश लोग ज्यादा सुरक्षित मान रहे हैं। फिलहाल दोनों धातुओं छह डिजिट के आंकड़े से काफी आगे निकल गई हैं।

नई व्यवस्था | पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने पुलिस लाइन में दिखाई हरी झंडी

# शहर को जाम से निजात दिलाएंगी 42 रेसर बाइक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

▸▸ सर्वाधिक जाम वाले चौराहों और ब्लैक स्पॉट पर संभालेंगे यातायात व्यवस्था

**अमृत विचार:** राजधानी को जाम से मुक्त कराने के लिए पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने 42 मोबाइल रेसर बाइक की एक टीम बनाई है। ये बाइक सवार पुलिस कर्मी सर्वाधिक जाम वाले चौराहों और ब्लैक स्पॉट पर तैनात रहेंगे। सुबह 9 से 11 और शाम 5 से 8 बजे तक लगने वाले जाम पर फोकस रहेगा। गुरुवार को पुलिस कमिश्नर ने पुलिस लाइन से मोबाइल रेसर बाइकों को हरी झंडी दिखाकर ड्यूटी प्वांट पर रवाना किया।

रिजर्व पुलिस लाइन संगोष्ठी हाल में पुलिस कमिश्नर ने रेसर मोबाइल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेसर बाइक अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हैं। इनकी मॉनिटरिंग आईटीएमएस कंट्रोल रूम से होगी। कुछ दिन पहले सर्वाधिक जाम वाले स्थलों और ब्लैक स्पॉट की सूची बनाई गई थी। उसके आधार पर ये प्लान बनाया गया है। चिह्नित स्थलों पर रेसर बाइक के पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये चौराहों को जाम से मुक्त कराएंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार भी मौजूद रहे। पुलिस उपायुक्त अपराध/यातायात कमलेश दीक्षित ने कमिश्नर का स्वागत किया।


रिजर्व पुलिस लाइन में रेसर बाइकों को हरी झंडी दिखाते पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर।

### रेसर बाइक की खास बात

इस रेसर बाइक जीपीएस सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, स्पीडो मीटर, ब्रीथ एनेलाइजर, मोबाइल से लैस हैं। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से इनकी लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी।

### छिनैती, लूट, सरेराह छेड़छाड़ जैसे अपराध करने वालों पर भी रखेंगे नजर

डीसीपी अपराध/यातायात कमलेश दीक्षित के मुताबिक आईटीएमएस कंट्रोल रूम से संचालित अत्याधुनिक कैमरों से इन रेसर बाइक की निगरानी की जाएगी। अगर राह चलते किसी के साथ छिनैती, लूट और छेड़छाड़ की घटनाएं होती हैं, खासकर बाजारों और स्कूलों के आस पास ऐसे में सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम में तैनात ऑपरेटर इन्हें अलर्ट करेगा। रेसर बाइक तत्काल मौके पर पहुंचेगी।

# दें सुझाव, प्राइम लोकेशन पर बनाएंगे अपार्टमेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एलडीए ने बहुमंजिला आवासीय परियोजनाओं का खोला डिमांड सर्वे

▸▸ योजना में गोमती नगर, विस्तार ऐशबाग व बसंतकुंज शामिल

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण घर खरीदारों की मांग के अनुरूप शहर के प्राइम लोकेशन पर अपार्टमेंट बनाएगा। फ्लैट कितने कमरों का होगा, रहन-सहन के क्या मानक होंगे, सोसाइटी में कैसी सुविधाएं रहेंगी, यह घर खरीदार खुद तय करेंगे। इसके लिए गुरुवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने चार स्थानों पर बहुमंजिला आवासीय परियोजनाओं का डिमांड सर्वे लाइव करके सुझाव मांगे हैं।

उपाध्यक्ष ने बताया कि गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, ऐशबाग व बसंतकुंज योजना में बहुमंजिला आवासीय भवनों के निर्माण के लिए लोगों से सुझाव लेंगे। डिमांड सर्वे के माध्यम से नागरिकों की प्राथमिकताओं, उनकी आय क्षमता, फ्लैट की श्रेणी (1बीएचके, 2बीएचके, 3बीएचके) आदि की जानकारी जुटायी जाएगी। यह सर्वे पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन कराया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें भाग लेकर अपने सुझाव दें सकें। सुझावों के आधार पर ही परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बहुमंजिला आवासीय भवनों के लिए प्रस्तावित यह चार स्थान शहर की मुख्य धारा से जुड़े हुए हैं। जहां बेहतर सड़क कनेक्टिविटी, शैक्षिक संस्थान, स्वास्थ्य सुविधाएं और सार्वजनिक परिवहन सुलभ हैं। गोमती नगर और विस्तार पहले से ही राजधानी के सर्वाधिक विकसित क्षेत्र में शामिल है। वहीं, ऐशबाग और बसंतकुंज में आवासीय परियोजना के लिए चिन्हित की गयी भूमि भी प्राइम लोकेशन पर है।

### इस वेबसाइट से करें आवेदन

https://registration.ldalucknow.in

### निर्माण प्रस्तावित, तय करें सुविधाएं

गोमती नगर के विराज खंड में लगभग 4.1 एकड़, विस्तार के सेक्टर-4 में राप्ति अपार्टमेंट के पास लगभग 3.6 एकड़, ऐशबाग में मिल रोड पर लगभग 3.97 एकड़ और बसंतकुंज के सेक्टर-जे में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने लगभग 8.4 एकड़ भूमि पर अपार्टमेंट का निर्माण प्रस्तावित है। सोसाइटी में हरित क्षेत्र, पार्किंग, बच्चों के लिए प्ले-एरिया, सामुदायिक केंद्र, लिफ्ट, जल संरक्षण समेत अन्य क्या-क्या सुविधाएं आवश्यक हैं, ये नागरिक अपने सुझाव में बता सकेंगे।

## एक नजर

### योगी के जन्मदिन पर श्याम परिवार ने दिए वाटर कूलर

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्याम परिवार की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर लखनऊ महानगर में चार स्थानों पर वॉटर कूलर लगाने एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा के साथ महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, अनुराग साहू, आशीष अग्रवाल और प्रियंक गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक डॉ. नीरज बोरा ने प्रबंधक शुभम सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार गुप्ता, शिक्षक राजीव गुप्ता को वॉटर कूलर देकर की। श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि श्याम परिवार के सदस्य विनोद अग्रवाल ने दो वाटर कूलर एवं एक अवधेश अग्रवाल की ओर से दिया गया। जिसे लखनऊ महानगर और हजरतगंज कोतवाली परिक्षेत्र में लगाया जाएगा।

### निर्जला एकादशी व्रत आज और कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** निर्जला एकादशी व्रत इस बार दो दिन 6 और 7 जून को होगा। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि 24 एकादशी व्रतों में निर्जला एकादशी व्रत सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस बार जेष्ठ महीने की एकादशी 5 जून को रात 2:15 बजे लगेगी और 7 जून को सुबह 4:47 बजे तक रहेगी। उदया तिथि में 6 जून शुक्रवार को गृहस्थ व्रत रखेंगे। शनिवार को रवि योग बन रहा है। यह योग सुबह 5:23 बजे से 6:34 बजे तक रहेगा। वैष्णव लोग 7 जून व्रत रखेंगे। मान्यताओं के अनुसार निर्जला एकादशी पर व्रत रखने से सभी 24 एकादशी व्रत का फल प्राप्त होता है। निर्जला एकादशी पर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी की उपासना करने से विशेष लाभ मिलता है। बिना अन्न और जल के व्रत रखें और हरि का स्मरण करें। इस व्रत को भीमसेन ने भी किया था, इसलिए इसे भीमसेनी एकादशी भी करते हैं।

# टीले वाली मस्जिद में 9 और ईदगाह ऐशबाग में 10 बजे होगी नमाज

## ईद-उल-अजहा पर राजधानी की मस्जिदों में नमाज का समय तय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। राजधानी की तमाम मस्जिदों में नमाज का समय तय हो गया है। सबसे बड़ी नमाज ईदगाह ऐशबाग, आसिफी मस्जिद और टीले वाली मस्जिद में होगी। टीले वाली मस्जिद में सुबह 9 बजे, ईदगाह ऐशबाग में सुबह 10 बजे और आसिफी मस्जिद में पूर्वाह्न 11 बजे नमाज अदा की जाएगी।

इसके अलावा राजधानी की प्रमुख मस्जिदों में इमामबाड़ा आगा बाकर, चौक में सुबह 6 बजे, हैदरी मस्जिद, नक्खास में सुबह 6 बजे, मस्जिद अलवी, हाता संगीबेग में सुबह 7 बजे, मस्जिद हमज़ा, जलालपुर, राजाजीपुरम में सुबह 7 बजे, मस्जिद एक मीनारा, अकबरीगेट में सुबह 7 बजे, मस्जिद नदवातुल उलमा, मस्जिद तकवियतुल ईमान, नादान महल रोड और मस्जिद कादर खां, तालकटोरा, रौजा-ए-हजरत अली, सरफराजगंज, मस्जिद मोल्सारी, रॉकेट लांड्री में सुबह 7:30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज होगी।

इमामबाड़ा तकी साहब, अकबरी गेट, छोटी मस्जिद, हसन पुरिया, इमामबाड़ा बिल्कीस जहां, सरफराजगंज, मस्जिद जहरा हाता मिर्जा अली खां, मस्जिद मकबरा आलिया गोलागंज, मस्जिद चांद वाली तालकटोरा और मस्जिद बिस्मिल्लाह शाह चौपटिया में नमाज सुबह 8 बजे होगी। मस्जिद जूनूबी कर्बला तालकटोरा, मस्जिद पत्थर वाली शीशमहल, मस्जिद-ए-नबवी, मंसूर नगर, दरगाह शाहमीना शाह, जिन्नातों वाली मस्जिद सरफराजगंज और मस्जिद अंजुमन चश्मे कौसर, वजीरबाग में बकरीद की नमाज सुबह 8:30 बजे होगी। मस्जिद मीर हैदर हुसैन राकेट लांड्री और मस्जिदे मोहम्मदी सराय देहली दरवाजा में नमाज सुबह 10:30 बजे होगी।

**इन मस्जिदों में 9 बजे होगी नमाज :** नूरानी मस्जिद पीपल क्रासिंग मुफ्तीगंज, मस्जिद तहसीन चौक, मस्जिद मीर रूस्तम नगर, मस्जिदे अबुतालिब मछली मंडी दुबग्गा, शाही मस्जिद रईस मंजिल, मस्जिद जमानी गोलागंज, मस्जिद दाया मिशरी कंघी वाली गली, मस्जिद कर्बला अजमतुद्दौला मेहदीगंज, वक्फ मोहम्मद हाजी अली मिस्त्री, मस्जिद नवाब घसीटा नूरबाड़ी, मस्जिद ममोला पाटानाला, रौजा-ए-फातमैन रुस्तम नगर, मस्जिद मुफ्ती आजम बजाजा, खुमैनी मस्जिद हसनपुरिया, मस्जिद इमाम मेहदी इस्मत कालोनी, रौजा-ए- जैनबिया टिकैतराय तालाब और मस्जिद रिक्की साहिबा झवारइंटोला में नमाज सुबह 9 बजे होगी।

**इन मस्जिदों में होगी 9:30 बजे :** मस्जिद एक मीनारा काले की गली, मुर्शद की मस्जिद दरगाह रोड, मस्जिद मकसदे हुसैनी, नैपियर रोड, मस्जिद हैदर मिर्जा गोलागंज, सज्जादिया मस्जिद आलमनगर, मस्जिदे मोहम्मदी पानदरीबा, सआदतगंज, मस्जिदे मालकी चिड़िया बाजार ढाल में बकरीद की नमाज सुबह 9:30 बजे होगी।

**इन मस्जिदों में होगी 10 बजे :** जिन्नातों वाली मस्जिद-2 सरफराजगंज, दरिया वाली मस्जिद, मस्जिद मरियम जहां इमाम का चबूतरा, मशहदी मस्जिद तालकटोरा रोड, जामा मस्जिद तहसीनगंज, जन्नत की खिड़की चौक, हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग, मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर, हैदरी मस्जिद झाकड़बाग, मस्जिद हैदरी शाही खैरातखाना, मस्जिद मुंशी फजले हुसैन हैदरगंज, मस्जिदे कूफा, काजमैन, दरगाह हजरत अब्बास रुस्तमनगर, इमामिया मस्जिद, सुनारों वाली गली, मस्जिद खाके पाक त्रिवेणीगंज और मस्जिद मोलसिरी नक्खास में नमाज सुबह 10 बजे होगी।

### बकरीद की नमाज के पहले की गई कुर्बानी जायज नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** दारुल उलूम निजामिया फिरंगी महल की ईद-उल-अजहा के लिए चल रही हेल्पलाइन कुर्बानी, हज व उमरा और अन्य समस्याओं से सम्बंधित सवालात के जवाब दिये जा रहे हैं। लोगों की जिज्ञासाओं के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली की अध्यक्षता में धर्मगुरुओं का पैनल दे रहा है। हेल्पलाइन पर एक व्यक्ति ने सवाल किया कि अगर कोई शख्स ईद-उल-अजहा की नमाज से पहले कुर्बानी कर ले तो क्या यह सही है? इसके जवाब में बताया गया कि नमाज के बाद दूसरा जानवर लेकर दोबारा कुर्बानी करनी होगी। एक व्यक्ति ने सवाल पूछा कि उसने कुर्बानी के लिए जो बकरा लिया है उसके कान पैदाइशी बहुत छोटे हैं। क्या उसकी कुर्बानी सही है। जवाब में बताया गया कि कुर्बानी सही होगी।

### महिलाओं के लिए नमाज का विशेष इंतजाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऐतिहासिक ऐशबाग ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज की तैयारियों के संबंध में ईदगाह कमेटी और इस्लामिक सेन्टर ऑफ इंडिया फिरंगी महल के सदस्यों की एक अहम बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने मुसलमानों से अपील की कि वह पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की पैरवी करते हुए ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करें। मौलाना ने बताया कि ईद-उल-अज़हा की नमाज में महिलाओं के लिए विशेष इंतजाम किया गया है। ईदगाह में नमाज सुबह 10 बजे होगी। बैठक में मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी, मौलाना मोहम्मद मुश्ताक, मौलाना सुफयान निजामी, मौलाना अब्दुल लतीफ, सैफ वारसी, मुनीब अलवी, खालिद उमर, शेख राशिद अली मीनाई, अदनान शाहिद खां, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद एजाज और फैसल मकबूल मौजूद रहे।



पक्का पुल के निकट गोमती किनारे लगी मंडी में बकरीद के लिए बकरे की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

# गंदगी मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बकरीद के त्योहार पर सफाई व्यवस्था का नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को जोन-6 के बुनियादबाग और कश्मीरी मोहल्ला वार्ड और जोन-2 के बिल्लौचपुरा और राजाबाजार वार्ड का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कहीं गंदगी पायी जाती है तो कार्यदायी संस्था और सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया।



जोन-6 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नगर आयुक्त। अमृत विचार

# राजधानी में सज गए बकरों के बाजार

- रूमी गेट, पक्के पुल के नीचे और दुबग्गा में सजीं मंडियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बकरीद के मद्देनजर राजधानी में बकरों का बाजार सज गया है। कुर्बानी के लिए बकरों के खरीददार रूमी गेट, पक्के पुल के नीचे गोमती तट और दुबग्गा में सजी बकरा मंडियों में अपनी मर्जी का बकरा तलाशने में लगे हैं।

बकरीद कुर्बानी का त्यौहार है। यह अल्लाह की राह में कुर्बानी है। कुर्बानी का गोश्त दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ ही गरीबों और जरूरतमंदों में वितरित किया जाता है। कुर्बानी के जानवर की खाल से मिलने वाला धन अनाथालयों में दिया जाता है।

कुर्बानी के जानवर के लिए सबसे बड़ी शर्त यह होती है कि जानवर में कोई कमी न हो और उसकी उम्र एक साल से कम न हो। इस वजह से खरीददार कुर्बानी के लिए बकरा खरीदते वक्त दाम पूछने से पहले यह देखते हैं कि उसमें कोई कमी तो नहीं है। कुर्बानी का बकरा मजबूत कदकाठी का हो, देखने में अच्छा हो, इस पर ग्राहकों का खास ध्यान होने की वजह से बकरा बेचने वाले भी बकरों की देखभाल इस अंदाज में करते हैं कि उनका बकरा दूसरे बकरों से ज्यादा अच्छा हो। इस बार के बकरा बाजार में अच्छे बकरों की कमी नहीं है।

## सार-संक्षेप

### व्यापार मंडल ने सिद्धनाथ मंदिर में लगवाया वाटर कूलर

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री सिद्धनाथ मंदिर प्रांगण में गुरुवार को जिलाधिकारी विशाख जी ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया। यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमर नाथ मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी की अपील पर यहियागंज के युवा अध्यक्ष कुश मिश्र ने वाटर कूलर के लिए शशिकान्त श्रीवास्तव से संपर्क किया। उन्होंने अपने एंजल्स फाउंडेशन के माध्यम से वाटर कूलर श्री सिद्धनाथ मंदिर ट्रस्ट को उपलब्ध कराया। लोकार्पण अवसर पर ट्रस्ट के प्रबंधक मनोज अग्रवाल, महामंत्री समीर जैन, नरेश कुमार, अमित गुप्ता, ओम प्रकाश ठाकुर, शुभम, अभिषेक यादव, मनु अग्रवाल, संदीप वर्मा, दिवाकर बाजपेयी, सोनू दीक्षित, जय, अमित टंडन संदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



वाटर कूलर का लोकार्पण करते जिलाधिकारी विशाख जी और व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा।

### सार्वजनिक स्थलों से आश्रयहीन 39 लोगों को किया रेस्क्यू

**अमृत विचार, लखनऊ :** आश्रयहीन एवं असहाय व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए गुरुवार को जिला प्रशासन और पुलिस ने अपना घर आश्रम संस्था के सहयोग से अभियान चलाया। रूट 1 के अन्तर्गत हनुमंत धाम से हनुमान सेतु, बादशाहनगर, भूतनाथ, पालीटेक्निक, कमता, हाईकोर्ट, आईजीपी तक तथा रूट नंबर 2 में हुसड़िया, डिवाइन हॉस्पिटल, मधुरिमा, आंबेडकर पार्क, राममनोहर लोहिया अस्पताल तक क्षेत्रों में अभियान चलाकर 39 व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया। इनमें 4 महिलाएं और 35 पुरुष वृद्धजन शामिल हैं। अभियान में जिलाधिकारी विशाख जी व मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने भूतनाथ मार्केट के आस-पास उपस्थित होकर निरीक्षण किया। अभियान में अपर पुलिस उपायुक्त, अपर नगर मजिस्ट्रेट, जिला प्रोबेशन अधिकारी, समस्त क्षेत्र के थाना प्रभारी, स्वैच्छिक संस्था अपना घर आश्रम, उम्मीद संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### समर कार्निवाल में आकर्षण का केंद्र रही अंताक्षरी प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवाल में झूला मस्ती, फूड स्टाल, सांस्कृतिक मंच, फर्नीचर, क्राकरी, सभी आयु वर्गों के शानदार परिधानों की रेंज, इत्र, सजने संवरने के सभी उत्पाद, आइसक्रीम, कुल्फी, चाय, कॉफी के साथ पिज्जा-बर्गर सब उपलब्ध है। 24 जून तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रगति इवेंट तथा जेटक की तरफ से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में तुलसी, आम व आंवला के पौधों का वितरण किया गया। यूपी दर्शन पार्क में आंवला, नीम, आम, चीकू और बेल के पौधों का रोपण किया गया। सांस्कृतिक मंच पर विशेष रूप से अन्त्याक्षरी का कार्यक्रम तबस्सुम खान के निर्देशन में संचालित किया गया। आज यहां मुशायरा भी आकर्षण का केंद्र रहा। प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एनबी सिंह, जेटेक की तरफ से अभिषेक सूरज सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। कृष्णानंद राय ने अपने गीतों के माध्यम से प्लास्टिक हटाओ पौधा लगाओ का संदेश दिया।

### आरपीआई ने निकाली विजय यात्रा




विजय यात्रा निकालते रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) ने भारतीय सेनाओं के शौर्य और अदम्य साहस को नमन करते हुए भारत विजय यात्रा निकाली। यात्रा की शुरुआत शाम 4 बजे कसमंडा स्थित आरपीआई प्रदेश कार्यालय से होते हुए यह यात्रा हजरतगंज चौराहा, हलवासिया तिराहा, नाजा मार्केट, लालबाग चौराहा, नगर निगम कार्यालय, दारूलशफा होते हुए हजरतगंज चौराहे पर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर समाप्त हुई। यात्रा में पाकिस्तान मुर्दाबाद, पीओके लेकर रहेंगे जैसे लगाये गये। आरपीआई उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि आरपीआई की ओर से प्रदेश के हर जिले में भारतीय सेनाओं के अदम्य साहस और शौर्य को नमन करने के लिए भारत विजय यात्रा निकाली जा रही है। इस दौरान लखनऊ महानगर अध्यक्ष आरके गौतम, प्रदेश सचिव राम अवध, प्रदेश सचिव सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# रिंग रोड नाले पर डाली स्लैब, खोल दिए शोरूम व अस्पताल

- देखते रहे नगर निगम के अभियंता, होता रहा अतिक्रमण
- किए जा रहे अवैध निर्माण, न चेते तो पूरा नाला जाएगा ढक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** रिंग रोड स्थित टेढ़ी पुलिया के पास नाले पर दुकानदारों ने स्लैब डाल शोरूम और अस्पताल खोल दिए हैं। टाटा मोटर शोरूम और जगरानी अस्पताल ने नाले पर अतिक्रमण कर स्लैब डाल कब्जा कर लिया है। नगर निगम के जिम्मेदार अभियंता नाले पर अतिक्रमण होता देखते रहे। लेकिन अब तक नाले पर अवैध निर्माण पर ब्रेक नहीं लग पाया है।

जल्द ही न चेते तो पूरे नाले पर ही स्लैब पड़ जाएगी। इससे क्षेत्र की जलनिकासी का एकमात्र बड़ा नाला बंद होता जा रहा है। इससे नाला सफाई में समस्या हो रही है। ऐसे में इससे जुड़े इलाकों में बारिश से जलभराव होना तय है। नगर निगम का इंजीनियरिंग विभाग और आरआर विभाग संयुक्त रूप से इस नाले की सफाई का दावा कर रहे हैं। सवाल उठता है कि जब यह नाला अरसे से अतिक्रमण की भेंट चढ़ा है तो फिर नाले की सफाई कैसे हो गई।



नाले पर किया गया अवैध कब्जा व जमा गंदगी। अमृत विचार



नाले के ऊपर बना जगरानी हॉस्पिटल का वाहन स्टैंड।



रिंग रोड के नाले पर स्लैब डालकर बनाया गया होटल।

### नाला सफाई में अतिक्रमण बनेगा बाधा

शहर में घनी आबादी के बीच कई बड़े नालों पर अतिक्रमण हो चुके हैं। इससे नालों की सफाई नहीं हो पाती है। नाले चोक होने से बारिश में हर बार शहर में जलभराव होता है। रिंग रोड स्थित नाले पर भी नगर निगम के अभियंताओं की आंखों के सामने अतिक्रमण होता जा रहा है। यदि अभी रोक नहीं लगाई गयी तो नाला सफाई में अतिक्रमण बाधा बनेंगे। जिन दुकानदारों ने नाले पर अतिक्रमण किये हैं उन्हें ध्वस्त करने के साथ अब नाले पर अवैध निर्माण न हों इसके लिए जिम्मेदारों को सख्त कदम उठाने होंगे।

### नाले सिल्ट से फुल, कागजों पर सफाई और बजट की बंदरबांट

रिंग रोड स्थित यह नाला अभी कई जगह से खुला पड़ा है। नाले में ही क्षेत्रीय निवासी और दुकानदार कूड़ा उड़ेल देते हैं। इससे नाले में जगह-जगह सिल्ट और कूड़ा जमा है। चाय के कप, प्लेट और कूड़े से नाला कई जगह चोक है। जबकि अभियंता 15 दिन पहले ही नाले की सफाई का दावा कर रहे हैं। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि इस गहरे नाले की सफाई के नाम पर केवल ऊपर की ओर गंदगी निकाली गई। जबकि नाले की तलीझार सफाई कर सिल्ट नहीं निकाली गई है। आरोप है कि केवल कागजों पर नाला सफाई की जाती है। अभियंता और ठेकेदार मिलकर नाला सफाई के बजट की बंदरबांट करते हैं।

### आंदोलन करेगी हिंद मजदूर सभा

**अमृत विचार :** प्रदेश में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के क्षेत्र में आने वाले 74 उद्योगों, 50 से अधिक श्रमिकों को नियोजित करने वाले उद्योग के श्रमिकों का वेतन पुनरीक्षण में किए जा रहे विलम्ब के खिलाफ हिंद मज़दूर सभा जल्दी ही प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी।

**सूचना**

हम सोमेश राय पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ राय पत्नी श्रीमती राधिका देवी पत्नी सोमेश राय, निवासी-568ख/29सी व नया म.न. 568ख/95, गीतापल्ली आलमबाग थाना कृष्णानगर लखनऊ के है। हम अपने बड़े पुत्र डॉक्टर संतोष राय व बड़ी पुत्रवधू श्रीमती रितू राय के गलत चाल चलन और अभद्रतापूर्ण व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य वह लेनदेन से हम लोगों का कोई भी वास्ता नहीं रहेगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन :** लखनऊ-पू०उ०रे० -मण्डल-वाणिज्य/ पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं० :** LJN-ADVT-07-25, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि :** 02-06-2025 समय: 13.10 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) :** 18-06-2025 समय: 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय :** 18-06-2025 समय: 13:50 बजे, **नीलामी का प्रकार :** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वा०- 58 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



प्रेस क्लब में श्रीमद्भागवत गीता के अनुवाद का लोकार्पण करते अतिथि। अमृत विचार

# भगवतगीता के हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी अनुवाद का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय परम्परा और राष्ट्रवाद अध्ययन केंद्र की ओर से श्रीमद्भागवत गीता के हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी अनुवाद का लोकार्पण किया गया। मेराज अहमद अंसारी उर्फ़ दाराशिकोह द्वारा किये गये अनुवाद का लोकार्पण उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में किया गया। अवध के बादशाह मोहम्मद अली शाह के वंशज नवाब असद और आदि शक्ति मां सिद्ध पीठ के संस्थापक सुभाष मिश्रा उर्फ़ राजू पंडित ने पुस्तक का लोकार्पण किया।

वक्ताओं ने कहा कि मेराज अहमद अंसारी ने श्रीमद्भागवत के एक अध्याय का तीन भाषाओं में अनुवाद कर हिन्दू-मुस्लिम एकता को मजबूत करने का काम किया है। मेराज अहमद ने कहा कि सनातन बहुत सम्मानजनक शब्द है। सनातन के सम्मान के लिए ही उन्होंने यह बीड़ा उठाया।

# प्राइवेट बस अड्डे बनाने को दी जाएगी अनुमति

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र में निजी निवेश से स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व आल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीति 2025 के क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

इसमें जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में स्टेज कैरिज बसों के लिए बस स्टेशन मुख्यतः उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा निर्मित हैं। निजी बसें अधिकांशतः सड़कों पर अथवा खुले सार्वजनिक स्थानों में खड़ी की जाती है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस अड्डों पर बसों की संख्या के अनुरूप पर्याप्त पार्किंग स्थान उपलब्ध न होने के कारण परिवहन निगम की बसों को भी प्रायः सड़कों पर खड़ा देखा जा सकता है। इन नवीन प्रोत्साहनों के फलस्वरूप कुल पंजीकृत ऑल इण्डिया टूरिस्ट बसों की संख्या में भी वृद्धि हुयी है और इसी के साथ इनकी पार्किंग के लिए ऑल इण्डिया टूरिस्ट बस पार्क एवं निजी बस अड्डों की स्थापना की आवश्यकता प्रतीत हो रही है। अन्तर्राष्ट्रीय व अन्तर्राज्यीय पर्यटकों को होटल तक पहुंचाने के उपरान्त बसें प्रायः होटल परिसर के बाहर ही खड़ी हो जाती हैं।

इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी क्षेत्र में बस स्टेशन का निर्माण व रि-मॉडलिंग शासकीय बजट से अथवा पीपीपी मॉडल के आधार पर किया जा रहा है। निजी क्षेत्र में निजी निवेश से स्टेज कैरिज बस अड्डा की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रण एवं स्थापना संबंधी प्रक्रियात्मक कार्य जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित बस स्टैण्ड व बस पार्क नियामक प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

नीति के अनुसार सड़कों पर खड़ी होने वाली बसों के लिए प्राइवेट बस अड्डे बनाने के लिए जिला प्रशासन से अनुमति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा मास्टर प्लान में चिन्हित बस टर्मिनल की भूमि और नगर निगम की भूमि का भी प्रयोग किया जा सकता है। सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बताया कि उनके मास्टर प्लान में 165 एकड़ प्राइवेट भूमि बस अड्डे के रूप में चिन्हित की गई है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राधिकरण द्वारा चिन्हित एवं आरक्षित 165 एकड़ भूमि की जांच संबंधित तहसील से कराई जाए एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण में समस्त स्टेक होल्डर्स की बैठक आहूत की जाए। जिसके उपरांत समिति की बैठक इच्छुक डेवलपर के साथ 20 जून तक आयोजित की जाए।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मेरे सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम खेम राज राजपूत (KHEM RAJ RAJPUT) जन्मतिथि -10-10-1959 दर्ज है। जबकि मेरा शुद्ध व सही नाम खेमराज राजपूत (KHEMRAJ RAJPUT) है। इसी तरह मेरी पत्नी का नाम भी बिमाला राजपूत (BIMALA RAJPUT) जन्मतिथि- 01-07-1963 दर्ज है। जबकि शुद्ध व सही नाम बिमला राजपूत (BIMLA RAJPUT) है। **खेमराज राजपूत पुत्र स्व0 श्री बत्तू लाल राजपूत निवासी- गदनपुर पोस्ट- फफूँद तहसील एवं जिला- औरैया (उ0प्र0)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत गौसगंज विकास खण्ड कछौना की प्रस्तावित बहुउद्देशिय मत्स्य जीवी सहकारी समिति ली0 ग्राम पचांयत गौसगंज विकास खंड कछौना तहसील सण्डीला जनपद हरदोई के गठन हेतु दिनांक 07/06/2025 व 09/06/2025 व 11/06/2025 को स्थान अरविन्द कुमार के आवास के बाहरी प्रांगण मे कटरा गौसगंज मे खुली बैठक का आयोजन किया जा रहा है ग्राम पंचायत मे आने वाले सभी मजरो के ग्राम वासियों से विनती है की खुली बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**निवेदक**
**प्रस्तावित बहुउद्देशिय मत्स्य जीवी सहाकारी सीमित लि0**
**ग्राम पंचायत गौसगंज, विकासखंड कछौना, जनपद- हरदोई**

**सूचना**

मेरी पुत्री का खाता उप डाकघर मगरवारा, उन्नाव में 'सुकन्या समृद्धि योजना' के अंतर्गत अविका गौतम नाम से संचालित है, जबकि अन्य समस्त शैक्षिक व सरकारी अभिलेख अविका सिंह नाम से हैं। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरी पुत्री को अविका सिंह नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **ज्योति पत्नी अरविंद कुमार, निवासी ग्राम दुर्गनखेड़ा, मजरा मसवासी, थाना कोतवाली सदर, जिला उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **लिशा अजमानी पुत्रीअमर जीत सिंह अजमानी निवासी मकान सं0-288/ए, निकट गौरी फाटक, धर्मशाला रोड हरदोई उ0प्र0-241001** मेरे आधार कार्ड सं0 2332 5631 0122 में मेरा नाम लिशा (LISHA) अंकित है और पिता के नाम में सरनेम अजमानी अंकित है। अत: मेरे आधार कार्ड में अंकित अपने नाम में संशोधन कराकर लिशा के स्थान पर लिशा अजमानी (LISHA AJMANI) अंकित किया जाय तथा भविष्य में मुझे लिशा अजमानी (LISHA AJMANI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम अनिकेत दूबे, पिता का नाम हनुमन्त लाल दूबे व माता का नाम राजकुमारी दूबे अंकित हो गया है। जबकि वास्तविक रूप से मेरा नाम अभिषेक कुमार गुप्ता, पिता का नाम हनुमन्त लाल व माता का नाम राजकुमारी है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाय।

## जागरुकता का संदेश



विश्व पर्यावरण दिवस पर लखनऊ की मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब, नगर आयुक्त गौरव कुमार और ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने ईदगाह लखनऊ में पौधा रोपण किया। उन्होंने लोगों से अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा करने की अपील की।

### समाजवादी छात्र सभा ने किया पौधारोपण

**अमृत विचार लखनऊ :** समाजवादी छात्र सभा लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया व वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय समाजवादी छात्र सभा के इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार के देखरेख में हुआ। इस दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. राम मिलन यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे और छात्रों सतत विकास के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अक्षय यादव, इकाई महासचिव रजत अग्रहरि, इकाई उपाध्यक्ष रोहित यादव, शिवाजी यादव, आदित्य पांडे, धर्मेंद्र कुमार, अक्षत पांडे, सत्यम राज पटेल, अभय राज, सुजीत कुमार, शिवा श्रीवास्तव, रोहित, ऋषभ गुप्ता, आरुष जैसवाल, रोहित कुमार, आर्यन यादव, प्रिंस यादव, सूरज सिंह मौजूद रहे।

### टेरिटोरियल आर्मी ने गऊघाट पर लगाए पौधे



सफाई करते टेरिटोरियल आर्मी के सदस्य और अन्य लोग।

**अमृत विचार, लखनऊ :** 137 कॉम्पोजिट इकोलॉजिकल टास्क फोर्स बटालियन (टेरिटोरियल आर्मी) 39 गोरखा राइफल्स की गोमती टास्क फोर्स ने गऊघाट पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। राज्य मिशन फॉर क्लीन गंगा, जिला गंगा समिति, अवध वन विभाग और एक्सिस बैंक के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण से मुकाबला विषय पर किया गया। प्लास्टिक अपशिष्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। स्थानीय निवासी, छात्रों और स्वयंसेवकों ने नदी किनारे सफाई अभियान में भागीदारी की और पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित किया।

### रोटी कपड़ा फाउंडेशन ने दिए 251 पौधे



पौधे वितरित करते फाउंडेशन के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार लखनऊ :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रोटी कपड़ा फाउंडेशन ने गुरुवार को लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में वृक्ष भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर फाउंडेशन ने 251 पौधों का वितरण किया। रोटी कपड़ा फाउंडेशन ने प्रमुख रूप से मीठी नीम, नीम, तुलसी, कदंब, कनेर, सहजन, पीपल और अनार के पेड़ वितरित किये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश आनंद, रिद्धि किशोर गौड़, आशीष अग्रवाल, अलकेश सोती, प्रमित सिंह, आकांक्षा आनंद, हेमा पांडे, ज्योति सिंह और अजय मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे। सभी को पेड़ लगाने और पर्यवरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाया गया।

### चलती मेट्रो में हुई ड्राइंग प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर ''पर्यावरण सोसाइटी'' के सहयोग से यात्रियों को पक्षियों के लिए पानी के बर्तन वितरित किए। वहीं दीया बाती फाउंडेशन के साथ एक और कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां फाउंडेशन के 15 बच्चों को भूतनाथ मेट्रो स्टेशन से सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन तक और वापस मुफ्त मेट्रो का सफर कराया गया। चलती मेट्रो के अंदर एक ड्राइंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने सुंदर कलाकृतियां बनाकर पर्यावरण को संवारने का संदेश दिया।

### आईआरआईटीएम परिसर में पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान (आईआरआईटीएम) ने गुरुवार को परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी ने कर्मचारियों के साथ मिलकर सागौन, कचनार, नीबू, कदंब सहित अन्य पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि परिवहन का भविष्य प्रकृति के साथ सामंजस्य में होना चाहिए।

### पोस्टर बनाए और सजाई रंगोली

**अमृत विचार ,लखनऊ :** भारत स्काउट और गाइड लखनऊ के तत्वावधान में गुरुवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला संस्था द्वारा हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इण्टर कालेज में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जिला संस्था के संरक्षक डॉ. आर.पी. मिश्र, जिला मुख्यायुक्त डॉ. जे.पी. मिश्र, प्रधानाचार्या, पायनियर मांटेसरी इंटर कॉलेज, एवं जिला उपाध्यक्ष शर्मिला सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मिट्टी के लिए काल बना गोमती में बहता जहर

## नदी क्षेत्र में मिट्टी से खत्म हो रहे मैगनीज और आयरन, फूलों व सब्जियों की उपज हो रही प्रभावित

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** पीलीभीत के गोमत ताल से निकलने वाली गंगा की सहायक नदी गोमती में अब शहरी प्रदूषण का जहर प्रवाहित होने लगा है। इस नदी के किनारे पर बसे गांव और कस्बे इसकी उपजाऊ मिट्टी में फूलों, सब्जियों और आम के बागों के कारण जाने जाते रहे हैं लेकिन तेजी से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता खत्म होती जा रही है।

धीरे-धीरे मिट्टी मर रही है या इसे बांझ होती मिट्टी कह सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के डॉ. अमित कुमार सिंह के शोध में यह खुलासा हुआ है। गोमती किनारे की मिट्टी में जहां तेजी से मैगनीज खत्म हो रहा है तो वहीं मिट्टी में पाए जाने वाले समिश्रण का संतुलन भी खराब होता जा रहा है।

उपजाऊ मिट्टी में 45 फीसद अकार्बनिक नमक, 25 फीसद हवा, 25 फीसद पानी और 5 फीसद कार्बनिक पदार्थ पाए जाते हैं। मिट्टी को उपजाऊ तब कहा जाता है जब उसमें पाए जाने वाले प्राकृतिक तत्वों का समिश्रण की मात्रा संतुलित बनी रहे। लेकिन गोमती किनारे विभिन्न स्थानों से लिए गए मिट्टी के नमूनों में सूक्ष्म तत्व जैसे मैगनीशियम, आयरन, मैगनीज, जिंक, फास्फोरस की मात्रा गायब हो रही है और मिट्टी की पीएच वैल्यू तेजी से बढ़ रही है।



### मैगनीज की भूमिका

मैगनीज की आवश्यकता आयरन के समान है और फसल उत्पादन के लिए यह दूसरी सबसे बड़ी जरूरत है। यह पौधों की वृद्धि और विकास के लिए एक आवश्यक पहलू है। आमतौर पर मिट्टी में मैगनीज की सांद्रता सीधे उस क्षेत्र में उपलब्ध कार्बनिक पदार्थ की मात्रा से प्रभावित होती है। मिट्टी में मैंगनीज की घुलनशीलता पीएच मूल्य बढ़ने के साथ कम होती है, जैसे कि पीएच मूल्य में एक इकाई की वृद्धि से यह 100 गुना कम हो जाती है।

### दो स्थानों पर हुआ अध्ययन

जिले की दो अलग-अलग ज़ोन की खराब मिट्टी में मैंगनीज की सांद्रता और भौतिक रासायनिक गुणों का अध्ययन किया गया है। मिट्टी के गुणों में मैंगनीज की सांद्रता, पीएच, मिट्टी की बनावट, विद्युत चालकता, कार्बनिक पदार्थ, सोडियम, कैल्शियम, सल्फर, फॉस्फोरस, नाइट्रोजन और पोटेशियम शामिल हैं।

### मिट्टी की प्रकृति

| तत्व | गोसाईगंज | अर्जुनगंज |
|---|---|---|
| मैगनीज | 1.818 | 0.336 |
| पीएच वैल्यू | 7.18 | 7.26 |
| मिट्टी टैक्चर | बलुई | बलुई |
| आर्गेनिक मैटर | 12.6 | 9.16 |
| सोडियम | 5.55 | 7.40 |
| कैल्सियम | 4.95 | 3.5 |
| सल्फर | 29.80 | 57.69 |
| फास्फोरस | 38.46 | 20.00 |
| नाईट्रोजन | 67.2 | 50.4 |
| पोटैशियम | 54.5 | 35.5 |
| इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी | 0.26 | 0.29 |

"अनुपचारित सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट और कृषि अपवाह के कारण गोमती नदी गंभीर रूप से प्रदूषित है, जिससे पानी जलीय जीवन के लिए भी अनुपयुक्त हो गया है। उच्च स्तर के फेकल कोलीफॉर्म और घुले हुए कार्बनिक पदार्थ प्रदूषण को दर्शाते हैं, जो जल गुणवत्ता और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करता है।"

**-डॉ. अमित कुमार सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग, लविवि**

## कुकरैल क्षेत्र में स्थापित होगा ऑक्सीजन पार्क

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी स्थित कुकरैल वन क्षेत्र में ऑक्सीजन पार्क की स्थापना की जाएगी। यह पार्क गुरुवार को उप्र. ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड एवं वन विभाग द्वारा बनवाया जाएगा। यह निर्णय विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दोनो विभाग के अधिकारियों ने लिया गया है। साथ ही इस मौके पर पिकनिक स्पॉट में महापौर सुषमा खरकवाल द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' लगा कर अभियान की शुरूआत की गयी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को स्वस्थ्य बनाते हैं।पिकनिक स्पॉट पर कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण से हुई, जिसमें लखनऊ पूर्वी क्षेत्र के विधायक ओपी श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, निदेशक इको पर्यटन प्रखर मिश्रा, अवध प्रभाग के शितांशु पाण्डेय समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पौधा रोपित किया।

# गोमती से निकाली जलकुंभी और लगाए पौधे

## नगर विकास मंत्री और महापौर की मौजूदगी में गुलाला घाट पर चला जागरूकता अभियान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को नगर विकास मंत्री व महापौर ने अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों के साथ गोमती नदी की सफाई की। इसके बाद रूद्राक्ष, आंवल और बरगद के पौधे लगाए।

विश्व पर्यावरण दिवस और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर नगर निगम ने गुलाला घाट पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास मंत्री एके शर्मा शामिल हुए। उन्होंने महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ गोमती नदी से जलकुंभी निकाली। उन्होंने कहा कि हम जल स्रोतों को गंदा करेंगे तो वही जल हमारे जीवन में लौटकर आएगा और हमें उसे पीना ही पड़ेगा। यदि हम वायु को प्रदूषित करेंगे, तो वही दूषित वायु हमारे शरीर में प्रवेश करेगी। यह सोच गलत है कि हम पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर स्वयं सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। महापौर के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए मंत्री ने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता और टीम भावना निश्चित ही लखनऊ को एक स्वच्छ, सुंदर और विकासशील शहर बनाने में सहायक होगी। नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, नम्रता सिंह, अरुण कुमार गुप्त, डॉ. अरविंद कुमार राव, पार्षद, स्वयंसेवी संगठन, नगर निगम के कर्मचारी, कर्मचारी प्रतिनिधि, सफाई मित्र एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।



गोमती नदी से जलकुंभी निकालते मंत्री एके शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य। अमृत विचार

### आठ क्लस्टरों में 8 किलोमीटर तक की गई नदी की सफाई

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने बताया कि सभी 8 क्लस्टरों में 8 किलोमीटर तक गोमती नदी की सफाई की गई। नदी से जलकुंभी, प्लास्टिक, मूर्तियां और अन्य कचरा हटाने का कार्य किया गया। इस कार्य में नगर निगम के कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी भाग लिया। लक्ष्मण मेला मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री, महापौर, नगर आयुक्त, पार्षद रंजीत यादव तथा गो फॉर गोमती संस्था के स्वयंसेवकों ने छठ घाट पर सफाई कार्य में भागीदारी की।

### 1000 से अधिक पौधे लगाए

अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सभी 8 क्लस्टर में 20-20 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम स्थल पर 35 पौधे और पूरे शहर भर में कुल 1000 हजार पौधे पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए। लक्ष्मण मेला मैदान में मंत्री ने रुद्राक्ष, महापौर ने बरगद और नगर आयुक्त ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया। इसके साथ ही पार्षदों सहित नगर निगम के अधिकारियों में अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, ललित कुमार, अरुण कुमार गुप्ता ने भी पौधरोपण किया।





जागरुकता रैली निकालती महिलाएं। अमृत विचार

### प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ पर जागरूकता रैली निकाली

**अमृत विचार, लखनऊ:** साउथ सिटी वीमेन्स एसोसिएशन के तत्वावधान में साउथ सिटी कालोनी में प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ के नारे के साथ एक जागरुकता रैली निकाली गई। अंबेडकर यूनिवर्सिटी रोड से शुरु होकर एक पार्क में समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने हाथों में पर्यावरण बचाओ अभियान और पेड़ लगाओ के नारों के प्लेकार्ड ले रखे थे। रास्ते में इस संबंध में पर्चे बांटे गए तथा लोगों से प्लास्टिक का उपयोग न करने का आह्वान किया गया। सी ब्लॉक के पार्क में महिलाओं को पर्यावरण पर काम करने वाली संस्था ने पौधे भेंट में दिए। पार्क में एक सभा हुई जिसको संबोधित करते हुए स्थानीय निवासी नीना अवनीश ने कहा कि आज हम अपने पर्यावरण को नष्ट करने के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं। मधु गर्ग ने कहा कि विकास के नाम पर जिस प्रकार जंगलों को ख़त्म किया जा रहा है। अल्पना, सीमा, मधुलिका चंदेल, मीता पाल, नीलू ने भी प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

### प्लास्टिक प्रदूषण रोकने का लिया संकल्प

**अमृत विचार लखनऊ :** राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान व इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ़ एनवायर्नमेंटल बॉटनिस्ट्स द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश वन निगम के जनरल मेनेजर संजय के. पाठक मुख्य अतिथि थे। जबकि क्लेम्सन यूनिवर्सिटी, साउथ कैरोलिना, यूएसए के प्रो. पुनीत के. द्विवेदी, समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सीएसआईआर एनबीआरआई के निदेशक डॉ. एके शासनी ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर प्रो. पुनीत के. द्विवेदी ने संयुक्त राज्य अमेरिका में संरक्षण रिजर्व कार्यक्रम भारत के लिए संभावित सबक पर एक व्याख्यान भी दिया। इस अवसर पर इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ़ एनवायर्नमेंटल बॉटनिस्ट्स ने अपना 30वां स्थापना दिवस भी मनाया। डॉ. शासनी ने प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने, प्रदूषण निवारण के लिए पौधों की पहचान करने के लिए सीएसआईआर एनबीआरआई द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों पर भी प्रकाश डाला। संजय कुमार पाठक ने कहा कि आज के दौर में प्लास्टिक प्रदूषण बहुत चिंताजनक है, इसलिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा हाल के वर्षों पर्यावरण दिवस के अवसर पर में प्लास्टिक प्रदूषण पर आधारित थीम को अधिक महत्व दिया गया है। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रो. द्विवेदी ने अपने व्याख्यान में अमेरिका की भूमि संरक्षण पहलों के बारे में बताया, जिनका उपयोग भारत द्वारा स्थायी कृषि और पर्यावरण नीतियों के लिए किया जा सकता है। इससे पहले आईएसईबी के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं सचिव डॉ. सौमित कुमार बेहरा ने संस्थान और इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एनवायर्नमेंटल बॉटनिस्ट्स (आईएसईबी) की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

## विवि और महाविद्यालयों में हुए कार्यक्रम

### भाषा विवि के हर्बल गार्डन में प्रदर्शनी का आरंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के हर्बल गार्डन में वृक्षों के लाभों पर आधारित एक प्रदर्शनी प्रकृति का महत्व पर आरंभ किया गया है। यह प्रदर्शनी कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ,डॉ. मोहम्मद शारिक, डॉ. महेश कुमार, डॉ. भावना मिश्रा, मोहम्मद साहिल की उपस्थिति रही।

### बीबीएयू में चलाया पौधरोपण अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर बागवानी एवं सौंदर्यीकरण अनुभाग की ओर से वृक्षारोपण अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के डीन (शैक्षणिक) प्रो. केके पांडेय व विभिन्न सं संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकों ने पौधे लगाए। कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू, प्रॉक्टर प्रो. एम.पी. सिंह, डीएसडब्ल्यू प्रो. नरेंद्र कुमार, प्रो. दीपा एच. द्विवेदी, हार्टिकल्चर इंस्पेक्टर डॉ. समीर कुमार दीक्षित सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### कुलपति ने लगाया चंदन का पौधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने लाल चंदन का पौधा लगाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हमें पर्यावरण बचाने और बनाने का संकल्प लेना होगा। कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह ने सफेद चंदन का पौधा लगाया। इस दौरान प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, उपकुलसचिव डॉ. आरके सिंह, उपकुलसचिव डॉ. डीपी सिंह सहित अन्य अधिकारियों शिक्षकों और कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।

### लविवि के सरस्वती वाटिका में लगाए पौधे



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में सरस्वती वाटिका में पौधरोपण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग में आयोजित कार्यक्रम का समन्वय प्रो. एस. एन. पांडेय, अधीक्षक, ग्राउंड्स एवं गार्डन विभाग द्वारा किया गया। छात्रों ने पोस्टर प्रस्तुति, परिसर की सफाई और वृक्षारोपण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। पोस्टर की विषयवस्तु में पुनर्चक्रण, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण जागरूकता जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे। पौधे भी लगाए गए। ओल्ड कॉमर्स तथा मछली द्वार के निकट में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। वनस्पति विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना और डॉ. सुषमा मिश्रा के नेतृत्व में साहनी वाटिका में पौधरोपण किया गया।

### महबूदाबाद छात्रावास में छात्रों ने लगाए पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के महबूदाबाद छात्रावास के अंत:वासियों द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. अमित सिंह के नेतृत्व में सह अभिरक्षक ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य रूप से अभीष्ट श्रीवास्तव, मनीष कुमार, शशांक पाण्डेय, सत्यम कुमार आदि उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करने का लिया संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर वनस्पति विज्ञान विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना ने संयुक्त रुप से वृक्षारोपण अभियान चलाया और प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह ने स्वच्छता, पर्यावरण रक्षा और प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान आम, टिकोमा और फाइकस जैसे पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. अभिजीत चटर्जी, डॉ. प्रणति मिश्रा, डॉ. अर्चना सिंह और डॉ. अमरेंद्र शुक्ला मौजूद रहे।

### नवयुग कन्या में नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवयुग कन्या महाविद्यालय में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता व एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें कैडेट तेजस्विनी गुप्ता, शीलू रावत, प्रज्ञा शुक्ला, वर्तिका सक्सेना, प्रीति कुमारी, रिया लालवानी, गरिमा तिवारी, सृष्टि नायक, प्रियांशी सोनी और आस्था त्रिपाठी ने नुक्कड़ नाटक तथा कविता के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरुक किया।

### होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय में लगाए गए पौधे

**अमृत विचार लखनऊ :** गोमतीनगर स्थित राजकीय नेशनल होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, में गुरुवार सुबह आयुष विभाग के महानिदेशक मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने पेड लगाकर वृक्षारोपण किया। साथ ही इस विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विशेष सचिव हरिकेश चौरसिया, निदेशक डॉ.अरविंद कुमार वर्मा और कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार पुष्कर ने मां के नाम पेड़ लगाकर वृक्षारोपण अभियान को गति प्रदान की। इस अवसर पर करीब 25 औषधीय एवं सदाबहार पौधों का रोपण किया गया।



पौधा लगाते प्राचार्य विजय कुमार।

**पर्यावरण संरक्षण** | आम के पेड़ काटे बगैर लखनऊ विकास प्राधिकरण विकसित की जाएगी अनंत नगर योजना

# 35 एकड़ के सेंट्रल पार्क में संरक्षित किए जाएंगे आम के बाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनंत नगर यानी मोहान रोड आवासीय योजना के दायरे में आए आम के बागों पर आरा नहीं चलेगा बल्कि आम के बाग योजना को ग्रीन बेल्ट में तब्दील किया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण इन बागों को अपनी योजना में 35 एकड़ का सेंट्रल पार्क बनाकर संरक्षित करेगा। इसकी जो आर्किटेक्ट द्वारा डिजाइन तैयार की गई है उसमें 100 फीसदी आम के पेड़ सुरक्षित रहेंगे। आम के बागों को छोड़ते हुए सेक्टर विकसित किए जाएंगे।

वन और उद्यान विभाग ने अनंत नगर योजना के अधिग्रहण में आए आम के बागों में करीब 9 हजार पेड़ चिह्नित किए हैं। एलडीए ने परिसंपत्तियों के तौर पर पेड़ों का किसानों को भुगतान करना शुरू कर दिया है। लेकिन, यह पेड़ योजना के विकास में काटे नहीं जाएंगे बल्कि 100 फीसदी संरक्षित कर विशाल पार्क का रूप दिया जाएगा। योजना के लेआउट के अनुसार सेक्टर-5 में आने वाले सबसे ज्यादा बागों को 35 एकड़ का सेंट्रल पार्क बनाकर संरक्षित किया जाएगा।

इसके अलावा पार्क की शोभा बढ़ाने के लिए अन्य हार्टिकल्चर कार्य कराए जाएंगे। पार्क में पाथ-वे, लाइटिंग, बैठने के लिए चेयर, झूले आदि इंतजाम किए जाएंगे। इससे पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा और हजारों आम के पेड़ सुरक्षित रहेंगे। इसी तरह सेक्टर-3 में 10 एकड़, सेक्टर-4 में 10 एकड़ और सेक्टर-8 में 13 एकड़ तक बड़े पार्क बनाकर आम के बागों को संरक्षित किया जाएगा।

### सड़क किनारे कटे पेड़ों की करेंगे भरपाई

अनंत नगर योजना में अब तक सेक्टर विकसित करने के दौरान सड़क किनारे के करीब 50 पेड़ वन विभाग से एनओसी लेकर काटे गए हैं। एलडीए इन पेड़ों के बदले इसी योजना में उससे अधिक पौधे लगाएगा। इसके अतिरिक्त आगे निर्माण कुछ और पेड़ काटे जाएंगे। जिनका सर्वे कराया जा रहा। इसकी भी वन विभाग से एनओसी ली जाएगी। अफसरों का दावा है कि इस योजना में आम के बाग 100 फीसदी सुरक्षित रहेंगे। यही नहीं सड़क किनारे की हरियाली बरकरार रखने के लिए पेड़ न के बराबर ही कटेंगे।



### चंडीगढ़/पंचकुला की तर्ज पर योजना, सेक्टर-8 में झील

एलडीए अनंत नगर योजना चंडीगढ़/पंचकुला की तर्ज पर ग्राम कलियाखेड़ा व प्यारेपुर की 785 एकड़ जमीन लेकर विकसित कर रहा है। कुल 8 सेक्टर की योजना में पेड़ों को संरक्षित करके लेआउट तैयार किया गया है। बड़े पार्कों के अलावा सभी सेक्टर में 25 छोटे पार्क भी बनेंगे। इसके अलावा पर्यावरण का नजारा भी यहां देखने को मिलेगा। सेक्टर-8 में 41 बीघा में प्राकृतिक की तर्ज पर झील विकसित की जाएगी। वेटलैंड की तरह पेड़-पौधे होंगे तो रंग-बिरंगी लाइटें झील की शोभा बढ़ाएंगी। बाहरी पक्षियों का भी प्रवास होगा।

## पर्यावरण बचाना है तो प्लास्टिक से दूरी बनाना होगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईईटी लखनऊ में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन थीम पर मनाया गया। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो. विनीत कंसल द्वारा छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक के रीसाइक्लिंग व रीयूज की महत्ता पर जोर दिया गया। विशिष्ट व्याख्याता डॉ. प्रदीप कुमार ने प्लास्टिक के प्रयोग के दुष्प्रभाव से अवगत करवाया व जागरूकता अभियानों की जरुरत पर बल दिया। डॉ. अरुण कुमार ने जल, थल व वायुमंडल को बचाने के लिए प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. नीलम श्रीवास्तव ने प्लास्टिक वेस्ट से जीवों के प्रभावित होने पर चिंता व्यक्त की।

## एक नजर

### पार्सल के नाम पर महिला के खाते से उड़ाए 1.75 लाख

**अमृत विचार, पीजीआई :** साइबर जालसाज ने थाना क्षेत्र में रहने वाली कुसुम पाठक के खाते से 1.75 लाख रुपये पार कर दिए। वृन्दावन सेक्टर-7 बी में रहने वाली कुसुम पाठक ने बताया कि अक्टूबर माह में जालसाज ने पार्सल के नाम पर उन्हें फोन किया। खाते की जानकारी हासिल कर 1.75 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने पहले साइबर सेल में शिकायत करने के बाद पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला

**अमृत विचार, पीजीआई :** थाना क्षेत्र के वृंदावन सेक्टर-10 में रेलवे क्रासिंग के पास सुनसान जगह गुरुवार दोपहर 35 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि 35 वर्षीय दीपक मूलरूप से बिहार के दरभंगा का रहने वाला था। वह पत्नी रीता व 6 साल की बेटी के साथ यहां रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। वह नशे का आदी था। फिलहाल पत्नी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### महिला के दस्तावेज लगा एक फर्म कराई रजिस्टर्ड

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर कोतवाली में एक महिला ने किसान एग्रो कंपनी के दो अधिकारियों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता के आधार व अन्य अहम दस्तावेज की मदद से एक फर्म का रजिस्ट्रेशन करा लिया। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अहमदपुर निवासी मनीषा रानी चौरसिया ने बताया कि स्काई हिल्टन के चतुर्थ फ्लोर पर स्थित किसान एग्रो कंपनी में वह 18 जनवरी से 10 मार्च तक सीनियर सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। नियुक्ति के समय कंपनी के अधिकारी आनन्द सेन और विकास सिन्हा ने उससे आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासबुक और स्कूल सर्टिफिकेट जमा कराए थे। आरोप है कि नौकरी छोड़ने के बाद उसे पता चला कि कंपनी अधिकारी आनन्द सेन और विकास सिन्हा ने अपने मोबाइल फोन से फर्जी तरीके से एग्रो किसान इंडस्ट्री फर्म, जीएसटी धोखाधड़ी करके रजिस्टर्ड कर लिया।

# राजधानी में बनाई जा रही थी नकली सीमेंट

## सरगना समेत आठ गिरफ्तार, 1835 बोरी नकली सीमेंट बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीकेटी थाना क्षेत्र में सीतापुर हाईवे किनारे एक मकान में नामी कंपनियों के नाम से नकली सीमेंट बनाई जा रही थी। एसटीएफ ने गुरुवार को छापा मारकर सरगना समेत गिरोह के आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। 1835 बोरी नकली सीमेंट, ऐश समेत अन्य सामान्य बरामद किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में नकली सीमेंट बनाने की फैक्ट्री से पकड़े गए आरोपी।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी अमित नागर ने बताया कि सीतापुर मछरेहटा स्थित बेला पुरवागढ़ी निवासी ठाकुर प्रसाद उर्फ अजय गिरोह का संचालन कर रहा था। ठाकुर के अलावा सदरपुर नवीगंज चक पुरवा निवासी मनोज कुमार, नाका निवाजखेड़ा निवासी संजीत राय, ऐशबाग निवासी शकील, उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र के रहीमाबाद निवासी सलमान, सीतापुर जिले के मिश्रिख थाना क्षेत्र के अमजदपुरवा निवासी विरेंद्र, सीतापुर जिले के मछरेहटा बेलापुरवा निवासी राम आसरे और हरदोई जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र के कचहरी निवासी नसीम को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के पास से 705 बोरी नकली अल्ट्राटेक सीमेंट, 420 बोरी नकली माईसेम सीमेंट, 365 बोरी नकली एसीसी गोल्ड कंक्रीट, 225 बोरी जेके लक्ष्मी सीमेंट, 120 बोरी नॉनट्रेड सरकारी एसीसी सीमेंट, 500 बोरी फ्लाई एश (राख), 191 खाली बोरी एसीसी गोल्ड, 1011 खाली बोरी अल्ट्रा टेक, 1000 खाली बोरी एसीसी, ट्रैक्टर, हाफ डाला, पिकअप, 6 छानना, 13 कीप, 7 कन्नी, तीन इलेक्ट्रॉनिक तराजू, दो मोबाइल, दो ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किए गए हैं।

- आरोपियों में सरगना समेत तीन सीतापुर, एक उन्नाव व एक हरदोई निवासी
- तीन आरोपी लखनऊ के सदरपुर, निवाजखेड़ा व ऐशबाग के रहने वाले हैं




फैक्ट्री से बरामद नकली सीमेंट।

### मेरठ से कच्चा माल और शाहजहांपुर से आती थी एश

पूछताछ में ठाकुर प्रसाद ने कुबूल किया कि वह काकोरी के नरौना गांव में भी नकली सीमेंट बनाकर सप्लाई करता था। पारा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। ठाकुर ने बताया कि मेरठ से मित्तल नाम के व्यक्ति से कच्चा मॉल लेता था। फ्लाई एश (राख) शाहजहांपुर निवासी कमल किशोर शुक्ला, बोरियां संजीत राय से खरीदता था। इसके बाद मजदूरों की मदद से नकली सीमेंट तैयार कराता था। आरोपी ठाकुर प्रसाद के खिलाफ लखनऊ के पारा व बीकेटी के अलावा सीतापुर में मछरेहटा थाने में रिपोर्ट दर्ज है।

### 50 हजार रुपये किराये पर लिया था गोदाम

एसटीएफ की पूछताछ में सरगना ठाकुर प्रसाद ने कुबूल किया कि उसने ऋषभ अग्रवाल से 50 हजार रुपये प्रति महीना किराए पर गोदाम ले रखा था। कई वर्ष से ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली सीमेंट बनाकर बेच रहे थे। आरोपी ने कुबूल किया नकली सीमेंट की आपूर्ति बीकेटी, चिनहट, रहीमाबाद, मोहनलालगंज और आसपास के डीलरों को कम दाम पर आपूर्ति करता था। प्रत्येक बोरी पर 80 से 100 रुपये का मुनाफा कमाता था।

# सड़क किनारे सो रहे निजी कंपनी कर्मी को ट्रक ने रौंदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैसरबाग में मंगलवार को सड़क किनारे सो रहे निजी कंपनी के ऊपर से ट्रक निकल गया। हादसे में घायल कर्मचारी की बुधवार को ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि गोंडा के करनैलगंज निवासी भोलानाथ (42) लालकुआं निवासी दोस्त अरविंद विश्वकर्मा के साथ उनके मकान में रहते थे। मंगलवार रात में वह लालकुआं में सड़क किनारे खड़े ट्रक के नीचे सो रहे थे। तभी सौरभ ने ट्रक स्टार्ट कर आगे बढ़ा दिया था। हादसे में भोलानाथ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लोगों ने आरोपी चालक को पकड़ लिया था। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी सौरभ को गिरफ्तार कर लिया था। दोस्त अरविंद ने बताया कि भोलानाथ के परिवार में कोई नहीं है।




### हादसे में घायल बाइक सवार युवक ने दम तोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के मोहिनी पुरवा निवासी लालजी निषाद (36) 18 मई को मोटरसाइकिल से कुछ काम से जा रहे थे। देर रात माल के सैदापुर के पास वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। घरवालों ने उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। वहां गुरुवार तड़के उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# शादी से इंकार पर युवती और परिजन को पीटा, किया निर्वस्त्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा थाने में पीड़िता की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** पारा में शादी करने से इनकार करने पर दबंगों ने रॉड से युवती व उसके परिजन को बेहरमी से पीट दिया। आरोप है कि आरोपियों ने युवती को निर्वस्त्र कर दिया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र समेत 12 लोगों के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक गांव निवासी महिला ने बताया कि सौरभ उनकी बेटी से जबरन शादी करना चाहता है। 31 मई को देर शाम सौरभ, उसके पिता सुरेश, कुनाल, सौरभ के दोनों जीजा और 6-7 अज्ञात लोग उनके घर में घुस गए। आरोपी जबरन उनकी बेटी को शादी करने के लिए खींच कर ले जाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पिता और भाई को रॉड से पीटना शुरू कर दिया। सौरभ ने बेटी को पीटा और उसे निर्वस्त्र कर दिया। पीड़ित मां ने बताया कि जेठानी उनकी बेटी जब बीच-बचाव करने आईं तो उन्हें भी रॉड से पीटा गया। पिटाई में युवती के पिता और ताई को काफी चोटें आ गईं। आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। परिजन ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

# इंदिरानगर में बाइकर्स ने 30 मिनट में दो महिलाओं को लूटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिवाजीपुरम और सेक्टर-12 में हुई वारदात

**अमृत विचार:** इंदिरानगर में 30 मिनट के अंदर बाइक सवार बदमाशों ने दो महिलाओं को निशाना बनाया। बदमाशों ने झपट्टा मारकर दोनों महिलाओं का पर्स लूट लिया। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

इंदिरानगर के शिवाजीपुरम निवासी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि पत्नी अमृता शर्मा 3 जून की शाम करीब 5:30 दूध लेने गई थी। लौटते समय गली नंबर -4 पार्वती लेन के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाश ने उनका पर्स लूट लिया। अमृता के शोर मचाने पर राहगीर जब तक समझ पाते बदमाश भाग निकले। पीड़िता ने घर पहुंचकर पति को सूचना दी। अमृता ने बताया कि पर्स में मोबाइल और कुछ रुपये थे। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अमृता ने पुलिस को बताया कि बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी।

इसी थाना क्षेत्र के डी-ब्लॉक निवासी राजन मिश्रा ने बताया कि 3 जून की शाम करीब 6 बजे पत्नी रितु कुछ सामान लेने पैदल सेंट्रल एकेडमी जा रही थी। जैसे ही वह सेक्टर- 12 स्थित स्टडी होम स्कूल के पास पहुंची, तभी बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर पर्स छीन लिया। पर्स में करीब चार सौ रुपये और अन्य सामान था। राजन ने इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि दो नाबालिगों को पकड़ कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। तीसरे की तलाश की जा रही है।

### सैन्यकर्मी के मकान का टूटा ताला, लाखों का माल साफ

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के वृंदावन सेक्टर-5 में चोरों ने सैन्यकर्मी के बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना उस वक्त हुई जब सैन्यकर्मी परिवार संग शादी समारोह में गया था। वहीं, सरोजनीनगर में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर बाइक, जेवर व नकदी पार कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। मूलरूप से महाराजगंज निवासी नायब सूबेदार राम प्रवेश यादव परिवार संग वृंदावन सेक्टर-5 में रहते हैं। वे वर्तमान में बेस अस्पताल लखनऊ में कार्यरत हैं। 14 मई को वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गांव गए थे। 31 मई को वापस लौटे तो घर के पीछे का दरवाजा खुला और खिड़की टूटी पड़ी मिली। अंदर गये तो सारा सामान बिखरा और बक्से व सूटकेस के लॉक टूटे पड़े थे। पीड़ित ने बताया कि चोर घर से लगभग 3 लाख के जेवर, 70 हजार रुपये, दो घड़ियां और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीजीआई पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। वहीं, मूल रूप से वाराणसी कैंट स्थित फुलवरिया निवासी तौसीफ आलम सरोजनीनगर में नादरगंज के पास बद्री नगर में किराए पर रहते हैं। तौसीफ ने बताया कि वह अपने घर का सारा सामान ससुराल में शिफ्ट कर रहे हैं। 2 जून को घर में कोई न होने के कारण ताला बंद था। इसी दौरान चोरों ने ताला तोड़कर पल्सर बाइक, करीब 2 लाख के गहने व 6 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पीड़ित तौसीफ ने गुरुवार को सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# दहेज हत्या में पति समेत तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 23 मई को मृतका के भाई ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज के विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि आरोपी पति बाराबंकी के एक सरकारी स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत है।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि 23 मई को मृतका प्रिया के भाई ठाकुरगंज पुराना तोपखाना निवासी पीयूष दीक्षित ने जीजा शुभम, उनकी मां गीता, पिता गिरधर नारायण, बहन, बहनोई, मामा व मामी के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद आरोपी घर छोड़कर भागे गए थे और अपनी लोकेशन बार-बार बदल रहे थे। गुरुवार को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से नामजद आरोपी शुभम, गीता और गिरधर को कालीचरण पीजी कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। पीयूष ने आरोप लगाया था कि बहन का विवाह 10 दिसंबर 2024 को हुआ था। ससुराल वाले दहेज को लेकर बहन को प्रताड़ित करते थे। 2 फरवरी से बहन मायके आकर रहने लगी थी। मायके में ही 22 मई की रात प्रिया ने दो पन्ने का सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा था कि पति शुभम समेत सास-ससुर व ननद ननदोई व अन्य लोगों पर 6 लाख रुपये और कार की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित करते थे।

# झुग्गी बस्ती में लगी आग, सात झोपड़ियां राख

## तालकटोरा के राजाजीपुरम न्यू टेंपो स्टैंड नाले के पास हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तालकटोरा के राजाजीपुरम में हैदर कैनाल के पास बसी झुग्गी बस्ती में गुरुवार सुबह आग लग गई। आग की चपेट में आने से सात झोपड़ी जलकर राख हो गई। अग्निशमन ओर पुलिस विभाग ने स्थानीय लोगों की मदद से तीन दमकल की गाड़ियों ने एक घंटे में काबू पाया।

राजाजीपुरम न्यू टेंपो स्टैंड के पास हैदर कैनाल के पास बसी झुग्गी बस्ती में गुरुवार सुबह आग की लपटें निकलने लगी। लपटें व धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने बाल्टी से पानी भरकर व पंप चलाकर आग पर काबू पाने में जुट गये। इसी बीच आलमबाग फायर स्टेशन से दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। एक घंटे में आग पर काबू पाया।



आग पर काबू करते दमकल कर्मी।



आग की चपेट में आने से जला सामान। अमृत विचार

आग की चपेट में आने से रामू, प्रेमपाल, लक्ष्मण, विजय, करन, जफर और राममिलन की गृहस्थी जलकर राख हो गई। रामू ने बताया कि आग में उनके जेवरात, पांच हजार रुपये और गृहस्थी का सारा सामान जल गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच कर रही है।

# साइबर ठग ने कारोबारी समेत चार से ऐंठे 2.50 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- क्रिप्टो व शेयर में ट्रेडिंग और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से हुई ठगी
- पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** साइबर ठग ने क्रिप्टो व शेयर ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा देकर कारोबारी समेत तीन लोगों से करीब 2.42 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लिंक भेजकर रुपये जमा कराए। मुनाफा निकालने पर भारत पाकिस्तान के बीच भू-राजनीतिक तनाव के चलते टैक्स की मांग भी की गई। वृंदावन इलाके में क्रेडिट कार्ड के माध्यम से युवक के खाते से 7.44 लाख रुपये पार कर दिए। चारों पीड़ितों ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विजयंत खंड-4 निवासी 58 वर्षीय कारोबारी शलभ पांडेय ने बताया कि कुछ दिन पहले फेसबुक पर भाविका शेट्टी नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। पीड़ित ने स्वीकार की तो युवती ने चैटिंग में कहा कि वह कोलकाता के एक स्कूल और वृद्धाश्रम खोलने का प्रयास कर रही है। उसे सीए से वित्तीय योजना और टैक्स सलाह की आवश्यकता है। साथ ही वह एक क्रिप्टो करेंसी कंपनी में बतौर विशेषज्ञ कार्यरत है। नंबर शेयर होने पर उनके बीच व्हाट्सएप पर बात हुई। जालसाज के कहने पर पीड़ित ने एएक्स एमैक्स पोर्टल के माध्यम से 50 हजार का निवेश किया। पीड़ित ने बताया कि पोर्टफोलियो में मुनाफा और बोनस दिखाकर उनसे कई बार में 1 करोड़ रुपये का निवेश कराया गया। ट्रेडिंग के बाद मुनाफा करीब 2.34 करोड़ दिखने पर पीड़ित शलभ ने 34 लाख निकालने का प्रयास किया तो उनसे 49 लाख रुपये अमेरिकी टैक्स की मांग की। इसके बाद उनसे ग्रीन चैनल अकाउंट और भारत पाकिस्तान के बीच भू-राजनीतिक तनाव के चलते टैक्स के नाम पर 1,92,92,000 रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं, अलीगंज के त्रिवेणी नगर निवासी अपूर्वा कटियार ने बताया कि 21 मई को इंस्टाग्राम पर क्रॉफर्ड एलिना एंजेल्स का विज्ञापन देखा। उसपर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज देखा। संपर्क करने पर जालसाज ने ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा देकर 14 बार में 8.80 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। उधर, सुशांत गोल्फ सिटी के नीलमथा निवासी अमित कुमार सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले जालसाज ने टेलीग्राम पर फंसाया। ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा देकर कई बार में 40 लाख रुपये जमा करा लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके अलावा वृंदावन योजना सेक्टर-सी निवासी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 6 जून को भतीजे ने ऑनलाइन सामान का आर्डर किया। डिलीवरी के लिए उन्हें एक लिंक मिला, जो 25 रुपये के भुगतान का एक लिंक मिला। पीड़ित ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान किया। जिसके बाद उनके खाते से कई बार में 7,44,314 रुपये गायब हो गए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# उधारी विवाद में दो पक्ष भिड़े, झोंका फायर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित ने वजीरगंज कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट
- आसपास के लोगों के एकत्र होने पर भाग निकले हमलावर

**अमृत विचार:** वजीरगंज इलाके में उधार के रुपयों के विवाद में युवकों का दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक पर फायर झोंक दिया। पीड़ित ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

चारबाग अस्तबल निवासी हुनूफ फुरकान ने बताया कि उन्होंने वजीरगंज निवासी ताबीश अंसारी को ऑनलाइन 23 हजार से अधिक रुपये उधार दिए थे। आरोप है कि उधारी वापस मांगने पर आरोपी विवाद करता था। मंगलवार को हुनूफ अपने साथी सुधांशु, अर्चित और अली के साथ वजीरगंज वी-मॉर्ट के पास से गुजर रहा था। इस दौरान ताबीश, आदिल, सैफ, ईलु और चार अन्य युवकों ने पीड़ितों को रोक लिया। रुपये के विवाद में आरोपियों ने पीड़ितों को पीट दिया। इसी दौरान हमलावर सुधांशु और अली को वी-मॉर्ट के पार्किंग में खींच ले गए। जहां उन पर फायर झोंक दिया। हालांकि दोनों युवक बाल-बाल बच गए। फायरिंग की आवाज सुनकर स्थानीय लोग एकत्र होने लगे। इसपर आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सामूहिक दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अन्य तीन आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** गोमतीनगर में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अन्य तीन आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने नौकरी का झांसा देकर पीड़िता से सामूहिक दुष्कर्म किया था।

हरदोई निवासी युवती नौकरी की तलाश में लखनऊ आई थी। वह ग्वारी इलाके में रह रही थी। इस दौरान उसका परिचय इलाके में ही रहने वाले आरोपित नीरज सिंह से हुआ। आरोपी ने पीड़िता को नौकरी दिलाने का झांसा दिया।

पीड़िता के मुताबिक एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। उसने पीड़िता को बहाने से नशीला पदार्थ पिला दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी नीरज और उसके भाई ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया। यही नहीं पीड़िता के गर्भवती होने पर आरोपियों ने उसका धोखे से गर्भपात भी करा दिया।

पीड़िता ने इस संबंध में बुधवार को आरोपियों के खिलाफ गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी नीरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मूल रूप से सीतापुर का रहने वाला है। अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## खुदकुशी

वृद्धा की एक दिन पहले परिवार के लोगों से हुई थी कहासुनी

# टीबी मरीज समेत तीन ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज के मूसाबाग जंगल में टीबी ग्रस्त मरीज पन्नेलाल (49) ने गुरुवार को पेड़ में गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, बीकेटी के चंद्राकोडर गांव में गुरुवार सुबह वृद्धा घर के पीछे लोहे के एंगल में साड़ी से फंदा लगाकर जान दे दी। उधर, जानकीपुरम में आर्थिक तंगी के चलते ऑटो चालक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि दोपहर करीब 12.30 बजे मूसाबाग जंगल में एक अधेड़ का शव फंदे से लटकने की सूचना मिली थी। शव की शिनाख्त आम्रपाली योजना सेक्टर-पी निवासी पन्नेलाल (49) के रूप में हुई। परिजन ने बताया कि पन्नेलाल क्षय रोग से पीड़ित थे। एक लम्बे समय से ठाकुरगंज के टीबी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। बावजूद सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ। बीमारी से तंग आकर पन्नेलाल ने जंगल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।



प्रेमा सिंह।

वहीं, बीकेटी स्थित चंद्राकोडर निवासी बृज कुमार सिंह की पत्नी प्रेमा सिंह (71) ने गुरुवार सुबह 8:30 बजे घर के पीछे लोहे के एंगल में साड़ी से फंदा लगा लिया। ग्रामीणों ने प्रेमा को लटका देखा तो सूचना बीकेटी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व प्रेमा की परिवार में किसी मामले को लेकर कहासुनी हुई थी। उधर, मूल रूप से बहराइच के इकौना बाजार निवासी अजय नेगी (39) जानकीपुरम के रसूलपुर में किराए के मकान में रहकर ऑटो चलाते थे। बहनोई गंगा राम ने बताया कि साला अजय एक माह से ऑटो नहीं चला रहा था। जिससे की घर का खर्च चलाने में दिक्कत हो रही थी। गुरुवार सुबह उनकी पत्नी जुगधा खाना बना रही थी। तभी बेटी महिमा जब कमरे में पहुंची तो पिता को फंदे से लटकता शोर मचाया। परिजन अजय को फंदे से उतार कर इलाज के लिए जानकीपुरम के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में दो बेटियां एक बेटा है।

### ज्वैलर्स ने हड़पे 1.11 लाख रुपये

**अमृत विचार, आलमबाग :** थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने ज्वैलर्स पर उधार में लिए 1.11 लाख हड़पने की रिपोर्ट आलमबाग कोतवाली में दर्ज करायी है।

मुनव्वर बाग निवासी रूचि सिन्हा ने बताया कि पति एसके सिन्हा के मित्र स्वर्णकार हंसराज निवासी राजस्थान ने अगस्त 23, अक्टूबर और जनवरी 24 में 1.66 लाख रुपये उनसे उधार में लिए थे। स्वर्णकार हंसराज ने केवल 55 हजार रुपये वापस किए। शेष रकम मांगने पर आरोपी ने धमकाया। इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# हत्या करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैरपुर के बृजधाम कालोनी में 22 मार्च की रात हुई थी घटना

**अमृत विचार:** सैरपुर इलाके के बृजधाम कॉलोनी में छात्रावास के सामने रहने वाली सारिका श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी डेंटल लैब में काम करता है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

एसओ सैरपुर मनोज कुमार कोरी के मुताबिक इलाके के अहलादपुर गांव के पास बृजधाम कॉलोनी में श्याम जी श्रीवास्तव रहते हैं। 22 मार्च की रात को उन्होंने पत्नी सारिका श्रीवास्तव, बेटी ऐश्वर्या, बेटे आदित्य व रुद्र के साथ खाना खाया था। इसके बाद वह पत्नी के साथ छत पर टहल रहे थे। अचानक उनके घर के सामने अनीता नायक हॉस्टल के छात्रों व बाहरी लोगों के बीच मारपीट होने लगी। सारिका श्रीवास्तव ने घर के सामने शोर मचाने से मना किया।

आरोपी युवक नहीं माने तो उन्होंने पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो नाराज आरोपियों ने सारिक को गोली मार दी थी। गोली लगने से उनकी मौत हो गई। सैरपुर पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करके ठाकुरगंज निवासी कार्तिकेय दीक्षित उर्फ अंगा, बीकेटी निवासी अमन गुप्ता, मड़ियांव निवासी संदीप सिंह, सीतापुर निवासी मोहित मिश्रा और पुनीत मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस की जांच में हजरतगंज स्थित गोखले मार्ग निवासी रवि सिंह और चन्द्रसेन का नाम सामने आया। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने आरोपित रवि सिंह को कल्याणपुर रोड स्थित डेंटल लैब से गिरफ्तार कर लिया। वह लैब में ही नौकरी करता है। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर एक तमंचा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस एक अन्य आरोपित चन्द्रसेन की तलाश में जुटी है।

## एक नजर

### पति समेत चार पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, चिनहट :** ससुराल वाले दहेज में 20 लाख रुपये मांग रहे थे । विरोध करने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विवाहिता ने मायके वालों को जानकारी दी। इसके बाद चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विवाहिता के मुताबिक वह बैंक ऑफ बड़ौदा झाबुआ में नौकरी करती है। उनकी शादी वर्ष 2016 में फतेहपुर के भैसारी निवासी पुष्पराज सिंह के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पुष्पराज दक्षिण अफ्रीका चले गए। एक साल बाद पुष्पराज लौटकर आ गए। कुछ समय बाद से ही पति पुष्पराज, सास अर्चना व ससुर राजेन्द्र दहेज में 20 लाख रुपये की मांग करने गले। मांग पूरी न होने पर उसे परेशान करने लगे। इस बीच बेटी का जन्म होने पर पति और सास उससे मिलने झाबुआ आए और गाली गलौज करने लगे। कुछ दिन बाद वह लखनऊ स्थित ससुराल आई तो ननद भानुप्रिया व ससुर राजेन्द्र परिवार तोड़ने का आरोप लगा उससे झगड़ा करने लगे। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रदेश भर में पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा शुरू

## 13 जून तक तीन पालियों में चलेंगी परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षाएं आरंभ हो गई है। गुरुवार को लखनऊ समेत प्रदेश भर में इन परीक्षाओं का आयोजन किया गया। लखनऊ के 15 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच तीन पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

हालांकि पहले दिन की पहली पाली में सिर्फ एक केंद्र पर परीक्षा हुई जबकि दूसरी और तीसरी पाली की परीक्षा तीन केंद्रों पर ली गई। पॉलिटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में जाने दिया जा रहा है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश पॉलिटैक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा ने सभी प्रधानाचार्यों और नोडल अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किया है।

परीक्षा को लेकर नोडल अधिकारी और केंद्र पर्यवेक्षक ने केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मॉक टेस्ट भी किया गया। नोडल अधिकारी की ओर से कंप्यूटर नोड्स की जांच कर संबंधित केंद्रों की रिपोर्ट परिषद के कंट्रोल रूम को भेजा गया। परीक्षा केंद्र पर कंप्यूटर सर्वर के अलावा किसी तरह के इंटरनेट कनेक्शन नहीं होंगे। कंप्यूटर में एक की-बोर्ड और माउस के अलावा कुछ भी नहीं होगा। बायोमेट्रिक जांच के बाद 30 मिनट पहले कंप्यूटर पर परीक्षार्थियों को पहुंचना होगा।

### पहले दिन इंजीनियरिंग के ग्रुप ए की परीक्षा




संयुक्त प्रवेश परीक्षा के सचिव संजीव सिंह ने बताया कि पहले दिन की पहली शिफ्ट में लखनऊ के एनईएस डिजिटल जोन नियर छोटा भरवारा रेलवे क्रासिंग के नजदीक केंद्र बनाया गया है। जबकि दूसरी और तीसरी पाली के लिए डॉ. एमसी सक्सेना ग्रुप ऑफ कॉलेज और गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को भी केंद्र बनाया गया था। गुरुवार को ग्रुप ए की परीक्षा हो रही। ये इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स के लिए है। पहली पाली सुबह 8 से 10 .30 तक, दूसरी पाली दोपहर 12 से 2 .30 बजे तक और तीसरी पॉली की परीक्षा शाम 4 बजे से 6 .30 तक होगी।

# आईटीआई में 8 कंपनियों ने 126 का किया चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ वंचित अभ्यर्थी 9 को होने वाले कैम्पस ड्राइव में कर सकते हैं प्रतिभाग

**अमृत विचार:** आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेले में कुल 126 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरुप मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत राजकीय आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

जिसमें 8 कम्पनियों सुजुकी मोटर्स, हीरो मोटोकार्प, वीविन लि, सुजलान एनर्जी, पंकज इंटरप्राइजेज, डीलक्स बियरिंग, एसएएसवी लि, पेटीएम द्वारा प्रतिभाग किया गया। एमए खां ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेन्ट ऑफिसर ने बताया कि उपरोक्त 8 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के बाद 126 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों को 12 हजार से 27 हजार रुपए प्रतिमाह के वेतन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं दी जायेंगी।

मेले में मकबूल कादिर, जेड रहमान, क्षेत्रिय सेवायोजन कार्यालय एवं ग्रे सिम फाउंडेशन ने सहयोग किया गया। चयन से वंचित रह गये अभ्यर्थी 9 जून को होने वाले कैम्पस ड्राइव के लिए संस्थान में आकर प्रतिभाग कर सकते हैं।



नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### नाटक से दर्शाया आपराधिक मानसिकता का फितूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाट्य संस्था आनंद अनुभूति वेल्फेयर सोसाइटी ने संस्कृति विभाग के सहयोग से गुरुवार की शाम अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाटक फितूर का मंचन किया। मोहम्मद अनवर बेग द्वारा लिखित और सोनी सिंह द्वारा निर्देशित इस नाटक में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का दिमागी फितूर देखने को मिलता है। नाटक में एक सुंदर लड़की अपने हुस्न का इस्तेमाल का बड़े पद कार्यरत अधेड़ शादीशुदा अधिकारी को अपने प्रेमजाल में फांस लेती है। वह उसे अपने साथ एक अनजान फ़्लैट में ले जाती है जहां पहले से मौजूद लोग उसका अपहरण कर लेते हैं। उसके परिवार से दो करोड़ की फिरौती मांगी जाती है तो पता चलता है कि वह बड़ा अधिकारी नहीं बल्कि एक ड्राइवर है। वह सिर्फ एक बड़े अधिकारी की गाड़ी चलाते हैं। जानकारी के बाद ड्राइवर के परिवार से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी जाती है। जान बचाने के लिए परिवार 10 लाख देने को तैयार हो जाता है लेकिन इत्तफाकन चारों अपहर्ता आपस में भिड़ जाते हैं और उनकी मौत हो जाती है। ड्राइवर की जिन्दगी बच जाती है। नाटक में संतोष प्रजापति, माही, मनोज तिवारी, ओमकार पुष्कर, अक्षत ऋषि, संतोषी, ज्योति गुप्ता और रीति गुप्ता ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।



राजभवन में योगाभ्यास करते अधिकारी और छात्र। अमृत विचार

# तंबाकू की लत खत्म करेगी पान तुलसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सीएसआईआर-सीमैप के वैज्ञानिकों ने तुलसी के नए किस्म को विकसित किया है

▶▶ प्रजाति कपूर तुलसी और बेसिल से मिलकर बनी

**अमृत विचार:** सीएसआईआर सीमैप के वैज्ञानिकों ने तुलसी की एक ऐसी किस्म का विकास किया है जिसे खाने पर पान जैसा स्वाद मिलेगा। इस नई तुलसी का नाम भी पान तुलसी रखा गया है, इसकी सबसे खास बात है कि इसके सेवन से तंबाकू खाने की इच्छा खत्म होती है साथ ही यह कैंसररोधी भी है। इस नई पान तुलसी में पान के सभी गुण पाए जाते हैं।

पान के पत्तों में पाया जाने वाला चैविविटॉल रसायन जिसका तेल निकालकर कैंसररोधी दवाओं का निर्माण किया जाता है, वह इस पान तुलसी में भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वैज्ञानिकों ने इसका नाम सिम-सुवास तुलसी रखा है जिसे आमतौर पर पानतुलसी कहा जा रहा है। गत दिनों सीएसआईआर सीमैप में आयोजित कार्यक्रम में इस तुलसी के बारे में किसानों को बताया गया और अतिथि किसानों को एक-एक पौधा भी दिया गया।



सीमैप द्वारा विकसित तुलसी की इंटरस्पेसिफिक हाइब्रिड किस्म "सिम-सुवास" है, जिसे पान तुलसी के नाम से भी जाना जाता है।

इस तुलसी को कई बार काटा जा सकता है और किसी भी मौसम में इसकी पैदावार की जा सकती है। इस पर खराब मौसम का कोई असर नहीं होता। जिसके कारण इसकी खेती पान की पैदावार जैसे कठिन नहीं है, इसे आसानी से खेतों, गमलों में उगाया जा सकता है। यह एंटी स्ट्रेस भी होती है और प्राकृतिक रूप से अधिक मात्रा में चेविबेटोल नामक रासायनिक तत्व इसके सुगन्धित तेल की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

### प्रति हेक्टेयर 150 से 200 किलो उपज

सिम सुवास प्रजाति में लगभग तेल की मात्रा प्रति हेक्टेयर 150 से 200 किलोग्राम तक हो सकती है। इसके तेल में चेविबेटोल की मात्रा लगभग 16 से 25 प्रतिशत होती है। पान तुलसी चेविबेटोल पैदा करने की एक सस्ता माध्यम है। इसमें पान के तेल की खुशबू व स्वाद के साथ-साथ बड़े सफ़ेद फूल पुष्पक्रम में आते है यह प्रजाति कपूर तुलसी और बेसिल से मिलकर बनी है।

### औद्योगिक प्रयोग

पान तुलसकी की खेती किसानों और उन उद्योगों के लिए बहुत फायदेमंद होगी जो तुलसी के औषधीय गुणों से जुड़े हैं। इससे सालभर में तकरीबन 80-90 दिनों के अंतराल पर 3 बार तेल प्राप्त किया जा सकता है। इस तरह की अनोखी खुशबू वाला आवश्यक तेल सौंदर्य प्रसाधनों, इत्र, च्युइंग गम, माउथवॉश, माउथ फ्रेशनर और अरोमा थेरेपी में भी उपयोगी होता है।

### पान तुलसी की अन्य विशेषताएं

- वृद्धि प्रवृत्ति- सीधा लंबा
- कटाई का समय- साल में तीन बार 90 दिनों पर
- फूल आने का समय- 50 दिन में
- पुष्पक्रम का रंग- हल्का हरा
- पुष्पदल का रंग- सफ़ेद
- पौधे की ऊंचाई- 125 से 130 सेमी
- पत्तियों का रंग- हरा
- पत्तियों की लंबाई- 8 से 9 सेमी
- पत्तियों की चौड़ाई- करीब 4 सेमी
- तेल की उपज- 150 से 200 प्रति हेक्टेयर

"यह पान तुलसी किसानों के लिए बेहद फायदेमंद खेती साबित होगा। लगभग सभी मौसम में इसी उपज हो सकती है और इसका सेवन हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ एंटी कैंसरस भी है।

-डॉ. मनोज सोमवाल, वैज्ञानिक, सीएसआईआर सीमैप

# आयुष मंत्रालय की समीक्षा बैठक में बीबीएयू ने की भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर हुई बैठक

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय ने आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठक में हिस्सा लिया।

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित ऑनलाइन समीक्षा बैठक में देशभर में विभिन्न मंत्रालयों, शैक्षणिक संस्थानों और संगठनों ने ऑनलाइन माध्यम से भागीदारी की। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने की।

उन्होंने इस वर्ष योग दिवस की थीम ''योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ'' पर बल देते हुए इसे स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक समरसता से जोड़ने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। बैठक में योग से संबंधित कई नवाचारों एवं सामूहिक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जैसे 'योग संगम', 'हरित योग', 'योग बंधन' और 'योग कनेक्ट'।

विश्वविद्यालय पहले से ही 'रिवर योगा' अभियान, विभिन्न विद्यापीठों एवं विभागों में योगाभ्यास, बीमारियों की रोकथाम हेतु सूक्ष्म व्यायाम आदि कार्यक्रमों के माध्यम से योग और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रहा है।

### बच्चे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर विशेषज्ञों से राय लेगी पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** सतखंडा चौकी क्षेत्र में लगे मिक्की माउस झूले में 12 वर्षीय कलामुद्दीन का शव मिलने के मामले में पीड़ित परिवार ने अभी तक ठाकुरगंज थाने में कोई तहरीर नहीं दी है। गुरुवार को परिजन सीतापुर जनपद के रेउसा तकिया गांव में कलामुद्दीन के शव को दफना दिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। पोस्टमार्टम में कलामुद्दीन के सिर पर दो चोटों की पुष्टि हुई थी। हालांकि उसकी मौत का कारण कोमा बताया गया है। विशेषज्ञों की राय के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को लखनऊ लौटने के बाद तहरीर देने की बात कही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने गुरुवार को झूला संचालक शिब्बू से दोबारा पूछताछ की तो वह पहले दिन वाली ही बात दोहरा रहा है कि सोमवार रात उसने झूला लगाया था। बच्चे रोजाना की तरह झूले पर झूले और फिसले। रात उसने पीछे वाले पाइप से हवा निकाल दी। शायद इसी दौरान वहां खड़ा कलामुद्दीन उसी के नीचे दब गया हो। मंगलवार रात जब फिर झूला लगाने के समय उसने खोला और हवा भर रहा था तो उसमें कलामुद्दीन का शव फंसा मिला था। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना हादसा है या हत्या, यह अभी साफ नहीं हो सका है।

# दृष्टीबाधित छात्र सुगंध पथ से जाएंगे अपनी कक्षाओं में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ फूलों की खूशबू के सहारे एक से दूसरे विभाग जाएंगे छात्र-छात्राएं

अमृत विचारः डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के दृष्टि दिव्यांग छात्र पौधों के सुगंध के सहारे एक विभाग से दूसरे विभाग का सफर तय करेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कुलपति आचार्य संजय सिंह ने सुगंधपथ का आरंभ किया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एकेडमिक ब्लॉक ए 1 के सामने सुगंध पथ वृक्षारोपण योजना का आरंभ किया गया। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर सुगंधित पौधों का रोपण किया जाएगा। एक विभाग से दूसरे विभाग में जाने वाले परिपथ पर एक ही प्रकार के सुगंधित पौधे रोपे जाएंगे, जिसकी सुगंध के सहारे ही दृष्टि दिव्यांग विधार्थी एक विभाग से दूसरे विभाग में जा सकेंगे।

विश्वविद्यालय की इस उत्कृष्ट पहल से दृष्टिबाधित विद्यार्थी सुगंध के आधार पर विश्वविद्यालय के प्रमुख भवनों को पहचान लेंगे और परिसर में भ्रमण को सुगम बना पायेंगें। इस अवसर पर प्रो. संजय सिंह ने कहा कि यह अभिनव प्रयोग विद्यार्थियों को एक ओर प्रकृति के साथ साहचर्य का भाव बढायेगा तो दूसरी ओर स्वतंत्र संचलन का विश्वास भी पैदा करेगा। परिसर विकास के अध्यक्ष प्रो. अवनीश चन्द्र मिश्र ने बताया कि प्रथम चरण में छात्रावास तिराहे से शैक्षणिक भवन 1 तक के मार्ग सुगंधित पौधों का रोपण किया जा रहा है। शैक्षणिक भवन 1 पर गंधराज, शैक्षणिक भवन 2 पर मधुकामिनी, प्रशासनिक भवन पर मनोकामिनी, पुस्तकालय के पास बेला और इंजीनियरिंग संकाय के पास चमेली और बैंक के पास हरसिगार का रोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर कुलपति ने गंधराज का रोपण किया, साथ ही कुलसचिव रोहित सिंह, डीन एकेडमिक प्रो. वीकेसिंह, डीन फाइन आर्टस प्रो. राजीवनयन, निदेशक अनुसंधान प्रो. एके दुबे, डीन छात्र कल्याण डा. आशुतोष पाण्डेय, कैम्पस डेवपलमेंट के सदस्यों ने भी वृक्षारोपण किया।

# अदीबा मिस व सैय्यद बने मिस्टर फेवरेट

▶▶ लविवि के भेषजिक विज्ञान संस्थान के बीफार्म प्रथम बैच का विदाई समारोह का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय के भेषजिक विज्ञान संस्थान में बीफार्म प्रथम बैच का विदाई समारोह का आयोजन धनवन्तरि सभागार में किया। जिसमें प्रो. अशोक कुमार सिंह, डीन, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय, लविवि प्रो. राकेश कुमार सिंह उपस्थिति रहे। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष ने बी फार्मा प्रथम बैच के सफलतापूर्वक चार वर्षीय कोर्स करने के लिए छात्रों को बधाई दी। निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आप सबने चार वर्षो की कठिन यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की और अपने सपनों की उड़ान भरने जा रहे। इस अवसर पर डॉ. नम्रता सिंह के सफल संयोजन में बी फार्मा तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा किया गया। तृतीय वर्ष के छात्रों ने मिस फेवरेट अदीबा अनीस, मिस्टर फेवरेट सैय्यद अयान को चुना।


## कार्यालय उपजिलाधिकारी लालगंज जनपद रायबरेली

पत्रांक /रा0नि0(का0)-आवंटन/2025-2026 दिनॉक मई 2025

शासनादेश संख्या 1750/1-2-2013-96(रिट)/13 दिनॉक 09 जुलाई 2013, शासनादेश संख्या डब्लू/60/1-2-2013-96(रिट)/13 दिनॉक 27 मई 2013 एवं शासनादेश संख्या डब्लू-370/1-2-13-96(रिट)/13 दिनॉक 27 मई 2013 के द्वारा सिविल मिस रिट याचिका संख्या 18838/2012 प्रमोद कहार व अन्य में बनाम राज्य सरकार व अन्य में पारित मा0 न्यायालय के आदेश दिनॉक 16.04.2012 एवं रिट याचिका संख्या 23932/2001 राजकुमार बनाम उ0प्र0 सरकार व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनॉक 14.05.2011 व सिविल मिस रिट पिटीशन संख्या 39590/2014 श्रीमती कौशिल्या देवी बनाम उ0प्र0 सरकार व अन्य, सिविल मिस रिट पिटीशन संख्या 41064/2014 शंकर बनाम उ0प्र0 राज्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिकाओ में पारित आदेश दिनॉक 08.01.2015 व उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली-2016 के अधिसूचना दिनॉक 10.02.2016 के अनुसार नीलामी हेतु नियत तालाबो का विवरण निर्धारित प्रारूप पर निम्नवत हैः-

नीलामी की तिथि
विकास खण्ड-खीरो- 18.06.2025
विकास खण्ड-लालगंज-19.06.2025
विकास खण्ड-सरेनी- 20.06.2025
नीलामी का स्थान व समय- तहसील सभागार कक्ष लालगंज जनपद रायबरेली (प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक।
नीलामी अधिकारी-तहसीलदार लालगंज ,रायबरेली
आरक्षित बोली- लगान का 10 प्रतिशत।

| कम | ग्राम का नाम जहाँ तालाब स्थित है। | विकास खण्ड | गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे0) में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जगतपुर रामगढी | खीरों | 753 | 1.305 |
| 2 | | | 752ख | 0.645 |
| 3 | चिखडी | खीरों | 434 | 0.607 |
| 4 | दुकनहा | खीरों | 443ख | 0.506 |
| 5 | | | 276 | 0.253 |
| 6 | ऐंधी | खीरों | 1 | 0.412 |
| 7 | चंदौली | खीरों | 319 | 0.276 |
| 8 | रमुवापुरदुबाई | खीरों | 745मि0 | 0.680 |
| 9 | | | 771 | 0.360 |
| 10 | | | 772ख | 1.081 |
| 11 | | | 772क | 0.253 |
| 12 | मिश्रखेडा | खीरों | 259 | 0.322 |
| 13 | खाण्डेपुर | खीरों | 251 | 0.417 |
| 14 | किसुनखेडा | खीरों | 4 | 0.272 |
| 15 | | | 7 | 0.238 |
| 16 | खानपुर खुष्टी | खीरों | 174 | 0.541 |
| 17 | धुराई | खीरों | 106मि0 | 0.506 |
| 18 | | | 1540मि0 | 0.253 |
| 19 | अतरहर | खीरों | 52 | 1.013 |
| 20 | | | 1006 | 0.572 |
| 21 | | | 801ख | 0.316 |
| 22 | हरीपुर मिर्दहा | खीरों | 325ख | 4.641 |
| 23 | खीरो | खीरों | 985 | 0.354 |
| 24 | निहस्था | खीरों | 1025मि0 | 0.589 |
| 25 | | | 401 | 1.798 |
| 26 | पाहो | खीरों | 109 | 0.443 |
| 27 | | | 674 | 0.273 |
| 28 | | | 688छ | 0.379 |
| 29 | | | 770 | 0.313 |
| 30 | | | 1004 | 0.228 |
| 31 | | | 1006 | 0.234 |
| 32 | | | 1717 | 1.296 |
| 33 | | | 1730ख | 0.379 |
| 34 | | | 420 | 0.266 |
| 35 | | | 2055 | 0..277 |
| 36 | | | 1623ग | 0.768 |
| 37 | डुमटहर | खीरों | 685 | 0.585 |
| 38 | | | 156 | 0.512 |
| 39 | लोदीपुर | खीरों | 243 | 1.247 |
| 40 | | | 253 | 1.825 |
| 41 | जेरी | खीरों | 306 | 0.929 |
| 42 | | | 352 | 0.341 |
| 43 | | | 539 | 0.756 |
| 44 | | | 1085 | 0.443 |
| 45 | देवली | खीरों | 106 | 0.253 |
| 46 | लच्छीपुर | खीरों | 1270 | 0.215 |
| 47 | जमुवांवा | लालगंज | 799मि0 | 1.000 |
| 48 | | | 989 | 0.455 |
| 49 | | | 410 | 0.237 |
| 50 | मुस्तफाबाद बेलहनी | लालगंज | 86 | 0.921 |
| 51 | सोण्डासी | लालगंज | 347 | 0.465 |
| 52 | | | 1487 | 0.942 |
| 53 | | | 845 | 0.708 |
| 54 | | | 760 | 0.284 |
| 55 | उतरागौरी | लालगंज | 428ग | 0.354 |
| 56 | | | 528च | 0.873 |
| 57 | अम्बारा पश्चिम | लालगंज | 370मि0 | 0.802 |
| 58 | चॉदाटीकर | लालगंज | 545 | 0.405 |
| 59 | | | 747मि0 | 0.759 |
| 60 | चिलौला | लालगंज | 1654 | 0.281 |
| 61 | धनाभाद | लालगंज | 728मि0 | 1.121 |
| 62 | | | 631मि0 | 1.884 |
| 63 | | | 533मि0 | 0.253 |
| 64 | युसुफपुर | लालगंज | 487ग | 1.610 |
| 65 | हरीपुर | लालगंज | 310 | 0.509 |
| 66 | दयालपुर | लालगंज | 90 | 0.411 |
| 67 | मदुरी | लालगंज | 301 | 0.486 |
| 68 | | | 266 | 0.253 |
| 69 | मटेहना | लालगंज | 77 | 0.911 |
| 70 | सैम्बसी | लालगंज | 18 | 0.304 |
| 71 | | | 21 | 0.228 |
| 72 | | | 191ख | 0.253 |
| 73 | उदवामउ | लालगंज | 312ख | 0.316 |
| 74 | आनापुर | लालगंज | 240 | 0.517 |
| 75 | जगतपुर भिचकौरा | लालगंज | 484 | 0.667 |
| 76 | आलमपुर बाटाए | लालगंज | 495ख | 0.072 |
| 77 | | | 496 | 0.164 |
| 78 | चहोतर | सरेनी | 34 | 0.556 |
| 79 | रासीगॉव | सरेनी | 271 | 0.334 |
| 80 | पल्टीखेडा | सरेनी | 281 | 0.373 |
| 81 | बैरूवा मु0 | सरेनी | 59 | 0.519 |
| 82 | हैबतपुरखुर्द | सरेनी | 175ख | 0.380 |
| 83 | खेमानखेडा | सरेनी | 75 | 0.234 |
| 84 | | | 83 | 0.580 |
| 85 | रामपुरकलां मु0 | सरेनी | 575 मि0 | 0.506 |
| 86 | हैबतपुरकलां | सरेनी | 57 | 0.506 |
| 87 | हिलौली | सरेनी | 101मि0 | 0.506 |
| 88 | तेजगॉव | सरेनी | 1049क | 0.843 |
| 89 | सरायखाण्डे | सरेनी | 356ख | 1.000 |
| 90 | | | 428 | 0.461 |
| 91 | गोंडा | सरेनी | 266मि0 | 0.455 |
| 92 | दुधवन | सरेनी | 424 | 0.354 |
| 93 | गजपतिखेडा | सरेनी | 212मि0 | 0.601 |
| 94 | मुरारमउ | सरेनी | 4क | 0.809 |
| 95 | हरीपुर मु0 | सरेनी | 269 | 0.557 |
| 96 | हमीरगॉव | सरेनी | 590 | 0.382 |
| 97 | भोजपुर | सरेनी | 299ख | 0.506 |
| 98 | खौंद | सरेनी | 243 | 0.405 |
| 99 | झूलपुर | सरेनी | 146 | 0.425 |
| 100 | रामगॉव | सरेनी | 139मि0 | 0.269 |
| 101 | दरियापुर | सरेनी | 245मि0 | 0.413 |
| 102 | लखनगांव | सरेनी | 67कमि | 0.506 |
| 103 | | | 14गमि | 0.615 |
| 104 | चकगौर | सरेनी | 36मि0 | 0.344 |
| | कुल 104 गाटा | | | 61.779 |

1. नीलामी प्रकिया में बोली बोलने की पात्रता एंव. शर्ते शासनादेश (यथा संशोधित संख्या-3726/1-2-95 10-2-17.10.1995 के अनुरूप होगी, जो तहसील मुख्यालय एंव राजस्व परिषद के वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश की प्रति रजिस्ट्रार कानूनगो लालगंज रायबरेली के कार्यालय में उपलब्ध है। जो देखी जा सकती है। इसमें दिये गये प्राविधानों के अनुसार ही नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।
2. उ०प्र० राजस्व सहिंता 2016 की अधिसूचना दिनांक 10.02.2016 की धारा 61 (ख) के अनुसार पट्टा नीलामी में 5 एकड़ छोटे तालाबों के लिए नियत वार्षिक मानक धनराशि मु० 2,000/- प्रति एकड़ व 5 एकड़ से अधिक बड़े तालाबों के लिए मु० 4000/- प्रति एकड़ धनराशि निर्धारित की गयी है तथा तालाबों की नीलामी 10 वर्ष के लिये की जायेगी।
3. मा० उच्च न्यायालय द्वारा सिविल मिस० पिटीशन सं. 29590/2014 श्रीमती कौशिल्या देवी बनाम उ०प्र० राज्य व अन्य एंव सिविल मिस० पिटीशन, सं0 41064/2014 शंकर बनाम उ०प्र० राज्य व अन्य में पारित आदेश के अनुपालन में मत्स्य पालन पट्टे की नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नवीनतम आय.जाति एंव निवास प्रमाण पत्र. जो (विज्ञापन की तिथि से 6 माह से पुराना न हो) अपने प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया जायेगा। 4. पट्टे की शतों एंव नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी हेतु रजिस्टर कानूनगो कार्यालय तहसील लालगंज रायबरेली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
4. नीलामी में बोली बोलने, वाले इच्छुक व्यक्तियों को जमानत धनराशि बोली बोलने से पूर्व जमा करनी होगा तथा नीलामी सम्पन्न होने के पश्चात नीलाभग्रहीता को सर्वोच्च बोली की धनराशि जों तय होगी उसका एक वर्ष का लगान तत्काल जमा करना होगा तथा शेष धनराशि प्रतिवर्ष लगान के रूप में जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर जमानत के तौर पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
5. नीलामी स्वीकृत अथवा अरवीकृत करने का अधिकार एंव अन्तिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

**UP-234655 दिनांक 05.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**उपजिलाधिकारी**
**लालगंज, रायबरेली**

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पाँच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# सतर्कता व तैयारी जरूरी

कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। संक्रमण में लगातार वृद्धि को नए वेरिएंट के प्रसार से जोड़ा जा रहा है, जिसमें एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट शामिल हैं। देश में गुरुवार को कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 तक पहुंच गई। संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1487 केरल के हैं और दिल्ली में 562 दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 526, गुजरात में 508, पश्चिम बंगाल में 538, कर्नाटक में 436, तमिलनाडु में 213, उत्तर प्रदेश में 198, राजस्थान में 103, हरियाणा में 63 और आंध्र प्रदेश में 50 सक्रिय मामले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे चिंतित होने की जरूरत नहीं है लेकिन सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है। भारत में 70 फीसदी से अधिक आबादी में कोरोना का टीकाकरण हो चुका है, लिहाजा विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का मौजूदा वेरिएंट 'मौसमी फ्लू' से कुछ ही ज्यादा है। भारत में सिर्फ कोरोना का ही संकट नहीं है, लेकिन एच5एन1, डेंगू, चिकनगुनिया, निपाह, जीका आदि खतरनाक वायरसों की घर-घर चर्चा है। ये संक्रमण भी फैलते हैं और मौतें भी होती हैं। अभी तक जो मौतें हुई हैं, वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निमोनिया, गुर्दे की पुरानी बीमारी, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम आदि पहले से ही मौजूद बीमारियों के कारण हुई हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना संक्रमण का असर कितना था।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है। कोरोना इस बार खतरा साबित न हो, लेकिन हम नहीं जानते कि कब, कहां और कौन-सा वायरस फैल सकता है। बहरहाल केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इससे निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध कर लेने चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी समझौते के हस्ताक्षरकर्ता भारत को सुनिश्चित करना चाहिए कि देश भर में पर्याप्त टीकों और जांच किट का भंडार बनाया और वितरित किया जाए। जिन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, वे बेहतर संसाधनों और स्वास्थ्य ढांचे वाले राज्य हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि संक्रमण का न्यूनतम विस्तार होना चाहिए। ऐसे में घबराहट और चिंता करने की बजाय सावधानी और एहतियाती दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# सामरिक जरूरतें और विरल धातुओं की कमी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमशः वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्जा है।

एक खबर के मुताबिक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मामले में हम ही नहीं बल्कि अमरीका तक चीन पर बहुत हद तक निर्भर है। यह तो सिर्फ सोलर एनर्जी के लिए पेनल्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक-दो विरल केमिकल एलिमेंट की ही बात है। विरल धातुओं और अधातुओं के खरीद-फरोख्त के लिए सबसे बड़ी मार्किट शंघाई मेटल मार्किट है। मेटल इंडस्ट्री की सबसे बड़ा डाटा इसी मार्किट के पास है और दाम निश्चित नहीं होते हैं। यह एक स्ट्रेटेजिक मार्किट है।

सभी प्रकार के उन्नत सिस्टम्स में जिनमें हाई-टेक इक्विपमेंट, एनर्जी प्लांट्स के कंट्रोलर, युद्धक वायुयान और इनके कंपोनेंट्स, बैटल टैंक्स, मिसाइल्स, पनडुब्बियों की बॉडी और हल से लेकर उन्नत इलेक्ट्रॉनिक या ऑप्टो-एलेक्ट्रॉनिकी में विरल एलिमेंट्स का प्रयोग होता है। भारत को भी कम से कम 2900 टन विरल धातु हर वर्ष चाहिए। दुनिया के वे देश जैसेकि ब्राजील और दक्षिण अमरीकी महाद्वीप के देश जिनमें विरल धातुओं का विशाल भंडार है, इन्हें बेच कर अरबों रुपये की कमाई करते हैं।

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमशः वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्जा है। भारत में विरल केमिकल एलिमेंट्स वाले खनिज का भण्डार 6.9 मिलियन टन है। चीन में यह भण्डार 44 लाख मिलियन टन आंका गया है। अमरीका भी इन धातुओं को हासिल करने के मामले में चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर ज्यादातर निर्भर है। अमरीका का सामरिक महत्व का डिफेन्स प्रोडक्शन 90 प्रतिशत तक चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर टिका है। चीन में विरल एलिमेंट्स की सबसे बड़ी खदान मंगोलिया में बयानओबो नामक स्थल पर है। विरल खनिजों के बिना दुनिया का कोई देश एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में न तो रिसर्च कर सकता है और न ही इनसे कोई उत्पाद बना कर तकनीक में बढ़त हासिल कर सकता है। केमिस्ट्री

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है।

की पीरियाडिक टेबल के अनुसार 17 विरल तत्व -सेरियम, डिस्प्रोसियम, अर्बियम, युरोपियम, गैडोलीनियम, होल्मियम, लैंथेनम, ल्यूटेटियम, नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, प्रोमेथियम, समैरियम, स्कैंडियम, टेरबियम, थ्यूलियम, येटरबियम और येट्रियम हैं। प्रेसियोडिमियम सर्वाधिक मांग वाली विरल धातु है जिसका उपयोग आर्क-लाइटनिंग लैंप में इस्तेमाल होने वाले कार्बन इलेक्ट्रोड, कांच की पॉलिशिंग में उत्प्रेरक, पवन टर्बाइनों और मोटरों में मौजूद स्थायी चुम्बक, वेल्डर और ग्लास बॉल का निर्माण, विमान इंजन में इस्तेमाल होने वाली उच्च-शक्ति वाली कठोरतम धातुएं बनाने के लिए मैग्नीशियम के साथ मिश्र धातु एजेंट के रूप में, मिशमेटल के घटक के तौर पर एक ऐसी सामग्री बनाने में जिसका उपयोग लाइटर के लिए चकमक पत्थर बनाने और में मोशन पिक्चर उद्योग में कार्बन आर्क-लाइट, स्टूडियो लाइटिंग और प्रोजेक्टर लाइट के लिए किया जाता है। उच्च-तीव्रता वाले स्थायी चुम्बक जो हाइब्रिड कारों और पवन टर्बाइनों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के लिए और हाइब्रिड ऑटोमोबाइल के लिए निकल मेटल हाइड्राइड रिचार्जेबल बैटरी में प्रेसियोडिमियम का इस्तेमाल किया जाता है। डिस्प्रोसियम वास्तव में ही रेयर अर्थ मेटल है। इसका उपयोग परमाणु नियंत्रण छड़ों में इसके उच्च तापीय न्यूट्रॉन क्रॉस-सेक्शन के लिए, डेटा भंडारण में इसकी उच्च चुंबकीय संवेदनशीलता और मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव सामग्रियों में किए जाने के अलावा अवरक्त विकिरण के स्रोत के रूप में अन्य तत्वों के साथ जोड़ कर किया जाता है। आयनकारी विकिरण को मापने के लिए डोसिमीटर में और उच्च शक्ति वाले नैनोफाइबर बनाने के लिए इसका उपयोग जाता है। जाहिर है भविष्य में विरल धातुएं और अधातु जीवन-मरण का कारण बनेंगें।

हमें यह नहीं मालूम होता कि सोलर पेनल्स इन्स्टाल करने वाली भारत की बड़ी कंपनियां फोटोवोल्टेइक सैल्स खुद क्यों नहीं बनाती। आयात करके चीन को हम क्या एक बड़ा बिजनेस दे रहे हैं या विरल धातुओं के उसके खजाने के ख़त्म होने का इंतज़ार करना चाहते हैं? फोटोवोल्टेइक सैल्स के निर्माण में अरसे से सिलिकॉन का उपयोग किया जाता रहा है, लेकिन नए पदार्थों और तकनीक के इस्तेमाल के बाद थिन-फिल्म टेक्नोलॉजी के कारण अब नए फोटोवोल्टेइक सैल्स अधिक कुशल और कारगर पाए गएं हैं। सिलिकॉन निर्भरता को कम करने के लिए सामग्री विज्ञान में अमॉर्फस सिलिकॉन, कैडमियम टेल्यूराइड (सीडीटीई), कॉपर इंडियम गैलियम सेलेनाइड (सीआईजीएस और पेरोव्स्काइट्स का उदय नवाचार लाया है। भारत को चीन से रेयर अर्थ एलिमेंट्स की सप्लाई अभी बंद है। अधिकांश मात्रा में विरल एलिमेंट्स का भारत द्वारा आयात किया जाता है। चीन ने इनके निर्यात के लिए व्यापार लाइसेंस को अनिवार्य किया है और साथ में एक डिप्लोमेटिक नीति भी लागू की है कि किस देश को देना है और किस को नहीं। चीन की सरकार चाहती है कि आयातक देश इस बात का लिखित में आश्वासन दे कि इन विरल धातुओं का इस्तेमाल फ्रंटियर डिफेन्स टेक्नोलॉजी के विकास और निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। यह एक मुसीबतजदा शर्त है। हाल ही में इन तत्वों के लिए बढ़ती वैश्विक दौड़ के कारण यह हुआ है। भारत की वर्तमान खपत हालांकि कम है और व्यवधानों के कारण आपूर्ति अभी तक असुरक्षित है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत की अनेक निर्णायक परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विरल धातुओं और अधातुओं की मांग बढ़ने से आयात निर्भरता हमें जोखिम में डाल सकती है। इसीलिए कुछ वर्ष पहले ही कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री ने भारत सरकार से एक रेयर अर्थ डेवलपमेंट कारपोरेशन बनाने की मांग भी की थी। इसी के मद्देनज़र भारत सरकार ने सन 2012 में रेयर अर्थ्स एंड एनर्जी क्रिटिकल एलिमेंट्सः ए रोडमैप एंड स्ट्रेटेजी फॉर इंडिया', दस्तावेज तैयार किया था। इस रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर कैसा और कितना अमल हुआ है, ज्ञात नहीं है क्योंकि ऐसी जानकारी अक्सर क्लासिफाइड होती है। इन धातुओं के खनन, एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग के लिए स्पेशल स्किल्ड वर्कर्स और विशेष मशीनरी युक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। राष्ट्र की सुरक्षा और इकॉनोमिक डेवलपमेंट के लिए भारत ने 30 खनिज धातुओं और अधातुओं को महत्वपूर्ण माना है।

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, जीएसआई ने विरल खनिजों की उपलब्धता और खनन करने के लिए 195 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू की हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत रेयर अर्थ्स इंडिया, लिमिटेड एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भारत में दुर्लभ खनिज मोनाजाइट से उच्च शुद्ध ऑक्साइड के रूप में उत्पादन करने के लिए अधिकृत किया गया है जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीन और आरक्षित भंडारों के दोहन के लिए आशय पत्र दिए जाने के साथ ही रेयर अर्थ एलिमेंट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ाने की योजना है ताकि इस खनिज से हमें अनेक विरल धातु एक साथ प्राप्त हो सकें। यह एक स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव है। आधिकारिक डेटा से पता चलता है फिलहाल दुर्लभ धातुओं का हमारा आयात 2270 टन है जिसमें से अधिकांश आयात चीन से और बाकी का जापान, रूस, कोरिया और अन्य देशों से हुआ। इसमें चीन से प्राप्त विरल धातुओं का हिस्सा 59 प्रतिशत है। भारत की यह निर्भरता वैश्विक विरल धातु खनन और प्रसंस्करण में चीनी प्रभुत्व के कारण है।

## प्रसंगवश

# भगदड़ में सतर्कता और समझदारी ही सुरक्षा

बेंगलुरु के चन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत दुखद और हृदय विदारक घटना है। वास्तव में भगदड़ की घटनाएं तब घटित होतीं हैं जब भीड़ अपना नियंत्रण खो देती है। बहुत बार अफवाहों के फैलने, खौफ,डर या घबराहट और सीमित जगह के कारण भी भगदड़ की घटनाएं घटित हो जातीं हैं। खराब भीड़ प्रबंधन जैसे कि पर्याप्त सुरक्षाकर्मी या निकास के लिए स्पष्ट मार्ग न होना भी भगदड़ का कारण बन जाता है। बेंगलुरु में जो घटना घटित हुई है, उसमें एक लाख से भी ज्यादा फ़ैंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत (18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी की जीत का जश्न मनाने के लिए) का जश्न मनाने के लिए स्टेडियम के बाहर जमा हुए थे। वास्तव में, जब यह हादसा हुआ, उस समय स्टेडियम का गेट नहीं खुला था और बड़ी संख्या में लोग एक छोटे से गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। यह ठीक है कि किसी टीम की जीत पर दर्शकों का उत्साह स्वाभाविक ही होता है लेकिन बड़े आयोजन की तैयारियां बहुत ही माकूल होनी चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह पूरी घटना कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही और भीड़ प्रबंधन में विफलता को ही दर्शाती है। यदि समय रहते भीड़ को नियंत्रित करने के वैकल्पिक उपाय, जैसे कि पर्याप्त वैरिकेडिंग, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन निकासी की व्यवस्था इत्यादि पहले से की गई होती तो ऐसी हृदयविदारक घटना को टाला जा सकता था। घटना के संदर्भ में मीडिया के हवाले से यह भी सामने आया है कि आरसीबी ने अपने प्रशंसकों को मुफ्त पास बांटे, जिसकी वजह से अचानक भीड़ इतनी बढ़ गई। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ की इस त्रासदी के दर्द ने जीत की ख़ुशी को ख़त्म कर दिया है। सच तो यह है कि लोग आरसीबी की आईपीएल में जीत के जश्न का गवाह बनने आए थे, लेकिन इस त्रासदी ने अनेक परिवारों को वह दर्द दिया है, जो वो शायद ही कभी भुला पाएंगे। हमारे देश में अब तक भगदड़ की अनेक घटनाएं सामने आ चुकीं हैं, लेकिन दुःख इस बात का है कि हम ऐसी त्रासदियों से सबक नहीं लेते हैं और लापरवाही के कारण बहुत बार बड़ी घटनाएं घटित हो जातीं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ एक गंभीर खतरा है, जिससे बचने के लिए हमें सतर्क रहने और उचित उपाय करने चाहिए। कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में 30-40 लोगों की मौत हो गई थी। वास्तव में,भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। अक्सर भगदड़ मचने के पीछे जो कारण निहित होते हैं उनमें क्रमशः मनोरंजन कार्यक्रम, एस्केलेटर और मूविंग वॉकवे, खाद्य वितरण, जुलूस, प्राकृतिक आपदाएं, धार्मिक आयोजन, धार्मिक/अन्य आयोजनों के दौरान आग लगने की घटनाएं, दंगे, खेल आयोजन, मौसम संबंधी घटनाएं आदि शामिल होते हैं। बैरिकेड्स, अवरोध, अस्थायी पुल, अस्थायी संरचनाएं और पुल की रेलिंग का गिरना, दुर्गम क्षेत्र (पहाड़ियों की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल जहां पहुंचना मुश्किल है), फिसलन युक्त या कीचड़ युक्त मार्ग, संकरी गलियां एवं संकरी सीढ़ियां, खराब सुरक्षा रेलिंग, कम रोशनी वाली सीढ़ियां, बिना खिड़की वाली संरचना, संकीर्ण एवं बहुत कम प्रवेश या निकास स्थान, आपातकालीन निकास का अभाव भी बहुत बार भगदड़ के कारण बन सकते हैं। अप्रभावी भीड़ प्रबंधन तो भगदड़ मचने का कारण है ही। बहुत बार यह देखा जाता है कि किसी एक प्रमुख निकास मार्ग पर ही लोगों की निर्भरता होती है,जो भगदड़ का कारण बन जाती है। आज अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि किसी कार्यक्रम विशेष के लिए क्षमता से अधिक लोगों को अनुमति दे दी जाती है। बहुत से स्थानों पर उचित सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का भी अभाव होता है, जिससे सूचना देने में दिक्कत आती है। भीड़ अनेक बार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाती है और सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन नहीं करती है। वास्तव में सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के लिए पूर्व में ही गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा साथ ही साथ भीड़ को प्रबंधित करने के लिए हमारे पास अच्छी योजनाएं भी होनी चाहिए।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# ड्रोन बना युद्ध का प्रमुख हथियार



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है।

ड्रोन ने दुनिया भर में युद्ध का तरीका बदल दिया है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने तबाह किए तो पाकिस्तानी सेना ने सैकड़ों की संख्या में ड्रोन भेजकर हमले किए। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में खत्म कर दिया। इससे पहले इजरायल-गाजा और रूस-यूक्रेन वॉर में भी ड्रोन का जमकर इस्तेमाल किया गया। इससे एक बात साफ हो गई है कि ड्रोन अब सिर्फ तकनीक नहीं हैं, अब ये युद्ध की दिशा बदलने वाला हथियार हैं।

हाल ही में यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। इतिहास के पन्ने पलटे तो दूसरे विश्व युद्ध से पहले ब्रिटेन ने रिमोट से चलने वाली डीएच82बी क्वीन बी ड्रोन बनाया गया। 'ड्रोन' शब्द की उत्पत्ति इसी नाम से हुई है। यह किसी भी लक्ष्य की जानकारी लेने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा था। 'क्वीन बी' को दुनिया का सबसे पहला आधुनिक ड्रोन माना गया था। 'क्वीन बी' का उपयोग ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्सेस में किया गया था। इस ड्रोन की सफलता के बाद ही अमेरिका ने अपना ड्रोन प्रोग्राम शुरू किया था। अमेरिका ने ब्रिटेन में ड्रोन के सफल होने के बाद अपने यहां ड्रोन बनाने शुरू कर दिए। अमेरिका ने वियतनाम वॉर के दौरान पहली बार छोटे रिमोट कंट्रोल ड्रोन 'रयान एक्यूएम 91' का इस्तेमाल किया था। अमेरिकी आर्मी ने इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर उत्तरी वियतनाम में दुश्मन की जासूसी करने के लिए किया था। 'रयान एक्यूएम 91' दो कैमरों से लैस था। 9/11 के बाद अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान में हेलफायर मिसाइल प्रीडेटर ड्रोन का बड़े लेवल पर इस्तेमाल किया। यह ड्रोन 24 घंटे उड़ान भरने में सक्षम था। एक समय तक ड्रोन तकनीक और ड्रोन इंडस्ट्री पर अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल का कब्जा था। साल 2015 के बाद ड्रोन तकनीक वैश्विक हो गई। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एल्गोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया। यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकड़जाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमेरिका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमेरिका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमेरिका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। जिस भी देश की रक्षा प्रणाली में उन्नत तकनीक के ड्रोन भी शामिल हैं, उस देश की सेना कई गुना ताकतवर हो जाती है।

## सोशल फोरम

# संतुलित दृष्टिकोण जरूरी

आज भारत जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें एक गहरी मानसिक और बौद्धिक बेचैनी दृष्टिगोचर होती है। एक ओर अतीत के गौरवगान में डूबा राष्ट्र है, तो दूसरी ओर वर्तमान की विफलताओं और भविष्य की अनिश्चितताओं से घिरा हुआ समाज। ऐसे में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता हैः क्या भारत आत्ममुग्ध ऐतिहासिक चेतना में फंसा हुआ है? और क्या यह उसकी प्रगति में बाधा बन रही है? भारत का अतीत निस्संदेह सांस्कृतिक, दार्शनिक और बौद्धिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। किंतु इस अतीत को देखने की दृष्टि में संतुलन का अभाव दिखाई देता है। अतिगौरव का मोहः हम विश्वगुरु थे, हमने शून्य खोजा, "हमारे वेदों में सब विज्ञान है-ऐसी घोषणाएं एक सांस्कृतिक आत्मविश्वास नहीं, बल्कि एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक क्षतिपूर्ति बन जाती हैं। वे न तो वैज्ञानिक समीक्षा की कसौटी पर उतरती हैं, न भविष्य निर्माण के लिए व्यवहार्य कार्यक्रम बनाती हैं।

भारतीय शिक्षा प्रणाली ने न तो इतिहास का आलोचनात्मक बोध विकसित किया, न भविष्य की कल्पना करने की प्रेरणा दी। हमारी पाठ्यचर्या में अतीत या तो स्तुति के भाव में आता है, या औपनिवेशिक लज्जा में दबा रहता है। परिणामस्वरूप, युवा पीढ़ी या तो पश्चिमी आदर्शों की नकल करती है या पुनरुत्थानवादी मिथकों में अपनी पहचान खोजती है। जब समाज को वर्तमान में न्याय, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में निरंतर विफलता का सामना करना पड़ता है, तब वह सांस्कृतिक स्मृति में शरण लेता है। अतीत एक मनोवैज्ञानिक सुरक्षित स्थान बन जाता है, जो वर्तमान की कटुता से राहत देता है-भले ही वह राहत काल्पनिक हो। भारत को न तो अपने भूतकालीन सांस्कृतिक उपलब्धियों पर अति गौरव करना चाहिए, न अपनी ऐतिहासिक भूलों पर लज्जित और निरुत्साहित होना चाहिए। न ही उन गलतियों को तर्कों से छुपाना चाहिए। भारत को चाहिए कि वह-अतीत से प्रेरणा ले, पर उसमें फंसे नहीं,अपनी भूलों से सीखे, पर उनमें गुलाम न हो जाए, और अपने वर्तमान की समस्याओं को सुलझाते हुए, भविष्य का एक न्यायपूर्ण, बौद्धिक और सृजनशील मार्ग बनाए।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

-फेसबुक वॉल से

# क्या डगमगाएगा भारत का ईवी सपना



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत को क्या होगा नुकसान: टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण।

'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को मजबूत बनाने की दिशा में कई प्रयास कर रही है, लेकिन इन प्रयासों को झटका तब लगा जब विश्व की अग्रणी ईवी निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में उत्पादन संयंत्र स्थापित करने में रुचि नहीं दिखाई। वहीं दूसरी ओर, चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नई पाबंदियां लगाकर भारत के ऑटो उद्योग के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। इन दोनों घटनाओं का भारत के ईवी बाजार, निवेश माहौल और राजस्व संभावनाओं पर गहरा असर पड़ेगा।

टेस्ला क्यों नहीं चाहती भारत में बनाना वाहनः टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने स्पष्ट किया है कि भारत में उच्च आयात शुल्क के चलते वह अपनी कारें भारत में बेचना लाभकारी नहीं समझते। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों पर 60प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगता है। टेस्ला चाहती थी कि सरकार पहले आयात पर छूट दे जिससे कंपनी बाजार को परख सके, जबकि भारत सरकार की नीति साफ थी- 'भारत में बनाओ तभी टैक्स छूट पाओ'। इसी मतभेद के चलते टेस्ला ने फिलहाल भारत में निवेश से किनारा कर लिया और इंडोनेशिया जैसे देशों की ओर रुख कर लिया, जहां बैटरी मटेरियल्स की सुलभता, सरकारी प्रोत्साहन और बाजार की लचीलता अधिक है।

भारत को क्या होगा नुकसानः टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण। अनुमान के अनुसार, अगर टेस्ला भारत में गीगाफैक्ट्री खोलती, तो अगले 10 वर्षों में करीब 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष राजस्व उत्पन्न होता। लाखों रोजगार बनते और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में एक बड़ा उछाल आता। इसके अलावा, टेस्ला की मौजूदगी विदेशी निवेशकों के लिए भारत को अधिक आकर्षक बनाती। अब टेस्ला के ना आने से ये संभावनाएं फिलहाल धूमिल हो गई हैं। टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनी की अनुपस्थिति में टाटा मोटर्स, महिंद्रा, ओला इलेक्ट्रिक और एमजी मोटर्स जैसी भारतीय कंपनियों को बाजार में थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है, लेकिन ये राहत ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। उपभोक्ताओं की तकनीकी अपेक्षाएं बढ़ रही हैं और यदि भारत को वैश्विक ईवी मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनानी है, तो उसे वैश्विक तकनीकों और प्रतिस्पर्धा का सामना करना ही होगा।

टेस्ला की दूरी के बीच भारत के ईवी उद्योग को एक और झटका तब लगा जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया। लैंथेनम, नीओडिमियम, टेरबियम, और डिस्प्रोसियम जैसे खनिजों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों, मोटर मैग्नेट्स और अन्य इलेक्ट्रिक घटकों में होता है। चीन दुनिया में रेयर अर्थ खनिजों का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन करता है। ऐसे में उसकी ओर से निर्यात सीमाएं भारत जैसे देशों के लिए चिंता का कारण बन जाती हैं।

फिलहाल भारत अपनी रेयर अर्थ जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा चीन से ही आयात करता है। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत अपने आंतरिक संसाधनों की ओर ध्यान दे। आंध्र प्रदेश, झारखंड और राजस्थान में इन खनिजों की उपस्थिति पाई गई है। इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक खनन और प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार को प्राथमिकता देनी होगी।

साथ ही, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और वियतनाम जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी करके भारत को अपने आयात स्रोतों में विविधता लानी होगी। वहीं भारतीय अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप्स को बैटरी रीसाइक्लिंग, सॉलिड-स्टेट बैटरियां और सोडियम-आयन जैसी नई तकनीकों पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि चीन की निर्भरता कम हो सके।

क्या यह संकट भारत को आत्मनिर्भर बना सकता हैः टेस्ला का न आना और चीन की पाबंदियां निश्चित रूप से भारत के ईवी मिशन के लिए एक बड़ी चुनौती हैं, लेकिन हर चुनौती में एक अवसर छिपा होता है। यदि भारत इस मौके को सही रणनीति से साध ले-जैसे टेक्नोलॉजी में निवेश, खनिज संसाधनों का उपयोग, और विदेशी सहयोग- तो यह संकट भारत के लिए एक बदलावकारी मोड़ बन सकता है। आने वाले समय में भारत को यह तय करना होगा कि वह इन वैश्विक दबावों के आगे झुकेगा या आत्मनिर्भरता के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ेगा। यदि सरकार और उद्योग जगत मिलकर काम करें, तो भारत न केवल एक सशक्त ईवी बाज़ार बन सकता है, बल्कि वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में भी उभर सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### सीएम के जन्मदिन पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर मोहनलालगंज की पूर्व सांसद रीना चौधरी की बधाई पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को काकोरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि आरोपी काकोरी कस्बे का रहने वाला इकबाल उर्फ बब्बू है। रीना चौधरी ने मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर फेसबुक पर बधाई संदेश पोस्ट किया था। इकबाल ने उस पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय उर्फ धीरू ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

### 12 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव पुलिस ने 12 साल से फरार चल रहे आरोपी को मड़ियांव पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि सीतापुर जिला स्थित मानपुर थाना के मदारगंज गांव निवासी आरोपी गुड्डू उर्फ नूर मोहम्मद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वह साथियों के साथ मोटरसाइकिल चोरी कर उसके नंबर प्लेट बदलकर बेचने के मामले में फरार चल रहा था।

### दोषी को 3 वर्ष की सजा

**अमृत विचार, सीतापुर :** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत प्रभावी अभियोजन के चलते ग्राम खड़सार थाना रामपुर कलां के दोषी पुनित उर्फ पुन्नु को 3 वर्ष के कारावास एवं 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

# प्रदेश में बिछेगा पुलों का जाल खर्च होंगे 28346 करोड़ रुपये

## लोक निर्माण विभाग ने बनाई कार्य योजना, बनेंगे 3235 पुल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 60 मीटर से अधिक लंबे पुलों को बनाएगा राज्य सेतु निगम
- जीर्ण-शीर्ष अवस्था वाले पुलों का नवनिर्माण व विकास होगा

**अमृत विचारः** प्रदेश के सभी शहरों, तहसीलों, जिलों, ब्लॉक व ग्राम में बेहतर आवागमन के लिए पुलों का जाल बिछेगा। योगी सरकार 28346 करोड़ रुपये खर्च करके कुल 3235 पुल बनाएगी। इसमें 60 मीटर से अधिक लंबे पुलों का निर्माण उ.प्र राज्य सेतु निगम करेगा, जबकि 6 मीटर से 60 मीटर तक लंबा पुल लोक निर्माण विभाग बनाएगा।

लोकनिर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 के अनुसार जिन बड़े व छोटे पुलों का निर्माण होना है उसमें मुख्यतः तीन योजनाओं का समावेश होगा। इसमें राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राज्य योजना (ग्रामीण) तथा राज्य योजना (शहरी) प्रमुख हैं। इन तीनों योजनाओं के जरिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पुलों के निर्माण के साथ ही कच्चे व लकड़ी के पुल और जीर्ण-शीर्ष अवस्था वाले पुलों का नवनिर्माण व विकास सुनिश्चित होगा।

इसमें विशेष रूप से ऐसे क्षेत्रों में स्थायी पुलों के निर्माण पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है जहां पुल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या फिर ग्रामीण मार्गों पर जनता द्वारा अस्थायी पुलों का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण सेतुओं के निर्माण को वरीयता के आधार पर निर्मित किया जाएगा जिससे मार्गों की सुरक्षा के साथ ही यातायात के लिए स्थायी समाधान उपलब्ध हो सकेगा।

### जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर मानक में शिथिलता

कार्ययोजना के अनुसार जिन 3235 दीर्घ व लघु पुलों के निर्माण, नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण व विकास किया जाना है, उनमें अधिक आबादी को लाभान्वित करने के लिए विशेष तौर पर वरीयता के आधार पर चिह्नित किया जाएगा। यहां आवागमन की दूरी को घटाने और यातायात के उचित प्रबंधन के लिए जन प्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर 10 किमी के मानक में शिथिलता दी जा सकती है। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक, धार्मिक या पर्यटन महत्व वाले स्थलों पर 10 किमी की शर्त लागू नहीं की जाएगी।

### सड़क के अनुरूप बढ़ेगी पुलों की चौड़ाई

राज्य मार्ग व प्रमुख जिला मार्गों पर ऐसे सेतु जिनकी चौड़ाई मार्ग से कम है और अन्य जिला मार्ग पर स्थित ऐसे ब्लैक स्पॉट्स जहां पर पुलों की चौड़ाई मार्ग की अपेक्षा कम है, उन पर विशेष रूप से फोकस किया जाएगा। यहां चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण के साथ ही आवश्यक्तानुसार नवीनीकरण व नवनिर्माण की प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा।

## जिले में अच्छी बारिश होने की जताई जा रही उम्मीद

**अमृत विचार, हरदोईः** जिले में जल्द ही अच्छी बारिश होने की बात मौसम वेधशाला प्रभारी ने बताई है। गुरुवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। बादलों की आवाजाही होती रही। छह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। कई दिनों ने तेज धूप की मार झेल रहे जिलेवासियों को गुरुवार को भी राहत महसूस हुई। छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलती रही, जिससे न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्शियस पहुंच गया। मौसम वेधशाला प्रभारी के अनुसार जल्द ही जिले में अच्छी बारिश होगी। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने धान की बुवाई शुरू कर दी है।

# मजदूर की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बुधवार देर रात अलीगंज के त्रिवेणीनगर-3 में हुई थी घटना

**अमृत विचारः** अलीगंज के त्रिवेणीनगर-3 स्थित शिवलोक कालोनी में बुधवार देर रात घर में घुसकर मजदूर बाबूलाल कश्यप की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से वारदात में प्रयुक्त चाकू, लोहे की पाइप और स्कूटी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मजदूर की नाबालिग रिश्तेदार को भगाकर दुष्कर्म किया। इस मामले में उसे जेल भेज दिया गया था। इसी कारण उसने मजदूर की हत्या की थी।

पुलिस के मुताबिक सीतापुर के अटरिया स्थित बिरसिंहपुर निवासी बाबूलाल कश्यप अलीगंज के शिवलोक इलाके में किराए पर रहकर मजदूरी करता था। उसकी पत्नी और बच्चे बुधवार को एक रिश्तेदार के घर गए हुए थे। देर रात पत्नी और बच्चे घर लौटे तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। उन लोगों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा खुला नहीं। बच्चे ने दरवाजे के नीचे से झांक कर देखा तो एक व्यक्ति अंदर दिखाई दिया। बाबूलाल खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था। पत्नी और बच्चों ने सोचा कि कोई चोर घर के अंदर घुसा हुआ है। उन लोगों ने मदद के लिए शोर मचा दिया। इसी बीच घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाबूलाल की हत्या करने का आरोपी पीछे की दीवार तोड़ कर भाग गया। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। फुटेज में एक व्यक्ति घर के अंदर से भागते हुए नजर आया।

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पत्नी को दिखाई। पत्नी ने वारदात करने वाले की पहचान रिश्ते के भांजे अनुज कश्यप के रूप में की।

### 15 दिन पहले जेल से छूटा

बाबूलाल की पत्नी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024 में आरोपी उनकी एक नाबालिग रिश्तेदार को भगा ले गया था। उसने नाबालिग रिश्तेदार को बंधक बनाकर जबरन उसके साथ रेप किया था। उसे अलीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 15 दिन पहले ही आरोपित अनुज कश्यप जेल से जमानत पर बाहर आया था। उसे लगता था कि बाबूलाल के कारण ही उसकी गिरफ्तारी हुई। इस लिए वह रंजिश रखता था। साजिश के तहत मौका देखकर उसने बाबूलाल की हत्या कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके आरोपित की तलाश में जुटी थी। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली की आरोपित स्कूटी से भाग रहा है। पुलिस ने उसे मदेयगंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

### वन डे वन प्रॉब्लम के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार, हरदोई :** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में चलाए जा रहे वन डे वन प्रॉब्लम के तहत मझिला पुलिस ने प्राप्त तहरीर का मौके पर निस्तारण किया। 4 जून को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान थाना मझिला क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र दिया था। एसपी ने उक्त प्रार्थना पत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी मझिला को प्राथमिकता के आधार पर मौके पर जाकर समस्या का उचित निस्तारण को कहा था। इसके अलावा वन डे वन प्राब्लम के तहत बेहटा गोकुल पुलिस ने पीड़ित की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के निवासी ने एसपी के समक्ष उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिया कि विपक्षी द्वारा आवेदक की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है तथा आवेदक के साथ गाली-गलौज व मारपीट की गयी।

## पर्यावरण दिवस



गुडंबा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में चित्र बनाते बच्चे। अमृत विचार

### लखनऊ जंक्शन पर लगाई गई प्रदर्शनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ जंक्शन पर गुरुवार को ' 'पर्यावरण संरक्षण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान मिट्टी के बर्तन और कपड़े के थैलों के स्टॉल लगाए गए। इसके माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर डीआरएम गौरव अग्रवाल ने ' 'उद्यान वाटिका में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबन्धक (परिचालन) रजनीश गुप्ता, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम रोहित कुमार त्रिपाठी और अन्य शाखाधिकारी उपस्थित रहे। डीआरएम ने रेलकर्मियों को ' 'पर्यावरण संरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रेल कर्मियों और स्काउट-गाइड जिला संघ के सदस्यों ने पर्यावरण संबंधी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।



प्रमाण पत्रों के साथ बच्चे व आयोजक। अमृत विचार

### वर्षा ऋतु के समापन तक चलेगा अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेवा संकल्प संस्था द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत लाइफ सेंटर चर्च कैम्पस सैदपुर जागीर, निकट शुक्ला चौराहा जानकीपुरम से की गई। कार्यक्रम की संयोजिका टीना मार्क ने बताया कि यह अभियान पूरे वर्षा ऋतु के समापन तक चलता रहेगा, इसके अंतर्गत सेवा संकल्प के सक्रिय कार्यकरताओं द्वारा आमजनमानस को पर्यावरण को बचाने, प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने हेतु जागरूक किया जाएगा, साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों एवं आमजन के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में पौधे लगाते विभागाध्यक्ष व अन्य।

### पूरा कर रहे 500 पौधों का संकल्प : सत्येंद्र कुमार

**अमृत विचार लखनऊ :** रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में राजकीय नर्सेज संघ के पदाधिकारियों ने विभागाध्यक्ष डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी के कर कमलों से पौधे रोपित कर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की। राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार एवं अन्य नर्सेस ने एक एक पौधा लगाकर 500 पेड़ लगाने के अभियान को गति प्रदान की । रेस्पिरेटरी विभाग में कार्यरत सत्येंद्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 500 पौधे लगाने का संकल्प लिया था जिसे पूर्ण करने में वह पूर्ण मनोयोग से जुटे हैं।

### प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर हुई वाद विवाद प्रतियोगिता

**अमृत विचार, काकोरी :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज काकोरी में महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश की पहल पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काकोरी एवं विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से वाद विवाद निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । विश्व पर्यावरण दिवस की थीम एडिंग ग्लोबल प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर आधारित वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमश : अवनीश सैनी, मृगांक शेखर व मोहम्मद एन फहद को प्राप्त हुआ।

### विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम लगाकर लिया संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखंड बक्शी का तालाब के परिषदीय विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम लगाकर, उसको संरक्षित करने के संकल्प के साथ मनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति शुक्ला ने बताया कि समर कैंप प्रभारी अनुराग सिंह राठौड़ के सौजन्य से सेवा संकल्प संस्था व स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के पारस्परिक सहयोग से विकासखंड के 15 बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में पर्यावरण जागरूकता से संबंधित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अनुराग सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुडंबा, बेहटा, हरदौरपुर, मानपुर बना, कठवारा, सरैंया, इटौंजा, महिगांव, बगहा, सूरजपुर गढ़ा, अर्जुनपुर, बरगदी, देवरी कला, राजापुर इंदौरा, अर्जुनपुर आदि विद्यालयों में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया व सेवा संकल्प संस्था द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आए बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा

**अमृत विचार, काकोरी :** सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूल भरोसा में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण और जागरूकता सत्र आयोजित किए गया, जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझा। भारती एयरटेल फाउंडेशन और स्कूल प्रशासन के सहयोग से चल रहे इस शिविर को लेकर प्रधानाचार्य ने कहा, ग्रीष्मकालीन शिविरने बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह आयोजन बच्चों के लिए शिक्षा और मनोरंजन का एक अनूठा मंच साबित हुआ।

# महिलाओं को सशक्त बना रही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना

लखनऊ, अमित पांडेय

- महिलाओं के तेजी से बढ़ते स्वरोजगार की ओर कदम
- 235 महिलाओं को मिला चुका है ऋण

**अमृत विचारः** राजाजीपुरम निवासी रीना चौहान ने बताया कि उनको अलमीरा का काम शुरु करना था लेकिन रुपयों का इंतजाम नहीं हो पा रहा था। उद्यमी योजना के द्वारा उनको 5 लाख का लोन स्वीकृत हुआ जिससे उन्होंने अपना व्यवसाय शुरु कर दिया है।

-सरोजनीनगर निवासी शुभांगी सिंह ने बताया कि वह सामाजिक कार्य करती हैं। समय-समय पर नेत्र परीक्षण कैंप समेत विभिन्न तरीकों के आयोजन भी कराती हैं। उद्यमी योजना में आवेदन किया था जो स्वीकृत हो गया है। अब वह नेत्र परीक्षण केन्द्र खोल लोगों का निःशुल्क परीक्षण करने को तैयार हैं।

देखने में यह महज दो बानगी हैं लेकिन बेरोजगार महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना किसी बडे.सहारे से कम नहीं है। ये महिलाएं बिना गारंटी मिलने वाले ऋण पर निर्भर बन सफलता के नित नए सोपान तय कर अबला से सबला बन रही हैं।

महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए उद्यमी योजना में आवेदन कर रही हैं। जिसमें बैंकों की भूमिका अधिक है।

जिला उद्योग केंद्र भी बिना ज्यादा समय गवाएं आवेदन कर ~~महिलाओं की फाइलों की स्वीकृत~~ कर उन्हें जल्द से जल्द निस्तारित कर मजबूत कर रहा है।

### रुपयों का अभाव अब नहीं खलता

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का ऋण राजधानी की महिलाओं को रोजगार देकर उन्हें अबला से सबला बना रहा है। महिलाएं स्वीकृत ऋण से इंटीरियर डिजाइनिंग, अलमीरा, नेत्र परीक्षण, स्ट्रीट वेंडर समेत क्षेत्रों में अपने कदम बढ़ा रहीं है। जो महिलाएं पहले रुपयों के अभाव में हताश और निराश रहती थी, वहीं महिलाएं अब तरक्की को दे रहें नया आधार दे रहीं है।

> अभी तक लगभग 1400 लोगों के लोन स्वीकृति के लिए बैंकों को भेजे जा चुके हैं। इसी के साथ 490 लोगों को लोन प्राप्त भी हो चुका है और 619 लोगों का ऋण स्वीकृत हो चुका है। योजना के अन्तर्गत लगभग 235 महिलाओं को पैसा दिया जा चुका है।
>
> -मनोज कुमार चौरसिया, उपायुक्त जिला उद्योग

## दो अभियुक्तों को मिली सजा

**अमृत विचार, सीतापुर :** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत थाना खैराबाद पर विवेचना एवं प्रभावी अभियोजन के फलस्वरूप अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी), न्यू कोर्ट द्वारा मुकदमे में दोष सिद्ध दो आरोपियों हरिराम, छोटकन्ने को कठोर दंड सुनाया गया है। साथ ही 5 वर्ष का कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह सजा एक पुराने हत्या के मामले में सुनाई गई है, जिसमें अभियुक्तगण ने एक विवाद के दौरान गंभीर चोटें पहुंचाकर व्यक्ति की जान ले ली थी।

## दानपात्र तोड़कर नकदी ले गए चोर

**अमृत विचार, उन्नावः** सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा चौकी अंतर्गत गोकुल बाबा मंदिर के पास बने दुर्गा मंदिर में बीती रात चोर धावा बोलकर दानपात्र तोड़कर नकदी उठा ले गए। सुबह पूजा करने पहुंचे पुजारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा गांव स्थित प्रसिद्ध गोकुल बाबा मंदिर के पास गलगलहा प्रधान प्रमोद शर्मा के परिजनों ने मंदिर का निर्माण करा दुर्गा जी प्रतिमा की स्थापना कराई थी। मंदिर की देखरेख व पूजन के लिए कोतवाली क्षेत्र के देवीखेड़ा गांव निवासी निर्भय कुमार मंदिर में पुजारी हैं। रोज की तरह वह बुधवार शाम आरती पूजन के बाद मंदिर बंद कर घर लौट गए।

# संदिग्ध हालात में बालक की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत

संवाददाता, कछौना, हरदोई



**अमृत विचार।** 10 वर्षीय बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

ग्राम सभा खजोहना के मजरा कहलईया निवासी परमाईलाल का पुत्र विपल्व बुधवार शाम 3 बजे से लापता था। गुरुवार सुबह उसका शव गांव के बाहर पानी की टंकी के पास गड्ढे में मिला। पिता परमाईलाल ने बताया कि बेटे के लापता होने के बाद से ही उसकी तलाश कर रहे थे, ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना परिजनों को दी। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने समय पर खोजबीन की होती तो शायद घटना नहीं होती। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, गड्ढे के ऊपर चड्डी-बनियान रखी हुई थी। उनका मानना है कि नहाने गया बालक गहराई का अंदाजा न लगा सका और उसकी डूबकर मौत हो गई। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

## रामकोट थाने का वीडियो वायरल, सिपाही निलंबित

**अमृत विचार, सीतापुरः** रामकोट थाने से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें तत्कालीन दरोगा समय सिंह और सिपाही हृदेश कुमार अवैध खनन के पैसों के बंटवारे को लेकर बहस करते दिख रहे हैं। यह वीडियो करीब तीन माह पुराना है। दरोगा की तैनाती फिलहाल रायबरेली में है, जबकि सिपाही का तबादला दो महीने पहले सदरपुर थाने हुआ था, लेकिन वह अब भी रामकोट में ड्यूटी कर रहा था। मामला संज्ञान में आते ही एसपी ने सिपाही को निलंबित कर दिया। दरोगा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए रायबरेली पुलिस को पत्र भेजा गया है।

# रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर छापा, दो गिरफ्तार

**अमृत विचारः** विनीतखंड स्थित चिक सेक रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर गोमतीनगर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को देखते ही लोग भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दो कर्मचारियों को पकड़ लिया। हुक्का बार से 4 हुक्का, चिलम, पाइप और फ्लेवर तंबाकू पुलिस ने बरामद की है। पुलिस हुक्का बार का संचालन करने वाले मैनेजर और मालिक की तलाश की जा रही है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात सूचना मिली कि चिक सेक रेस्टोरेंट में हुक्का बार चल रहा है। सूचना पर अतिरिक्त निरीक्षक पंकज कुमार त्रिपाठी ने टीम के साथ छापेमारी की। पुलिस ने घेरकर दो लोगों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मुकेश मिश्र निवासी सीतापुर हालपता खरगापुर और नीरज मिश्रा निवासी गोंडा हालपता खरगापुर बताया। डीसीपी ने बताया कि रेस्टोरेंट में चल रहे हुक्का बार की शिकायत स्थानीय लोगों ने की थी। रेस्टोरेंट का मालिक आशुतोष और मैनेजर हिमांशु उर्फ बंटी है। आरोपी संचालक कम उम्र के लड़कों और छात्रों को हुक्का बार का लाइसेंस होने का झांसा देता था। कई बार स्कूल ड्रेस में भी आने वाले छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा था। गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मुख्य मार्ग पर भरा गंदा पानी संक्रमण व हादसों का खतरा

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचारः** ग्राम नेवादा में ग्रामीणों द्वारा जल निकासी के लिए बनाया गया नाला पटने से लहरपुर-सीतापुर मुख्य मार्ग पर पानी भर रहा है। गंदे पानी की चपेट में आने से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लहरपुर- सीतापुर मार्ग पर ग्राम गणेशपुर नेवादा में गांव का गंदा पानी निकालने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के दोनों किनारों पर नाले का निर्माण कराया गया था। लेकिन घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर हादसों का दावत देने के साथ संक्रमण को बढ़ावा दे रहा है। ग्रामीण समीउल्लाह, मेहरुद्दीन, इस्माइल,



मुख्य मार्ग पर भरा गंदा पानी।

मुजीम, जुबेर, इस्लाम आदि ने बताया कि जल निकासी मार्ग अवरुद्ध होने से परेशानी बढ़ी है।

अवर अभियंता पीडब्लूडी बाबूराम ने बताया कि नाले को अवरुद्ध करने की सूचना पर ग्रामीणों को नाले को खोलने के लिए चेतावनी दी गई है, शीघ्र ही नाले से अतिक्रमण हटवा कर पानी का सुचारू रूप से प्रवाह करा दिया जाएगा।

## चालक व ईएमटी ने एम्बुलेंस में कराया महिला का प्रसव

**अमृत विचार, उन्नाव :** एम्बुलेंस से लाई जा रही महिला को समस्या होने पर चालक व ईएमटी ने सड़क किनारे रुककर डाक्टर से परामर्श लेकर सफल प्रसव करा जच्चा-बच्चा को सीएचसी में भर्ती कराया। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ददलहा निवासी जुलेखा पत्नी मुन्ना को गांव से लेकर एम्बुलेंस सीएचसी आ रही थी कि ददलहा-सफीपुर मार्ग स्थित गांव सनहा के पास जुलेखा की तबियत बिगड़ने लगी। इस पर चालक मुलायम सिंह ने गाड़ी सड़क किनारे रोकी ओर ईएमटी सचिन कुमार ने डाक्टर से फोन पर परामर्श लेकर सफल प्रसव कराया। अधीक्षक डा. राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि महिला को चौथा बच्चा हुआ है। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दोनों स्वस्थ्य हैं।

# खाईं में बाइक पलटने से युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ननिहाल से लौटे रहे युवक की बाइक गोपामऊ-पिसावां रोड पर भकुरहा पुल के पास बेकाबू होकर खाईं में पलट गई। गंभीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस-108 से सीएचसी टड़ियावां पहुंचाया गया, वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

टड़ियावां थाने के रजुआताला टेनी निवासी सर्वेश कुमार का 20 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार उर्फ रवि 1 जून को अपने ननिहाल सीतापुर जिले के नेवादा थाना पिसावां गया था। बुधवार को वहां लौट रहा था। रास्तें में गोपामऊ से पिसावां रोड पर टड़ियावां थाने के गोमती नदी के भकुरहा पुल के पास उसे तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे हिमांशु उर्फ रवि बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे का पता होते ही वहां भीड़ लग गई। एम्बुलेंस-108 की मदद से उसे सीएचसी टड़ियावां पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। वह चार भाई-बहनों में बड़ा था, उसकी शादी साल 2023 की 5 मई को टड़ियावां थाने के अलीशाबाद से हुई थी। उसके परिवार में अकेली पत्नी दुर्गा देवी है।

### ट्रॉली में डंपर ने मारी टक्कर, तीन घायल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम-कन्नौज मार्ग पर छिबरामऊ गांव के पास एक सड़क हादसा हुआ। गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।हादसे में दो श्रद्धालु घायल हो गए। घटना बुधवार रात 9बजे के आसपास घटी। सीतापुर जनपद के मिश्रिख क्षेत्र के केवां खेड़ा गांव की ट्रैक्टर ट्राली से श्रद्धालु स्नान करने राजघाट जा रहे थे इसी बीच छिबरामऊ के निकट डंपर नेट टक्कर मार दी जिसमें घायलों में सीतापुर के कंवा खेरा निवासी 32 वर्षीय रोहित पुत्र फेरूलाल और लिदौडा मिश्रिख निवासी 65 वर्षीय श्री राम पुत्र सोहन घायल हो गए। ये सभी छिबरामऊ राजघाट पर गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद श्री राम की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## आयोजन — केन्द्र में मोदी सरकार की 11वीं वर्षगांठ पर उपलब्धियों को लेकर हुई कार्यशाला

# सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की 11वीं वर्षगांठ की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला कार्यालय पर भाजपा ने कार्यशाला का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित कार्यों एवं लोककल्याण योजनाओं का संवाद के मध्य से बूथ स्तर तक प्रचार प्रसार करना है। श्री लोधी कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यशाला के माध्यम से हमें यह सुनिश्चित करना है कि विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण में सरकार के कार्यों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन जन तक पहुंचना है। कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने किया।




कार्यशाला को संबोधित करते जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी।

कार्यशाला में उपस्थित रहे पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सिद्ध प्रताप मौर्या, राजेश अग्निहोत्री, एडवोकेट कर्मवीर सिंह, संजय सिंह, प्रीतेश दीक्षित जिला महामंत्री अनुराग मिश्र मौजूद रहे।

# संपत्ति के बंटवारे में बहू ने वृद्ध ससुर को जमीन पर गिराकर पीटा, वीडियो वायरल

**अमृत विचार, हरदोई :** संपत्ति के बंटवारे को लेकर बहू ने अपने वृद्ध ससुर को जमीन पर गिराकर पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मौके पर लोगों की भीड़ भी मौजूद थी लेकिन वह तमाशबीन ही बनी रही। 'अमृत विचार' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सफेद धोती-कुर्ता पहने एक बुज़ुर्ग ज़मीन पर पड़ा हुआ है, पीली साड़ी पहने महिला उसका गिरेबान पकड़ कर खींच रही है, उसने बुज़ुर्ग की लातों से पिटाई की। वायरल वीडियो में पीटे जा रहे बुज़ुर्ग के आसपास भीड़ तो खड़ी है, लेकिन कोई उसे बचाने आगे नहीं आया। पूछताछ में सामने आया कि वायरल वीडियो सुरसा थाने के बरहा गांव का है। पीली साड़ी पहने महिला बहू और धोती-कुर्ता पहने बुज़ुर्ग उसका ससुर बताया गया है। दरअसल बहू अपने ससुर से जायदाद में हिस्सा मांग रही है। जानकारी के अनुसार हिस्सा मांग रही बहू ने वृद्ध ससुर की कभी एक गिलास पानी तक नहीं दिया। वायरल वीडियो का सबसे शर्मनाक पहलू रहा कि वहां भीड़ तो इकट्ठा थी, लेकिन कोई उस बुज़ुर्ग को बचाने के लिए आगे नही आया। पुलिस का कहना है कि तहरीर आते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## इसौली विधायक ताहिर खान के केस में बहस आज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** इसौली विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद ताहिर खान के खिलाफ 25 साल पुराने वन भूमि अतिक्रमण मामले में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण बहस नही हो सकी। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने बताया विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने बहस के लिए छह जून की तारीख तय की है। यह मामला 23 अक्टूबर 1999 की उस घटना से जुड़ा है, जिसमें ताहिर खान पर आरक्षित वन भूमि पर अवैध कब्जा कर सड़क निर्माण कराने का आरोप है। इस मामले में विधायक का बयान पहले ही दर्ज हो चुका है, जिसमें उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। अब न्यायालय में बहस के बाद आगे की कार्यवाही होगी। वहीं इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू समेत तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज गाली व धमकी देने के मामले में सुनवाई नही हुई। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 24 जून की तारीख तय की है। मायंग निवासी बैजनाथ निषाद ने 18 जून 2022 को नाली पानी के विवाद को लेकर पूर्व विधायक समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

## दिव्या हत्याकांड में आरोपी सिपाही पर चार्जशीट दाखिल

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जिले के थाना अमेठी के ग्राम महमूदपुर निवासी दिव्या अग्रहरि की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या के मामले में आरोपी सिपाही रवि कुमार के विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह मामला गतवर्ष 28 दिसंबर 2024 को सामने आया था, जब दिव्या अग्रहरि अपने घर में मृत अवस्था में पाई गई थीं। अभियोजन पक्ष के डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक दिव्या के पति आलोक अग्रहरि ने घटना के दिन मजदूरी से लौटने के बाद पत्नी को मृत अवस्था में पाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। तहरीर में संदेह जताया था कि सिपाही रवि ने ही उनकी पत्नी की हत्या की है। तफ्तीश के बाद औरेया के कनौती निवासी व वर्तमान में कमरौली में डायल 112 में तैनात आरोपी सिपाही रवि को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

# नदियां रहेंगी तभी पर्यावरण रहेगा सुरक्षित : मुख्यमंत्री

## 13वें सरयू जयंती महोत्सव का किया शुभारंभ, कहा- सरयू अयोध्या की आत्मा है और इसका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13वें सरयू जयंती महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि नदियां धरती माता का आधार हैं। इनके संरक्षण से ही पर्यावरण, जीव-जंतु और मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने मां सरयू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम ने अयोध्या का जिक्र करते हुए मां सरयू का नाम लिया था। सरयू अयोध्या की आत्मा है और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में ही भगवान भगीरथ ने अपने पूर्वज महाराज सगर के पुत्रों के उद्धार के लिए लंबी साधना की और मां गंगा को धरती पर लाए। प्रयागराज महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया ने मां गंगा के तट पर आयोजित इस महोत्सव को देखा, जो भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है।

**पावन, शुभ और कल्याणकारी तिथिः** ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि का संबंध सतयुग से है। यह तिथि ज्योतिष के अनुसार अति पावन, शुभ और कल्याणकारी है। अयोध्या धाम के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य पं. प्रवीण शर्मा बताते हैं कि श्रीराम जन्मभूमि में गुरुवार को हुई प्राण प्रतिष्ठा के लिए ज्योतिषीय गणना के बाद प्रमाणिक मुहूर्त तय किया गया। बताते हैं कि इस तिथि का संबंध सतयुग से रहा है। कहा कि इसी तिथि पर श्रीराम जन्मभूमि पर राजा राम भगवान के दरबार की स्थापना की गई। ज्योतिषीय गणना के बाद शुरू हुआ।



राम कथा पार्क में मां सरयू का अभिषेक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ। अमृत विचार



चौधरी चरणसिंह घाट पर स्थित पुष्प वाटिका में पौधरोपण करते सीएम योगी।

# 500 वर्षों बाद बालक राम और 500 दिन बाद विराजे राजाराम

- महाबली हनुमान का प्रताप, अंकों के अद्भुत संयोग से बड़ा संदेश
- मोदी और योगी को भी पसंद है अंकों का गठजोड़

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या में हर घड़ी एक अद्भुद संयोग बन रहा है। अब राजाराम के प्राण-प्रतिष्ठित होने के साथ तिथि को लेकर एक आश्चर्यजनक बात सामने आई। इस पर ज्योतिषी भी मंथन कर रहे हैं। 500 वर्षों बाद राम मंदिर में बालक राम विराजमान हुए तो इसके ठीक 500 दिन पर राजाराम विराजित हो गए। उनकी प्राण प्रतिष्ठा प्रथम तल पर गर्भगृह में हुई। भक्त इसे महाबली हनुमान का ही प्रताप कहते हैं। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में राजा राम के रूप में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह आयोजित हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह अनुष्ठान संपन्न किया। ब्रह्ममुहूर्त से मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल था। भव्य मंदिर में आभूषणों से भव्य श्रृंगार के साथ बैठे राजाराम को देख हर आंखों में श्रद्दा का भाव उमड़ रहा था।



### खोजने पर मिलता है कुछ यह इतिहास

लगभग 500 वर्षों का इतिहास कुछ ऐसा बताया जाता है कि 1528 ई. में बाबर ने अयोध्या में राम जन्मभूमि पर स्थित प्राचीन मंदिर को नष्ट कर दिया, उसके स्थान पर एक मस्जिद बनवाई। लगभग 500 वर्षों तक रामलला का विग्रह स्थापना को लेकर संघर्ष हुआ। अस्थायी पूजन अर्चन की व्यवस्था रही। 22 जनवरी 2024 में रामलला भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित हुए।स्थापित किया गया, कहा जाने लगा कि राम लला 500 वर्षों बाद अपने जन्मस्थान पर विराजमान हुए।

### प्राण प्रतिष्ठा के साथ छा गए आभासी दुनिया में

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रथम तल पर राजाराम के विराजमान होने के साथ ही अभासी दुनिया में छा गए। उनकी तस्वीर सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म पर बिजली की तरह दौड़ रही थी। वाट्सएप की डीपी हो या फेसबुक पेज। लोगों ने तेजी के साथ राजा राम को स्थान दिया।

**राम दरबार के दर्शन पर निर्णय सात जूनः अयोध्याः** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार व अन्य सप्त मंदिरों में विधि विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा उत्सव संपन्न हो गया है। दर्शन के लिये भक्तों को अभी कुछ और समय इंतजार करना होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की सात जून को होने वाली बैठक में दर्शन व्यवस्था पर निर्णय लिया जा सकता है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक ट्रस्ट की बैठक इस बार मणि रामदास छावनी के महंत और ट्रस्ट अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव के बीच उनके आश्रम पर संपन्न होगी। राम मंदिर की प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार की प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रथम स्थल पर जाने वाले मार्ग से दर्शन करने के बाद बाहर आने के मार्ग पर रेलिंग लगाए जाने का कार्य शेष बचा हुआ है।

## दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में लगाएं संकेतक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दुर्घटना बहुल क्षेत्रों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित कर संकेतक लगाने का निर्देश दिया। इन स्थानों में असेनी मोड़, दारापुर मोड़, सफेदाबाद, रसौली मोड़, सफदरगंज मोड़, दादरा मोड़, लक्षबर बजहा मोड़, प्रतापगंज मोड़ और बभौरा मोड़ शामिल हैं। केवाड़ी मोड़ से सफेदाबाद तक लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए केवाड़ी मोड़ कट को बंद करने के निर्देश दिए गए। एनएचआई को रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

## मोबाइल छीनने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**सूरतगंज, बाराबंकीः** वैवाहिक समारोह में ससुराल गए एक युवक का मोबाइल फोन छीनने की घटना में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के सहारे दो युवकों को दबोच लिया। पुलिस ने इनके पास से छीने गए चार मोबाइल व नकदी बरामद की है।

फतेहपुर के अल्लापुर निवासी शिवमोहन रावत मंगलवार शाम मोहम्मदपुर खाला के अमेरा गांव स्थित अपनी ससुराल में आयोजित वैवाहिक समारोह में आया था। सड़क किनारे खड़े होकर बात करते समय दो युवक उससे मोबाइल छीनकर भाग निकले। इसकी सूचना शिवमोहन ने मोहम्मदपुर खाला थाना में दी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर थाना पुलिस ने पास की दुकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज से युवकों की पहचान कर ली।

# कार्यकर्ता कांग्रेस की रीढ़ : पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। वर्तमान में जब देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है, तब कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। जिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेशीय कोऑर्डिनेटर ममता चौधरी ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी को संगठन से जोड़े बिना जमीनी बदलाव संभव नहीं है। नगर कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर दिनेश सिंह ने संगठन सृजन अभियान को पार्टी के संघर्ष की बुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान से राहुल गांधी के सपनों को साकार करने वाली एक नई कांग्रेस का गठन होगा। फ्रंटल संगठनों के कोऑर्डिनेटर अतुल सिंह ने सोशल मीडिया की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा और सोशल मीडिया आज की राजनीति के प्रभावशाली माध्यम हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने की, जबकि संचालन राम हरख रावत ने किया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की गई।





संगठन सृजन कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सांसद डा. पीएल पुनिया।

# सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर गैंगस्टर की कार्रवाई

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचारः** हत्या,लूट और डकैती जैसे संगीन मामलों में आरोपी रहे सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वीरे समेत 8 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। बता दें कि पिछले साल 30 जुलाई को शहर में सुपारी दे कर शूटरों से कराई गई अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या में वीरे यादव आरोपी था, अभी कुछ ही दिनों पहले उसकी रिहाई हुई थी। एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी की तहरीर पर वीरे समेत आठ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। एसएचओ कोतवाली शहर श्री त्यागी की तहरीर पर पूर्व सपा ज़िलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वीरे यादव निवासी बरगद आ पुरवा थाना अरवल के अलावा आदित्यभान सिंह निवासी मुन्ने मियां चौराहा, राजवीर महावत, रामसेवक उर्फ लल्ला और रामू महावत निवासी जोगीपुर कोतवाली शहर, कोतवाली शहर के रामनगर कॉलोनी निवासी नृपेन्द्र त्रिपाठी, धर्मशाला रोड निवासी शिखर गुप्ता और झरोइया निवासी नीरज के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। पिछले साल 30 जुलाई को शहर के सिनेमा चौराहे पर अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की उनके चैंबर में हत्या कर दी गई थी।

## फाइनेंस कंपनी के एजेंट को लूटने वाले शातिर गिरफ्तार

**मसौली, बाराबंकी :** छह दिन पूर्व फाइनेंस कंपनी के एजेंट से हुई लूट का खुलासा करने का दावा मसौली पुलिस ने किया है। पुलिस ने चार शातिरों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक बाइक, तमंचा व नकदी बरामद की है। थाना मसौली पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर गुरुवार को लूट से संबंधित 4 अन्तर्जनपदीय अपराधियों प्रियांशु यादव निवासी लखनऊ, अनुज सिंह निवासी लखनऊ, व कमलनयन गौतम निवासी महरखा थाना अलीनगर, चन्दौली को केसरीपुर चौराहा से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से लूट की घटना में प्रयोग की गई एक बाइक, एक बैग व 9,800 रुपये नकद बरामद किये गये। प्रियांशु यादव के कब्जे से एक देशी तमंचा भी मिला। पूछताछ से पता चला कि इन लोगों द्वारा थाना मसौली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नहामऊ से बीती 29 मई को राह चलते फ्यूजन फाइनेन्स कम्पनी के एजेन्ट से लूट की थी।

# गैंगरेप के दोषी भाइयों को 20 वर्ष का कारावास

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हलियापुर थानाक्षेत्र के एक गांव से सात साल पूर्व गैंगरेप करने के अयोध्या जनपद के कुमारगंज थाने के इटौजा निवासी दो सगे भाइयों प्रदीप यादव व राजकुमार यादव को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को 20 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषियों पर 40 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी रवींद्र प्रताप सिंह के मुताबिक 19 सितंबर 2018 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीडिता के पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को दोषियों ने फोन कर दुकान पर बुलाकर दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया तथा किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमें के दौरान पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने दोषी भाइयों को 20 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

# चोरी के दो दोषियों को 7-7 साल की सजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने चोरी के प्रकरण में 2 अभियुक्तों को 7 -7 वर्ष का कठोर कारावास व 50-50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

थाना सतरिख पर चोरी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त प्रदीप राजपूत निवासी तकरोही गोमतीनगर लखनऊ व दीपक रावत उर्फ दीपू निवासी सरायमिही थाना सतरिख को विभिन्न धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 7-7 वर्ष कठोर कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। एक सितम्बर 2018 को थाना सतरिख पर वादी उपनिरीक्षक शफात उल्ला खां थाना सतरिख द्वारा दोनों के विरुद्ध मोटरसाइकिल चोरी व 5 मोटरसाइकिल बरामदगी के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी।

# सीएम के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**लखनऊ, अमृत विचारः** विश्व पर्यावरण दिवस एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर पश्चिम मंडल-1 के अंतर्गत शीतला देवी वार्ड मां मनपूर्णा मंदिर के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा के संयोजक सत्येन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष दीप प्रकाश सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, पार्षद शिवकुमार यादव, पूर्व पार्षद साधना वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष शिवशंकर साहू, नोटेश किशोर दीक्षित, विभोर अवस्थी, आनंद गुप्ता, सनी वर्मा, कोषाध्यक्ष नागेन्द्र अवस्थी, वार्ड अध्यक्ष अंकित राजपूत, सीमा पांडे, विभोर जैन, शक्ति केंद्र संयोजक पुष्पेंद्र शुक्ला, अजय तिवारी, विजय राजपूत, मधु चौहान, सरोज लोधी, बूथ अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, मयंक मिश्रा, सौरभ शुक्ला, सत्य प्रकाश दीक्षित आदि उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर पौधरोपण करते लोग। अमृत विचार


## वर्ग पहेली- 453

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो; टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठीख् अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



### वर्ग पहेली -452 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पै | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- एकादशी 7 जून 04 .47 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त 06 .34 तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे। घर की साफ-सफाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष** – आज अपने आत्मविश्वास के कारण अधिकारियों से प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारो से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन** – आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह** – आज आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** – आज जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। आपके जनसम्पर्क का दायरा मजबूत होगा। घर का माहौल अत्यन्त अनुशासित रहने वाला है।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शान्तिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवायें। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य प्रारम्भ होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा।

**वृश्चिक** – आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी काफी सहायता करेंगे। व्यापार में नये अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है।

**धनु** – आज आप कार्यक्षेत्र में काफी सक्रिय रहेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मकर** – आज नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है। आपको इच्छित जगह पर स्थानान्तरण मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक हो सकती है। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**मीन** – आज प्रभावशाली लोगों के मध्य आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिन्ता हो सकती है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है।

## सुडोकू -177

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 9 | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | 7 | | | | | | |
| 3 | | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | | | | | 8 |

### सुडोकू - 176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 1 | 4 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 |

## एक नजर

### युवती की इंस्टाग्राम आईडी पर डाले आपत्तिजनक फोटो

**बरेली :** शोहदे ने युवती के फोटो एडिट करके इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट कर दिए। जानकारी होने पर पीड़िता ने थाना भोजीपुरा में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि उसे बदनाम करने के उद्देश्य से शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शरीफनगर निवासी अभिषेक मौर्या ने उसके फोटो एडिट करके अश्लील बना दिए और अपनी आईडी से उसे व अन्य लोगों को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिए। यही नहीं आरोपी ने रिश्तेदारों और जान-पहचान के लोगों को भी फोटो भेज दिए।

### घर में घुसकर दूसरे समुदाय के युवक ने की छेड़छाड़

**बरेली :** बारादरी थाना क्षेत्र में दूसरे समुदाय का युवक एक व्यक्ति के घर में बुधवार रात 9 बजे घुस गया। बारादरी थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उनकी लड़की घर में अकेली थी। इसी बीच शाहनूरी मस्जिद के पास रहने वाला रईस उनके घर में घुस गया और बेटी से अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने बेटी के साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। तब आरोपी रईस जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता के पिता ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया रिकवरी एजेंट

## छापेमारी के बाद टीम ने बैंक को अंदर से किया बंद, जांच जारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/दढ़ियाल



▸▸ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के दो लाख के क्लेम के एवज में मांगी थी रिश्वत

**अमृत विचार :** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में तैनात रिकवरी एजेंट को क्लेम के नाम पर ग्रामीण से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगना भारी पड़ गया। शिकायत के आधार पर गाजियाबाद से आई सीबीआई टीम ने एजेंट रहमत को रुपये लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। उसके बाद आनन-फानन में टीम ने बैंक को अंदर से बंद करा दिया। टीम पीड़ित और रिश्वत लेने वाले से पूछताछ कर रही है, टीम की जांच पड़ताल जारी है।

मुरादाबाद मार्ग पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा है। जहां पर चौकी क्षेत्र के गांव नारायणपुर निवासी अशोक कुमार ने कुछ समय पहले पत्नी के नाम पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत खाता खुलवाया था। जिसमें एकमुश्त 430 रुपये जमा किए जाते हैं। इसमें परिवार के सभी सदस्यों का बीमा होता है, इसमें अचानक मौत होने पर 2 लाख रुपये के क्लेम का प्रावधान है। इस बीच नारायनपुर निवासी अशोक कुमार की पत्नी की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। जिसके बाद अशोक कुमार लगातार बैंक के चक्कर लगा रहा था। लेकिन वहां पर तैनात रिकवरी एजेंट उससे 20 हजार रुपये मांग रहा था। परेशान होकर अशोक कुमार ने सीबीआई दिल्ली में शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद गुरुवार दोपहर को टीम वहां पर पहुंच गई। टीम ने रिश्वत लेते हुए रिकवरी एजेंट को पकड़ लिया। जिससे बैंक में सनसनी फैल गई। टीम ने बैंक को बंद करवा दिया। अब टीम रिकवरी एजेंट से पूछताछ कर रही है। हालांकि पूछताछ लंबी चल सकती है। वहीं बैंक का रिकॉर्ड भी खंगाल रहे हैं। सीबीआई की टीम में 12 कर्मचारी आए हैं, जो दोपहर 12 बजे से देर शाम तक बैंक में आरोपी और शिकायतकर्ता से जांच पड़ताल कर रहे हैं।

### मिलक में पकड़ा जा चुका है फील्ड अफसर

मिलक क्षेत्र के गांव परम स्थित प्रथमा बैंक में किसान की शिकायत पर एक साल पहले सीबीआई ने छापेमारी कर 3500 रुपये की रिश्वत लेते हुए फील्ड ऑफिसर को पकड़ लिया था। सीबीआई की टीम बैंक में देर रात कार्रवाई करती रही। सीबीआई के अधिकारी रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। बैंक के कई अधिकारियों से भी पूछताछ की थी। अब दढ़ियाल बैंक में रिश्वत लेने का मामला प्रकाश में आया है।

### बैंक में छापे से गांव में मची खलबली

बैंक में सीबीआई के छापेमारी से गांव में खलबली मच गई। इस दौरान उपभोक्ता भी बैंक से बिना काम निपटाए लौट गए। क्षेत्र में पूरे दिन तरह-तरह की चर्चाएं होती रही। दढ़ियाल चौकी इंचार्ज प्रशांत कुमार ने बताया कि किसी को रिश्वत लेते हुए सीबीआई की टीम ने पकड़ा है। अभी तक टीम बैंक के अंदर है। सभी से पूछताछ कर रही है। एफआईआर कहां पर होगी, इसकी जानकारी नहीं है।

# चोरी के ट्रैक्टर खरीदने वाले गिरोह के 32 लोगों पर लगा गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के नखासा थाने की पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर खरीद कर उनसे जनरेटर बनाने व पुर्जे बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गिरोह से जुड़े 32 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से सरगना सहित 10 को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इनकी संपत्ति भी जब्त करने की तैयारी कर रही है।

संभल जनपद के रायसत्ती इलाके में बड़ा ट्रैक्टर बाजार संचालित था। जहां न सिर्फ दूसरे राज्यों से लाए गए ट्रैक्टर बेचे जाते थे बल्कि चोरी के ट्रैक्टरों के पुर्जों से जनरेटर भी बनाए जाते थे। दो वर्ष पहले पुलिस ने इस धंधे से जुड़े लोगों पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर बाजार पर छापेमारी की थी। जहां 100 से ज्यादा ट्रैक्टरों के पुर्जे और उनसे बने जनरेटर बरामद किए गए थे।



पुलिस गिरफ्त में गिरोह के सदस्य, जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस जांच में पता चला कि संगठित गिरोह कई राज्यों से चोरी के ट्रैक्टर व उसके इंजन से जनरेटर बनाकर बेचता था। गिरोह का नेटवर्क बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश सहित कई प्रदेशों में फैला था। पता चला कि गिरोह का सरगना नखासा थाना क्षेत्र के ही भदे सराय का रहने वाला जुबेर था जबकि उसके साथ 31 अन्य सदस्य चोरी के ट्रैक्टरों के गैर कानूनी कारोबार में शामिल थे। नखासा थाना पुलिस ने सरगना जुबेर सहित गिरोह के 32 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी धरपकड़ की कार्रवाई की है।

▸▸ पुलिस ने गैंग लीडर सहित 10 को किया गिरफ्तार, नखासा थाना क्षेत्र में था ट्रैक्टर व पुर्जे बेचने का बाजार

### सरगना जुबेर सहित इन 10 की हुई गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने गिरोह के सरगना जुबेर के साथ ही मोहम्मद फुरकान, आसिफ, ग्यास उर्फ ग्यासुद्दीन, शाह आलम उर्फ साहिबे आलम, फैजान, नईम, मोहम्मद उरूज, अरमान व शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया। बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें काम कर रही हैं।

## जिला अस्पताल में प्लाज्मा व प्लेटलेट्स की नहीं होगी कोई दिक्कत

**अमृत विचार, बरेली :** जिला अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों के लिए ये खबर खास है। अभी तक अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में मरीजों को रैंडम डोनर प्लेटलेट्स और प्लाज्मा यूनिट ही मिल रही थीं, लेकिन जल्द ही मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स और प्लाज्मा यूनिट की सुविधा मिल सकेगी। जिला अस्पताल में बीते कई माह पूर्व ही एफेरेसिस मशीन आने के बाद भी कक्ष न होने के चलते इंस्टाल नहीं हो पा रही थीं, लेकिन अब ब्लड बैंक परिसर में ही कक्ष निर्माण कार्य 90 फीसदी पूर्ण हो गया है। जल्द ही मशीन भी इंस्टाल की जाएगी। स्टाफ के अनुसार एफेरेसिस मशीन पर डोनर को ड्रिप लगाने के बाद ही सीधे शरीर के खून से जोड़कर 40 मिनट की प्रक्रिया के दौरान प्लाज्मा और प्लेटलेट्स लिया जाता है। इससे रक्त मरीज के शरीर में ही रहता है। वहीं प्लाज्मा और प्लेटलेट्स निकाल लिया जाता है। अभी तक बैंक में रैंडम डोनर प्लेटलेट्स यानि आरडीपी और प्लाज्मा की सुविधा ही थी। जिसमें खून लेने के बाद प्लेटलेट्स और प्लाज्मा को अगल-अगल किया जाता था, लेकिन इस तकनीक में बचा हुआ रक्त बेकार हो जाता था।

## मस्जिद के बाहर जबरन हनुमान चालीसा पढ़ने वालों को मिली जमानत

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा समिति के एक नेता सहित दो लोगों को जमानत देते हुए कहा कि दोषसिद्धि से पहले के चरण में निर्दोषता की धारणा होती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की एकलपीठ ने बीएनएस की धारा 191, 196 और 197 के तहत सचिन सिरोही और संजय समरवाल के खिलाफ दर्ज मामले में जमानत देते हुए पारित किया। मामले के अनुसार इस वर्ष मार्च में आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मेरठ की एक मस्जिद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। धर्म विरोधी नारे लगाए और उसके बाद मस्जिद के पास जबरन हनुमान चालीसा का पाठ किया।

# जनसेवा केंद्र में पकड़ा गया फर्जीवाड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली/अलीगंज

**अमृत विचार :** जनसेवा केंद्रों पर फर्जीवाड़ा बड़े स्तर पर हो रहा है। सीबीगंज, भोजीपुरा और प्रेमनगर थाना क्षेत्रों के बाद अब अलीगंज थाना क्षेत्र के गैनी में जनसेवा केंद्र पर फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। आर्मी इंटेलीजेंस, एसओजी और अलीगंज पुलिस ने बुधवार को जनसेवा केंद्र पर छापा मारा। यहां से पुलिस ने बड़ी मात्रा में आधार कार्ड, राशन कार्ड, अन्य फर्जी दस्तावेजों के साथ ही मोहरें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

आर्मी इंटेलीजेंस लखनऊ की बरेली इकाई को सूचना मिली कि अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव गैनी में एक व्यक्ति जनसेवा केंद्र और मोबाइल रिपेयरिंग की आड़ में फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहा है। आर्मी इंटेलीजेंस, एसओजी और अलीगंज पुलिस ने बुधवार को गैनी गांव के रहने वाले देवेश पाठक के पाठक कम्युनिकेशन एवं आधार कार्ड सेंटर पर छापा मारकर कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी को भी मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अधिक कमाई करने के चक्कर में वह फर्जी दस्तावेज बनाने लगा है।

▸▸ आर्मी इंटेलीजेंस के साथ एसओजी और अलीगंज पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

▸▸ आधार कार्ड, राशन कार्ड व अन्य फर्जी दस्तावेज और मोहरें बरामद

### विदेशी वेबसाइट के माध्यम से बनाता है फर्जी दस्तावेज

आरोपी देवेश पाठक ने पुलिस को बताया कि वेबसाइट सीके डिजिटल प्रिंट पोर्टल है। वह इसी वेबसाइट का सहारा लेकर दस्तावेज तैयार करता है। ये वेबसाइट विदेशी है। अब तक वह सैकड़ों लोगों के फर्जी दस्तावेज बना चुका है। बताया कि फर्जी आधार कार्ड बनाने के वह 1000 रुपये लेता है। इसी तरह अन्य दस्तावेजों पर सौदा तय करता है।

आरोपी देवेश पाठक के सेंटर से पुलिस ने 14 वोटर आईडी कार्ड, 4 आधार कार्ड, 1 पासबुक, 10 राशन कार्ड, 47 जन्म प्रमाण पत्र, 8 जाति प्रमाण पत्र और तीन मूल निवास प्रमाण पत्र भी बरामद किए हैं। आरोपी के यहां से चार मोहरे भी पुलिस को मिली हैं।



श्रद्धा

भोपाल में लोअर लेक पर गंगा दशहरा समारोह के दौरान आरती करते पुजारी व पूजा-अर्चना में पहुंचे श्रद्धालु। ● एजेंसी

# पीड़िता के बयान पर समन आदेश किया रद

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पोक्सो अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को जमानत देते हुए स्पष्ट किया कि वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष न्यायाधीश, पोक्सो अधिनियम/अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बरेली के संज्ञान/समन आदेश टिकने योग्य नहीं है क्योंकि इसे पुलिस रिपोर्ट या शिकायत के अनुसरण में पारित नहीं किया गया है। यह बीएनएसएस, 2023 की धारा 183 के तहत पीड़िता द्वारा बयान के आधार पर पारित किया गया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की एकल पीठ ने सितम उर्फ प्रिंस की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने विवादित समन आदेश को रद करते हुए मामले को विशेष न्यायाधीश, पोक्सो अधिनियम/अपर सत्र न्यायाधीश, बरेली को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 33 के तहत एक नया आदेश पारित करने के लिए मामले को वापस भेज दिया। मामले के अनुसार भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 123, 65(1), 351(3) और 89 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 4 (2) के तहत सह-अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया तथा आवेदक को दोषमुक्त कर दिया गया। हालांकि बाद में जब आरोप पत्र तथा संपूर्ण केस डायरी को विशेष न्यायाधीश, पोक्सो अधिनियम की अदालत में पेश किया गया, तो याची को भी तलब किया गया। इसके बाद याची ने समन आदेश सहित संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को रद करने की मांग लेकर हाईकोर्ट में वर्तमान याचिका दाखिल की।

कोर्ट ने मामले पर विचार करते हुए स्पष्ट किया कि बीएनएसएस, 2023 के तहत उपलब्ध सामान्य प्रक्रिया और पॉक्सो अधिनियम, 2012 के तहत उपलब्ध प्रक्रिया के बीच थोड़ा अंतर है।

# ओपीडी में आए दो मरीजों में दिखे कोरोना के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रदेश भर में कोरोना का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिसको लेकर शासन ने सांस और कोरोना के लक्षण वाले रोगियों की कोविड जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिला अस्पताल स्थित पैथोलॉजी लैब में गुरुवार को कोरोना के संदिग्ध दो मरीजों की एंटीजन जांच हुई, लेकिन दोनों मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई।

पैथोलॉजी लैब के स्टाफ के अनुसार, ओपीडी में आए युवक को खांसी, जुकाम के साथ ही सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। इस पर डॉक्टर ने ओपीडी से लैब में युवक को कोरोना जांच के लिए भेजा। युवक शहर के सुभाष नगर निवासी है, हालांकि जांच में युवक संक्रमित नहीं मिला। इसके साथ ही लैब में ही तैनात टेक्नीशियन को बीते एक सप्ताह से खांसी, जुकाम के साथ ही सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। डॉक्टर के परामर्श पर उसने भी एंटीजन जांच कराई, लेकिन संक्रमित नहीं मिला है। इस संबंध में जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि दो मरीजों में लक्षण होने पर जांच हुई थी, लेकिन दोनों मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है।

▸▸ ओपीडी में लक्षण मिलने पर डॉक्टर ने भेजा लैब, एंटीजन जांच में नहीं मिले संक्रमित

## उत्तराखंड

# वैली ब्रिज के ठेकेदार पर केस, 3 इंजीनियर निलंबित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** वैली ब्रिज गिरने के मामले में शासन स्तर से कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इसमें सबसे पहले ब्रिज का निर्माण करने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के तीन इंजीनियरों को भी निलंबित कर दिया गया। उच्च स्तरीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। वैली ब्रिज टूटने से 4000 हजार से अधिक की आबादी का शहर से संपर्क टूट गया है।

चमोली में थराली तहसील के रतगांव के ढाढ़रबगड़ गदेरे में निर्माणाधीन बैली ब्रिज के क्षतिग्रस्त होने के मामले में विभाग ने एक्शन लिया है। लोक निर्माण विभाग के अफसर के निर्देश पर अवर अभियंता ने थाना थराली में ठेकेदार के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



बता दें कि मंगलवार को रतगांव की चार हजार से अधिक आबादी को जोड़ने के लिए ढाढ़रबगड़ के घटगाड़ गदेरे पर लोनिवि की ओर से निर्माणाधीन वैली ब्रिज टूटकर गदेरे में जा गिरा। इस पुल की लंबाई लगभग 60 मीटर और लागत 2.80 करोड़ रुपये थी। विभागीय लापरवाही इस कदर रही कि ठेकेदार के श्रमिकों की ओर से बैली ब्रिज के बर्थ (रस्से) और सपोर्ट एक साथ हटा दिए गए। पुल भार नहीं झेल सका और टूटकर गदेरे में जा गिरा।

▸▸ मंगलवार को भरभरा कर गिर गया था थराली के रतगांव में निर्माणाधीन वैली ब्रिज

▸▸ मुकदमे और निलंबन की कार्रवाई के साथ मामले में उच्च स्तरीय जांच भी शुरू

डुंग्री-रतगांव मार्ग पर घटगाड़ गदेरे में 60 मीटर लंबे वैली ब्रिज बनाने की स्वीकृति शासन ने वर्ष 2024 में दी थी। लोनिवि ने इस ब्रिज का निर्माण दो माह पूर्व शुरू किया था। पुल का काम लगभग पूरा हो गया था।

निर्माण कार्यों का समुचित पर्यवेक्षण और अनुश्रवण न करने पर अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता नवीन लाल और सहायक अभियंता आकाश हड़िया को निलंबित कर दिया है। ग्राम प्रधान महिपाल फरस्वाण, पृथ्वी सिंह, सुजान सिंह, बलवंत सिंह, प्रदीप फरस्वाण आदि ने ब्रिज निर्माण की जांच की मांग और बरसात से पहले पुल निर्माण की मांग उठाई।

## निजी अस्पताल में घुसकर छेड़छाड़, आरोपी फरार

**हल्द्वानी :** मुखानी-क्रियाशाला रोड स्थित एक अस्पताल में शोहदों शोहदे ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना पर नाराजगी जताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में हंगामा काटा। बुधवार रात मुखानी-क्रियाशाला रोड स्थित एक अस्पताल में पंजाब निवासी महिला यहां भर्ती अपनी बहन का हालचाल लेने पहुंची थी। अपनी बहन से मिलकर महिला बाहर की ओर आ रही थी कि तभी रिसेप्शन पर खड़े एक युवक ने न सिर्फ महिला से छेड़छाड की बल्कि उसे गलत नीयत से छुआ भी। सीसीटीवी फुटेज खंगाले पर पता लगा कि घटना को एक टेंपो चालक ने अंजाम दिया था।

# प्रेम सिंह की 8 भैंसों की खोज में जुटी दो जनपदों की पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान की भैंस चोरी का मामला एक समय सुर्खियों में था। वैसे ही अब हल्द्वानी से लापता हुआ 8 भैंसों का मामला सुर्खियों में हैं। इन 8 भैंसों को चोरी करने का आरोप चार लोगों पर है, जिनके खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

झुटियाल खत्ता, टांडा हल्द्वानी निवासी प्रेम सिंह बिष्ट ने बीते बुधवार को इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को बताया था कि वह पेशे से पशुपालक है और उसने परिवार की अजीविका के लिए 17 भैंसें पाली थीं।



यह भैंसें नियमित रूप से जंगल में चारा चरने जाती थीं। बीती 7 मार्च को भी उन्होंने भैंसों को जंगल में छोड़ दिया था, लेकिन सारी भैंसें लौट कर घर नहीं पहुंची। गिनती की तो सिर्फ 9 भैंसें ही घर पहुंची। जिसके बाद वह पुलिस के पास पहुंचे।

## जंगल में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**रामनगर, अमृत विचार :** ग्राम मालधन चौड़ के अंतर्गत ढेला बैराज के जंगल में पेड़ पर एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जंगल में पेड़ पर लटका हुआ यह शव जंगल में गश्त करने के दौरान वनकर्मियों ने देखा था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल सैनी ने बताया कि मृतक की पहचान दीपक (39) पुत्र मुरारी लाल निवासी ग्राम शिवनाथपुर के रूप में हुई है। मृतक करीब तीन-चार दिन से घर से लापता था। उन्होंने बताया कि इस मामले में परिजनों ने कोई सूचना नहीं दी थी। वह स्वयं ही उसकी खोजबीन कर रहे थे। बरामद शव तीन से चार दिन पुराना है।

# जवान ने शहीदों के परिजन को दिया स्मृति चिन्ह

मुख्य संवाददाता, देहरादून



नायक कृष्ण बहादुर



राइफलमैन नरपाल

**अमृत विचार:** सेना द्वारा देहरादून में कारगिल युद्ध के दो बलिदानियों के घर जाकर उनके परिजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इनमें शहीद नायक कृष्ण बहादुर थापा के सेलाकुई और राइफलमैन नरपाल सिंह के थानों स्थित आवास पर जाकर उनके परिजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वीर जवानों की जय और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा।

आगामी 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूरे उत्तराखंड के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय सेना की ओर से उन सभी शहीदों को याद किया, जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया। इस आयोजन में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, पूर्व सैनिक, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

सेना की ओर से एक जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में नायब सूबेदार सुधीर चंद्र और उनके अन्य साथियों ने सैन्य अनुशासन का परिचय देते हुए 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अमर शहीदों की बहादुरी को याद किया और उनके परिवारों को सम्मानित किया। यह भावुक अवसर सभी उपस्थितों के लिए गर्व और श्रद्धा का प्रतीक बना।

जवानों ने कहा "हम अपने वीर साथियों को भूले नहीं हैं, न कभी भूलेंगे। यह हमारा कर्तव्य नहीं, हमारी भावना है कि हम उनके परिजनों को बताएं कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया है।"

शहीद के परिजन बोले, पति, बेटा, भाई तो खो दिया पर आज महसूस हुआ कि पति, बेटा ,भाई अकेला नहीं था। पूरी भारतीय सेना उनके पीछे खड़ी है। वहीं, यह आयोजन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि यह संदेश था कि देश अपने शहीदों और उनके परिवारों को कभी नहीं भूलता। उनका बलिदान भारत की आत्मा में बसा हुआ है।

# चालक को पड़ा मिर्गी का दौरा, खाई में गिरने से बाल-बाल बची बस

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** बद्रीनाथ यात्रा मार्ग पर बुधवार देर रात बड़ा हादसा होने से बच गया। बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं को लेकर आ रही एक बस बद्रीनाथ धाम से पहले देवदर्शनी बैरियर और लॉर्ड्स पैलेस के बीच खराबी आने से अचानक सड़क के बीचों-बीच खड़ी हो गई। जिसमें कुछ यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर कोतवाल नवनीत भंडारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजा।



बस में 30 यात्री सवार थे। बस के अचानक खराब होने के पीछे के कारणों की जब पुलिस ने गहराई से जांच की तो हैरान कर देने वाला गंभीर मामला सामने आया। पुलिस ने बस चालक के स्वास्थ्य संबंधी इतिहास की जानकारी ली, तो पता चला कि बस चालक लंबे समय से मिर्गी रोग से ग्रसित है। घटना की रात, वाहन चलाते समय चालक को अचानक मिर्गी का दौरा आ गया था, जिसके कारण उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस बीच सड़क पर रुक गई।

# जिसका हुआ अपहरण उसी पर कर दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक माह पूर्व मुखानी थानाक्षेत्र में उप्र के कार सवार बदमाशों ने युवक के अपहरण की दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस के लचर रवैये का खामियाजा अब उस पीड़ित को भुगतना पड़ेगा। इधर, पुलिस लगातार दावा कर रही थी कि वह जल्द ही फरार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लेंगे और इस बीच अपहरण के मुख्य आरोपी ने अपहृत हुए पीड़ित तुषार के खिलाफ ही फरीदाबाद में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर दिया जबकि वह अभी भी अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस के अनुसार, तल्ली बमौरी गली नंबर-1 मुखानी निवासी तुषार लोहनी पुत्र गिरीश चंद्र लोहनी का अपहरण बीती 6 मई को कालाढूंगी रोड स्थित ईएनटी हॉस्पिटल के पास हुआ था। कार में सवार पांच लोगों ने तुषार को सड़क पर खींचते और बुरी तरह पीटते हुए उसे अगवा किया था। 7 मई को गिरीश चंद्र लोहनी ने थाना मुखानी में अलोक रंजन तिवारी और कपिल तिवारी के मुकदमा दर्ज कराया था। अपहरण की पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी वायरल हुआ है। 10 मई की शाम पुलिस ने तुषार को अधमरी अवस्था में बांदा के आसपास सड़क से तलाश किया। इसके बाद पुलिस ने अलोक के पिता दयाशंकर तिवारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया लेकिन पुलिस फरार आलोक रंजन तिवारी और कपिल तिवारी को नहीं पकड़ पाई थी।



▸▸ एक माह से फरार अपहर्ता ने पुलिस की हीलाहवाली का उठाया फायदा

▸▸ पीड़ित बोला, समझौता कराने के लिए लिखाया मुकदमा

पुलिस लगातार दावा करती रही कि फरार आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं, जबकि असल में दोनों खुलेआम घूम रहे थे। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी का कहना है कि आलाधिकारियों से इजाजत लेकर आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम रवाना की जा रही है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,442.04 | 24,750.90 |
| बढ़त | 443.79 | 130.70 |
| प्रतिशत में | 0.55 | 0.53 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 6 जून 2025

## एक नजर

### फ्लिपकार्ट को रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली।** वालमार्ट समर्थित ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट ने बताया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिल गया है। सूत्रों ने बताया कि इस कदम से फ्लिपकार्ट के लिए ग्राहकों को सीधे ऋण देने का रास्ता साफ हो सकता है। उन्होंने ऐसे विशिष्ट उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें ग्राहक कई बार अपने द्वारा चुने गए उत्पादों के भुगतान के लिए ईएमआई मॉडल चुनते हैं।

### मई में 211 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण लेनदेन

**नई दिल्ली।** आधार धारकों ने मई 2025 में 211 करोड़ से अधिक प्रमाणीकरण लेनदेन किए, जिससे ऐसे लेनदेन की स्थापना के बाद से अब कुल संख्या 15,223 करोड़ से अधिक हो गई है। इसके अतिरिक्त मई 2025 में 15.49 करोड़ फेस प्रमाणीकरण लेनदेन दर्ज किए गए। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस संबंध आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मई में आधार प्रमाणीकरण लेनदेन पिछले महीने की तुलना में अधिक हैं।

# रेपो दर में 0.25% कटौती की उम्मीद

## रियल एस्टेट कंपनियों ने कहा- इससे मकानों की मांग बढ़ने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रियल एस्टेट कंपनियों ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद जताई है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय क्रेडाई और नारेडको का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती कर सकता है। उद्योग संगठनों ने कहा कि इससे मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी।

आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई। रियल एस्टेट संगठनों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, "हम रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इससे आवास मांग में काफी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती होनी चाहिए। पटेल ने कहा, पिछले तीन महीनों में आवास की मांग थोड़ी धीमी रही है। इसलिए, दर में कटौती से बिक्री में सुधार करने में काफी मदद मिलेगी।



- क्रेडाई और नारेडको का दावा- रेपो रेट घटने कई कई क्षेत्रों पर पड़ेगा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभाव

आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की है। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा आरबीआई की मौद्रिक नीति पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि इसका आवास की मांग पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चालक है, जिसका सीमेंट और इस्पात से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा तक 200 से अधिक क्षेत्रों से संबंध है।

हरिबाबू ने कहा, इसलिए रेपो दर में कटौती से न केवल आवास की मांग बढ़ेगी, बल्कि समग्र आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा।" अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, आवास कर्ज की ईएमआई पर ब्याज दर में कटौती का सीधा असर पड़ता है। अगर आरबीआई फिर से कटौती करता है तो मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और आसान हो जाएगा।

### गवर्नर मल्होत्रा आज पेश करेंगे मौद्रिक नीति समीक्षा

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण उत्पन्न व्यापार तनाव के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत या इससे अधिक की कटौती की उम्मीद है। आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई थी। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बताया कि मल्होत्रा छह जून दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई इस बार भी रेपो में 0.25 प्रतिशत कटौती करेगा। हालांकि, एसबीआई की शोध रिपोर्ट में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती की बात कही गई है।

### दूसरे दिन भी सेंसेक्स 444 अंक ऊपर चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 912.88 अंक बढ़कर 81,911.13 पर पहुंच गया था लेकिन मुनाफावसूली हावी होने से बढ़त सीमित हो गई।

## एआई इंजन 'नमस्ते' देगा होटल उद्योग की प्रामाणिक जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र के बारे में मनचाही जानकारी जुटाने के एक मंच के तौर पर कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित सर्च इंजन 'नमस्ते' पेश किया गया है। इसकी मदद से कुछ सेकंड में ही आतिथ्य उद्योग से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब जुटाया जा सकता है।

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) और कोलकाता स्थित वैश्विक गहन-प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता एन्टिओवी टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को इसे राष्ट्रीय राजधानी में पेश किया। इसका उद्देश्य एआई का इस्तेमाल कर सीखने, निर्णय लेने और नवाचार को सशक्त बनाना है, ताकि आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो।



- एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

आईआईएचएम के चेयरमैन सुबर्नो बोस ने इस बारे में कहा, यह आतिथ्य के बारे में सीख देने के तरीके और भविष्य में आतिथ्य व्यवसाय के संचालन के तरीके को बदलने जा रहा है। 'नमस्ते जीपीटी' छात्रों, शिक्षकों और आतिथ्य व्यवसाय चलाने वालों के लिए एक अविश्वसनीय सहायक साबित होगा। उन्होंने इसे आतिथ्य क्षेत्र का भविष्य बताते हुए कहा कि यह काम को अधिक कुशल, व्यवस्थित और सुगठित बना देगा। इसके अलावा यह मौजूदा समय में कार्यों पर खर्च किए जाने वाले समय को आधे से भी कम कर देगा।

## रेटिंग में सीमा पर तनाव का रखेंगे ख्याल

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज भारत की रेटिंग का मूल्यांकन करते समय भारत-पाकिस्तान के बीच हाल के संघर्ष पर भी विचार करेगी। एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रेटिंग एजेंसी के प्रतिनिधियों ने यहां वित्त मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह बात कही। मूडीज ने इस समय भारत को स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'बीएए-3' रेटिंग दी हुई है जो सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग है। एक सूत्र ने कहा, "रेटिंग एजेंसी अपने सरकारी रेटिंग मूल्यांकन में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को भी ध्यान में रखेगी।" जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भीषण आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नियंत्रण वाले इलाकों में मौजूद आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था।



- मूडीज ने वित्त मंत्रालय के अफसरों से मुलाकात के दौरान की घोषणा

मूडीज ने पिछले महीने कहा था कि दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ा आर्थिक गतिरोध नहीं आएगा। लेकिन यह पाकिस्तान के लिए एक झटका होगा क्योंकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और वृद्धि को प्रभावित कर सकता है। मूडीज को इससे भारत की आर्थिक गतिविधि में बड़े व्यवधान की आशंका नहीं है क्योंकि इसके पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंध बहुत कम हैं। हालांकि, मूडीज ने पिछले महीने वर्ष 2025 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमानों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

## शुल्क पर स्थगित वार्ता के बीच ट्रंप ने की शी चिनफिंग से बात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को बातचीत की। यह वार्ता ऐसे समय हुई है, जब दोनों देशों के बीच शुल्क वार्ता स्थगित होने से वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हुई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बातचीत की पहल की। अमेरिका की तरफ से फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है। ट्रंप ने एक दिन पहले कहा था कि चिनफिंग के साथ किसी समझौते पर पहुंच पाना मुश्किल है। ट्रंप ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मैं शी को हमेशा पसंद करता हूं, करता रहा हूं और करता करूंगा। लेकिन वह बहुत सख्त हैं और उनके साथ कोई समझौता कर पाना बेहद मुश्किल है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता, 12 मई को दोनों देशों के बीच शुल्क दरों को कम करने के समझौते के तुरंत बाद कुछ समय के लिए रुक गई थी। हालांकि अन्य मुद्दों पर वार्ता जारी रही।

## भारत-किर्गिस्तान के बीच द्विपक्षीय संधि लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और किर्गिस्तान के विदेश मंत्री झीनबेक कुलुबाएव मोल्दोकनोविच ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय निवेश संधि को लागू करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस संधि से भारत और किर्गिस्तान के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने और सीमापार निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

भारत सरकार और किर्गिज गणराज्य की सरकार के बीच 14 जून, 2019 को बिश्केक में द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए गए थे। अब यह संधि पांच जून, 2025 से प्रभावी हो गई है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नई निवेश संधि 12 मई, 2000 को लागू पिछले समझौते की जगह लेगी।



- नई संधि ने जून 2019 में बिश्केक में हुए बीआईटी की जगह ली
- टिकाऊ वृद्धि पर जोर, पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना प्रमुख विशेषता

मंत्रालय ने कहा, भारत-किर्गिज बीआईटी द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सुरक्षित एवं पूर्वानुमानित निवेश परिवेश को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है। बीआईटी का उद्देश्य दूसरे देश के क्षेत्र में किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है।

बीआईटी की कुछ विशेषताओं में टिकाऊ वृद्धि पर जोर देना और सबसे पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना शामिल है। द्विपक्षीय निवेश संधि में कुछ अपवाद भी हैं। इसका मतलब है कि सरकारें कुछ मामलों में अपनी नीतियों को लागू करने के लिए स्वतंत्र रहेंगी। इनमें पर्यावरण, लोगों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सार्वजनिक नैतिकता और व्यवस्था बनाए रखने जैसे अपवाद शामिल हैं। इसके अलावा निवेशकों और सरकार के बीच कोई विवाद होने पर पहले स्थानीय स्तर पर मामले को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।



## एक नजर

### आईबीसीए प्रमुख को क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के महानिदेशक एसपी यादव को भारत में 'बंगाल टाइगर' की आबादी को विलुप्ति के कगार से बचाने में उत्कृष्ट योगदान पर 'क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को 'भूगोल का ऑस्कर' कहा जाता है जिसे 2012 में रूसी भूगोल सोसायटी ने स्थापित किया था। यादव को यह पुरस्कार 29 मई को 'मास्को इंटरनेशनल हाउस ऑफ म्यूजिक' में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### 21वीं मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**पुणे।** पुणे में एक आवासीय इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर 25 वर्षीया महिला आईटी पेशेवर ने आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि अभिलाषा भाऊसाहेब कोथिंभिरे ने 31 मई को हिंजवडी इलाके में आत्महत्या कर ली। बुधवार तड़के करीब 4:30 बजे महिला दोपहिया वाहन से क्राउन ग्रीन सोसाइटी पहुंची, इसके बाद वह 21वीं मंजिल पर अपने दोस्त के घर गई और वहां से छलांग लगा दी। महिला ने एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें लिखा है, मेरी जीने की इच्छा खत्म हो चुकी है। मैं अब नहीं जीना चाहती।

### कोरोना संक्रमण से सात और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है। कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### स्कूल में बाउंसर रखने पर हाईकोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारका को शुल्क विवाद के कारण अपने परिसर में छात्रों के प्रवेश को रोकने के लिए बाउंसर का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थान में इस तरह की प्रथा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्तीय चूक के कारण किसी छात्र को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करना और डराना न केवल मानसिक उत्पीड़न है, बल्कि इससे बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचती है।

# हाईकोर्ट कराए भगदड़ की जांच: भाजपा

## कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- आरसीबी की विक्ट्री परेड में हादसे के लिए सरकार जिम्मेदार

बेंगलुरु, एजेंसी

भाजपा ने गुरुवार को आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ की घटना की मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से न्यायिक जांच करवाने और प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने भगदड़ के लिए कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि यह घटना शासन की आपराधिक विफलता दर्शाती है। विजयेंद्र ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर घोर लापरवाही के ज़रिए जश्न को तबाही में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह कोई दुर्घटना नहीं थी, इसे टाला जा सकता था और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि राज्य सरकार अपने लोगों की सुरक्षा करने के अपने मौलिक कर्तव्य में विफल रही। जब दो लाख से ज्यादा प्रशंसक जमा हुए थे, तब भीड़ को नियंत्रित करने, पुलिस की कोई तैयारी नहीं थी और कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल भी नहीं था।



- भीड़ नियंत्रित करने को नहीं थी कोई तैयारी, मृतकों के परिवार को 50 लाख रुपये दे सरकार

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि जब स्टेडियम में अराजकता फैली हुई थी, तब मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उनके डिप्टी डीके शिवकुमार और अन्य कैबिनेट सहयोगी विधान सौध के पास आईपीएल खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब मौतों की खबरें पहले से ही आ रही थीं, मंत्री फोटो सेशन में व्यस्त थे। यह असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है।

मुख्यमंत्री के इस बयान पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कि यह त्रासदी स्टेडियम में हुई थी, न कि सरकार की सीट के पास विजयेंद्र ने कहा, यह जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। जब लाखों लोग जश्न एकत्र हुए, तो पुलिस को विधान सौध के आसपास वीआईपी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। राज्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा।

### सरकार शोक में, भाजपा कर रही राजनीति: डीके

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जश्न के दौरान हुई भगदड़ की घटना को व्यक्तिगत- पारिवारिक त्रासदी' बताते हुए कहा कि इस घटना से राज्य सरकार गहरे सदमे और दुख में है। किसी ने भी इतनी भारी भीड़ की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा, भाजपा और जद-एस हमेशा राजनीति करते हैं। शिवकुमार ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री सदमे में हैं। गृह मंत्री सदमे में हैं। पूरी सरकार शोक में है। कुछ मिनट पहले मैं रो रहा था। ये हमारे लोग थे। नुकसान हमारा है। कर्नाटक और बेंगलुरु की छवि को नुकसान पहुंचा है। परिवारों को नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार इस दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेती है और वह इस चूक की पूरी जांच करेगी।

### उत्तरी सिक्किम में फंसे 59 पर्यटक किए एयरलिफ्ट

**गंगटोक।** मौसम साफ होने के बाद फिर शुरू किए गए बचाव अभियान के तहत अत्यधिक बारिश से प्रभावित उत्तरी सिक्किम से 59 पर्यटकों को बृहस्पतिवार सुबह गंगटोक लाया गया। ये लाचुंग में करीब एक सप्ताह से फंसे तकरीबन 109 पर्यटकों में शामिल थे। सुबह गंगटोक के पास पाकयोंग हवाई अड्डे से दो एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर उत्तरी सिक्किम के चातेन रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि एक हेलीकॉप्टर से 39 पर्यटक लौटे, दूसरे हेलीकॉप्टर से 20 को लाया गया। इनमें दो विदेशी शामिल हैं। सिक्किम राष्ट्रीयकृत परिवहन ने इन पर्यटकों को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंचाने के लिए बसें तैनात की हैं। जो लोग हवाई मार्ग से सिलीगुड़ी के निकट बागडोगरा जाना चाहते हैं, उनके लिए पाकयोंग हवाई अड्डे पर अतिरिक्त हेलीकॉप्टर रखा गया है।

## राजनीतिक वर्ग के बीच आपसी समझ बनी रहनी चाहिए: भागवत

नागपुर, एजेंसी

- कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन समारोह में बोले संघ प्रमुख

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत की कार्रवाई के पश्चात राजनीतिक वर्ग में दिखी आपसी समझ जारी रहनी चाहिए और एक स्थायी विशेषता बननी चाहिए।

भागवत ने संघ स्वयंसेवकों के लिए आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, इस जघन्य आतंकी हमले के बाद लोग दुखी और आक्रोशित थे और चाहते थे कि दोषियों को सजा मिले। कार्रवाई की गई और सजा दी गई। भागवत ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की गई कार्रवाई में सभी ने देश के निर्णय करने वालों का साहस देखा।

उन्होंने कहा, पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के बाद कार्रवाई की गई। इसमें एक बार फिर हमारी सेना का पराक्रम दिखा। प्रशासन की दृढ़ता भी देखने को मिली। आरएसएस प्रमुख ने कहा, राजनीतिक वर्ग ने आपसी समझ दिखाई। समाज ने एकता का संदेश दिया। यह जारी रहना चाहिए।

### नए सीमा प्रहरी



देश की सेना को बृहस्पतिवार को सीमाओं की रक्षा के लिए अग्निवीरों का नया बैच मिला। श्रीनगर के जेएकेएलआई रेजिमेंटल सेंटर में गुरुवार को हुई पासिंग आउट परेड में शामिल अग्निवीर। एजेंसी

### देशभक्त टिप्पणी कांग्रेस के लिए नहीं थी: सलमान खुर्शीद

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर भारत का पक्ष रखने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'देशभक्त' संबंधी उनकी टिप्पणी पार्टी के लिए नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए थी जो खुद को देशभक्त नहीं मानते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी उनके नेता हैं और वह सरकार के बारे में जो भी कह रहे हैं, उससे वह सहमत हैं। खुर्शीद ने बीते सोमवार को कहा था कि यह दुखद है कि देश में लोग राजनीतिक निष्ठाओं का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया था कि क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है।

## निर्वाचन आयोग की नई प्रणाली के जरिए तेज होगी चुनाव बाद आंकड़ों की रिपोर्टिंग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चुनाव के बाद विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी प्रणाली को एक उन्नत तंत्र के जरिए सुव्यवस्थित किया है, जो पहले की उस व्यवस्था की जगह लेगा जिसमें ज्यादा समय लगता है।

आयोग का कहना है कि स्वचालन और डेटा एकीकरण का लाभ उठाते हुए नई प्रणाली तेजी से रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। 'इंडेक्स कार्ड' एक गैर-वैधानिक, चुनाव के बाद का सांख्यिकीय रिपोर्टिंग प्रारूप है जिसे चुनाव संबंधी डेटा हासिल करने के लिए विकसित किया गया है। इसे कई आयामों में डेटा का प्रसार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, मसलन, उम्मीदवार, मतदाता, डाले गए वोट, गिने गए वोट, पार्टी-वार और उम्मीदवार-वार मत प्रतिशत, लिंग-आधारित मतदान रुझान, क्षेत्रीय विविधताएं और राजनीतिक दलों का प्रदर्शन।

## सुप्रीम निर्देश: जल्द निपटाए जाएं मकान मालिक और किराएदारों के विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए संपत्ति मालिकों-किराएदारों के बीच विवाद में फैसला होने में देरी पर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बंबई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से वहां लंबित ऐसे मामलों की समीक्षा करने का अनुरोध किया है।

सुप्रीम कोर्ट प्रति वर्ग फुट दर पर विवाद से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध अपीलों पर सुनवाई कर रहा। यह मामला हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड द्वारा मुंबई स्थित हरचंद्राय हाउस को किराए पर लेने से संबंधित है। पीठ ने कहा कि कुछ मामलों में वादियों को विवादों के निपटारे के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता है। जब मकान मालिक-किराएदार विवाद की बात आती है तो एक पक्ष के संपत्ति के लाभ से वंचित होने और दूसरे पक्ष के ऐसी संपत्ति के स्वामित्व से प्राप्त होने वाले मौद्रिक लाभ से वंचित होने का पहलू भी शामिल होता है। अदालतों का कर्तव्य है कि सुनिश्चित करें कि उनके कारण किसी भी पक्ष को परेशानी न हो।

- शीर्ष कोर्ट ने कहा- विवादों में देरी से दोनों पक्षों को होता है नुकसान

अदालत ने कहा कि ऐसे विवादों में देरी से दोनों पक्षों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। कुछ मामलों में मकान मालिक को संपत्ति नहीं मिलने के कारण नुकसान उठाना पड़ता है, या उससे मिलने वाली मौद्रिक राशि नहीं मिल पाती है। किरायेदार को यह नुकसान होता है कि अंतिम निर्णय आने पर उसे थोड़े समय में बड़ी रकम चुकाने का निर्देश दिया जाता है।

### परीक्षा में छह मिनट देर से पहुंची छात्रा को कोर्ट ने नहीं दी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने परीक्षा की 'शुचिता और अनुशासन' को रेखांकित करते हुए 'समान विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा' (सीयूईटी) में छह मिनट की देरी से शामिल होने वाली छात्रा को राहत देने से इनकार कर दिया। अठारह वर्षीय छात्रा ने दावा किया कि 13 मई को वह परीक्षा के निर्धारित समय से छह मिनट बाद सुबह करीब 8.36 बजे परीक्षा केंद्र पहुंची थी, लेकिन उसे प्रवेश नहीं दिया गया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की पीठ ने पाया कि राष्ट्रीय परीक्षा प्राधिकरण के सूचना बुलेटिन और प्रवेश पत्र में परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले सुबह करीब 7 बजे केंद्र पर पहुंचने के बारे में बहुत स्पष्ट निर्देश दिए गए थे और बताया गया था कि सुबह 8.30 बजे के आसपास गेट बंद हो जाएंगे। पीठ ने कहा कि इतनी बड़ी परीक्षा के संचालन में लापरवाही से अव्यवस्था पैदा होगी और परीक्षा का अनुशासन बनाए रखा जाना चाहिए।

## संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को दोहरी जिम्मेदारी मिलने पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- पवन खेड़ा ने कहा- ये हमारी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में दो जिम्मेदारियां मिलना भारतीय विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है। वैश्विक समुदाय पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराना कैसे जारी रख सकता है।

पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख की जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस के मीडिया विभागके प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान को एक अरब डॉलर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद विश्व बैंक ने 40 अरब डॉलर देने का फैसला किया। 3 जून को एडीबी ने 80 करोड़ डॉलर दिए। उन्होंने कहा कि अब 4 जून को पाकिस्तान को यूएनएससी तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख के रूप में चुना गया। उन्होंने कहा, बेशक, यह हमारी अपनी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है लेकिन वैश्विक समुदाय पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराने की अनुमति कैसे दे सकता है।





# दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर



नॉर्थम्पटन, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी। भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिये ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं।

### भारत ए से इंग्लैंड लायंस का आखिरी टेस्ट मैच

**भारत ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स। **मैच दोपहर 3 . 30 बजे से**

विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33 . 57 की औसत से रन बनाये हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्ष क्रम में मिली है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाये थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाये। तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिये शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे। अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिये तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिये तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे जिन्हें पहले टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में जगह दी गई है। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं।

# बुमराह की जगह लेना मुश्किल, इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में पर्याप्त प्रतिभा

मुंबई, एजेंसी

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्पष्ट नहीं किया कि जसप्रीत बुमराह 5 टेस्ट मैचों में से कौन से तीन में उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला के दौरान इस दिग्गज गेंदबाज की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी संभालने के लिए गेंदबाजी इकाई में प्रतिभा की कमी नहीं है। गंभीर ने कहा कि यह भी जरूरी नहीं कि बुमराह सिर्फ तीन ही टेस्ट मैच खेले।

5 मैचों की टेस्ट शृंखला का आगाज 20 जून को लीड्स में होगा। उन्होंने कहा, हमने यह तय नहीं किया है कि हम उसे कौन से तीन मैच खिलाना चाहते हैं। गंभीर ने नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के साथ इंग्लैंड रवाना होने से पहले कहा, बुमराह जैसे खिलाड़ी की जगह लेना मुश्किल होता है, लेकिन हमारे पास प्रतिभावान गेंदबाज हैं। भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने इस दौरे के लिए टीम की घोषणा के दौरान बताया था कि मेडिकल टीम से मिले परामर्श के अनुसार 31 वर्षीय बुमराह सभी पांच टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। गंभीर ने कहा, मैंने पहले भी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कहा था कि इससे किसी और को खुद को साबित करने का मौका मिलता है और हमारे पास पर्याप्त प्रतिभा है। मुझे पता है कि वह एक बेहतरीन गेंदबाज है, लेकिन हमारे पास टीम में प्रतिभाशाली गेंदबाजों की कमी नहीं है।



### पहले टेस्ट के लिए वोक्स इंग्लैंड की टीम में

**लंदन।** तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की शृंखला के पहले मैच के लिए गुरुवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अब तक 57 टेस्ट में 181 विकेट लेने के अलावा 1970 रन बनाने वाले 36 साल के वोक्स ने 2018 में हुई शृंखला के दौरान लाड्र्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वोक्स ने उस मैच में नाबाद 137 रन बनाने के अलावा 4 विकेट चटकाए, जिससे इंग्लैंड ने पारी और 159 रन से जीत दर्ज की। वोक्स के अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने टेस्ट से पूर्व तैयारी करने को कहा है। इसलिए ये दोनों खिलाड़ी नॉर्थम्पटन में शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड लॉयन्स के दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलेंगे।

## खेल डायरी

### शीर्ष स्कोर के साथ महिला स्कीट पहले पायदान पर पहुंची

**भोपाल।** पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाये। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाये। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

### मैच फिक्सिंग में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिये ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किये गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। 40 वर्ष के सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेलकर 78 विकेट लिये हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिये खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

### भारतीय तीरंदाज अंताल्या विश्व कप से खाली हाथ लौटे

**अंताल्या (तुर्किये)।** भारतीय तीरंदाज पिछले विश्व कप की अपनी सफलता को दोहराने में विफल रहे और गुरुवार को तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कंपाउंड और रिकर्व दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं से खाली हाथ लौटे। पिछले महीने शंघाई में दूसरे चरण में स्वर्ण (पुरुष) और रजत (महिला) जीतने वाली कंपाउंड टीमें इस बार पदक की दौड़ में पिछड़ गईं। ऋषभ यादव, कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा और मौजूदा विश्व चैंपियन ओजस देवताले की भारतीय कंपाउंड टीम को शुरुआती दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को रोमांचक मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली चीनी ताइपे ने मात्र एक अंक से 242-241 हराया। मधुरा धमनगांवकर, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथ तनमपर्थी की महिला कंपाउंड टीम भी कांस्य पदक मैच में हार गयी।

### अगले ओलंपिक में मेरा निशाना शीर्ष पायदान पर: कुसाले

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। कुसाले पेरिस में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले देश के पहले निशानेबाज बने थे। 2021-22 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले कुसाले अब तक की सफलता से संतुष्ट नहीं हैं और बड़े पदक चाहते हैं। उन्होंने कहा, मेरा बड़ा लक्ष्य अगला ओलंपिक है।

### वर्षा टेकाम पर डोप टेस्ट से बचने के लिए तीन साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत की लंबी दूरी की धाविका वर्षा टेकाम पर गुरुवार को एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) द्वारा डोप टेस्ट से बचने के लिए तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया। पिछले साल पुणे हाफ मैराथन में एक घंटे 26 .22 मिनट के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं वर्षा को 26 मई को अस्थाई तौर पर निलंबित किया गया था। एआईयू के अनुसार वर्षा को अनुच्छेद 2 .3 (किसी एथलीट द्वारा नमूना संग्रह से बचने, मना करने या उसे प्रस्तुत करने में विफल रहने) के तहत निलंबित किया गया था। एआईयू ने 'एक्स' पर लिखा, एआईयू ने वर्षा टेकाम (भारत) को खिलाड़ी द्वारा नमूना संग्रह से बचने, मना करने या उसे प्रस्तुत करने में विफल रहने के लिए 20 मई 2025 से तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

# पहली बार सबालेंका फाइनल में

## महिला एकल : नंबर एक खिलाड़ी ने स्वियातेक के अभियान पर लगाया विराम

- सबालेंका ने स्वियातेक को चार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने से रोका

पेरिस, एजेंसी



एरिना सबालेंका

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने इगा स्वियातेक के फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 26 मैच में जीत के अभियान को विराम लगाते हुए गुरुवार को महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने स्वियातेक को रोलां गैरो पर हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तीन सेट में 7-6, 4-6, 6-0 से हराकर पेरिस में पहली बार फाइनल में प्रवेश किया।

सबालेंका की जीत ने स्वियातेक को 1968 में प्रतियोगिता में पेशेवर खिलाड़ियों को प्रवेश की स्वीकृति दिए जाने के बाद से इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार चार खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से रोक दिया। इससे सबालेंका को अपना चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का मौका भी मिलेगा। सबालेंका ने अब तक अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते हैं जिसमें दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एक अमेरिकी ओपन खिताब शामिल है। बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका ने कहा कि यह अविश्वसनीय लगता है, लेकिन मैं यह भी समझती हूं कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वह सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी है, विशेषकर क्ले कोर्ट पर, खासकर रोलां गैरो पर। सबालेंका का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ और 361वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्ड धारक लोइस बोइसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।


### गाफ का सामना बोइसों से जोकोविच-सिनेर भी जीते



कोको गाफ

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को हराकर महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को हराया है। बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया।

### इरानी-वावसोरी की जोड़ी बनी मिश्रित युगल चैंपियन



**पेरिस।** इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने मिश्रित युगल के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इटली की जोड़ी ने सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद यह उनका दूसरा खिताब था। इरानी के लिए पेरिस में यह दूसरा बड़ा खिताब है। उन्होंने पिछले साल हमवतन जैस्मीन पाओलिनी के साथ महिला युगल में ओलंपिक स्वर्ण जीता था।

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू बाहर

जकार्ता, एजेंसी



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

सात्विक और चिराग ने रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी को हराया। सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की जोड़ी से भिड़ेगी।

निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से शिकस्त मिली है। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला जोड़ी भी बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की जोड़ी के खिलाफ सिर्फ हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त मिली।

### प्रदर्शन में निरंतरता के लिए संघर्ष जारी : सिंधू



पिछले काफी समय से लय हासिल करने की कोशिश कर रही पीवी सिंधू ने कहा कि वह सही रास्ते पर हैं और शीर्ष खिलाड़ियों में अपना स्थान फिर से हासिल करने से दूर नहीं हैं। सिंधू इस सत्र में प्रदर्शन में निरंतरता के लिए संघर्ष कर रही हैं। सिंधू ने कहा, मेरे पास नया कोच है। कई बार दोनों को एक-दूसरे को समझने में समय लगता है।

# अगले आईपीएल में करूंगा दोगुना बेहतर प्रदर्शन : वैभव

मुंबई, एजेंसी



अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था।

इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के अलावा 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए सपने जैसा है और मुझे पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं। रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार दिया गया।

सूर्यवंशी ने कहा कि अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने गलतियां कीं और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। पहले सत्र से मिली सीख के बारे में सूर्यवंशी ने कहा, मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे सकता हूं। सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के कई प्रारूप के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सफल पदार्पण किया। सूर्यवंशी ने कहा कि यह नई प्रतियोगिता है। मैं पहली बार ब्रिटेन जा रहा हूं इसलिए यह एक नया अनुभव होगा। मैं अनुभव करूंगा कि वहां खेल कैसे चलता है।

### पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी : खुरासिया

**नई दिल्ली।** आरसीबी को आईपीएल में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है। खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसी आग है।

# डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग से भी मिल सकता है राजस्व : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी



अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी।

मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्ल्यूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे कैरियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।

# गुकेश समेत 15 भारतीय ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानानंदा के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है।



### कोहली ने मानसिक अस्पष्टता से टेस्ट को अलविदा कहा: ग्रेग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला उनके कौशल में गिरावट से नहीं बल्कि कुछ वर्षों में खेल के कारण उन पर पड़े असर की वजह से है। चैपल ने कहा कि कोहली ने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिक स्पष्टता की कमी से संन्यास लिया है। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर लिखा, उनका फैसला कौशल में कमी की वजह से नहीं बल्कि इस बढ़ते एहसास की वजह से था कि अब वह उस मानसिक स्पष्टता को हासिल नहीं कर सकते, जिसने उन्हें इतना मजबूत बनाया था। उन्होंने स्वीकार किया कि उच्चतम स्तर पर जब तक दिमाग तेज और निर्णायक नहीं हो तब शरीर लड़खड़ाता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 123 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 30 शतक की मदद से 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए।



# गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी पर करना होगा काम : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोले- इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की जिम्मेदारी के बीच बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा और इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता। भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे। पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरी नजर में गिल कप्तान हो सकते थे। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के मानसिक पहलू पर काम करना होगा। ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी। वीरेंद्र सहवाग इसका अच्छा उदाहरण हैं। लेकिन अगर अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण है तो तकनीक के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है।

# थरूर ने अमेरिका में कहा- भारत को किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

- राष्ट्रपति ट्रंप के संघर्ष विराम में भूमिका निभाने के दावे पर कांग्रेस सांसद ने रखी भारत की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम में अपनी भूमिका को लेकर बार-बार किए जा रहे दावों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत, अमेरिकी राष्ट्रपति पद का सम्मान करता है लेकिन नई दिल्ली ने कभी नहीं चाहा कि वह किसी से मध्यस्थता करने के लिए कहे और किसी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं कि हमें रुकना है।

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के नेता थरूर मंगलवार दोपहर यहां पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों एवं सरकारी अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। थरूर ने कहा, हम अपने लिए बस इतना ही कह सकते हैं कि हमने कभी किसी से मध्यस्थता करने के लिए नहीं कहना चाहा। उन्होंने बुधवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि भारत को पाकिस्तानियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने में कोई दिक्कत नहीं थी। जब तक वे आतंकवाद की भाषा का इस्तेमाल करते रहेंगे, हम बल की भाषा का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है।


अमेरिका में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

### जेडी वेंस के साथ बैठक बहुत अच्छी रही: थरूर

**वाशिंगटन।** भारतीय सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ मुलाकात काफी अच्छी रही और उन्होंने (वेंस ने) ऑपरेशन सिंदूर में भारत की संयमित प्रतिक्रिया के प्रति पूर्ण समर्थन और सम्मान जताया। यह जानकारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने दी। मुझे बहुत खुशी है कि उपराष्ट्रपति वेंस ने इतनी गर्मजोशी से हमारा स्वागत किया।

## मांसपेशियों से नियंत्रण खोना ही पार्किंसन्स

कुछ हट के

पार्किंसन्स एक उम्र संबंधी मस्तिष्क से जुड़ी बीमारी है, जिसमें ब्रेन के कुछ हिस्से बहुत कमजोर या डैमेज हो जाते हैं। इसके कारण आमतौर पर लोग बहुत धीरे चलने-फिरने लगते हैं। उनके हाथ, पैर और सिर कांपने लगते हैं। इसके अलावा बैलेंसिंग की भी समस्या हो सकती है। ज्यादातर मामलों में इसका कोई स्पष्ट कारण पता नहीं है।

हालांकि, कुछ मामलों में देखा गया है कि यह अनुवांशिक कारणों से भी हो सकता है। इसका कोई स्थाई इलाज नहीं उपलब्ध है। समय पर इलाज मिलने से लक्षणों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। साइंस जर्नल फ्रंटियर्स के मुताबिक, साल 2021 में पूरी दुनिया में 118 लाख लोगों को पार्किंसन्स था। अनुमान है कि 2050 तक पेशेंट्स की संख्या दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 252 लाख के करीब हो सकती है। पार्किंसन्स डिजीज में फिजिकल एक्टिविटीज और एक्सरसाइज का बहुत महत्व होता है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत होती हैं, स्पीड सुधरती है और बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रोटीन से भरपूर चीजें खाएं। मसल्स मजबूत बनाने और बॉडी एक्टिविटीज के लिए प्रोटीन जरूरी है।



**118** लाख से ज्यादा लोग 2021 तक पार्किंसन्स से पीड़ित

**2050** तक 252 लाख लोग हो सकते हैं इस बीमारी का शिकार

### बीमारी के लक्षण, क्यों होता है

- इस बीमारी के लक्षणों को मोटर (मूवमेंट से संबंधित) और नॉन-मोटर (जो मूवमेंट से नहीं जुड़े)- दो ग्रुप में बांटा जा सकता है। मुख्य रूप से ब्रेन में एक खास केमिकल डोपामिन की कमी के कारण होता है। यह केमिकल ब्रेन में स्ट्रायटम नामक हिस्से में होता है, जो मसल्स पर कंट्रोल और उसकी गति को नियंत्रित करता है। जब ब्रेन के इस हिस्से की सेल्स डैमेज होने लगती हैं या कमजोर होने लगती हैं तो पार्किंसन्स के लक्षण उभरते हैं।

### पार्किंसन्स के मुख्य कारण

- **जेनेटिक :** यह डिजीज कुछ मामलों में जेनेटिक हो सकती है। परिवार में किसी को पार्किंसन्स है तो उस व्यक्ति को खतरा दूसरों की अपेक्षा ज्यादा होता है।
- **आईडियोपैथिक :** ज्यादातर पार्किंसन्स मामलों का कारण पता नहीं चलता है। इसे आईडियोपैथिक पार्किंसन्स कहा जाता है, इस बीमारी का कारण स्पष्ट नहीं है।
- **एनवार्यनमेंटल :** कुछ मामलों में पेस्टिसाइड्स जैसे केमिकल्स से भी पार्किंसन्स होता है। कार्बन मोनोऑक्साइड व कुछ पॉइजन्स से भी खतरा बढ़ सकता है।
- **मस्तिष्क में सूजन :** मस्तिष्क में सूजन, जिसे एन्सेफलाइटिस कहा जाता है। इसके कारण भी कभी-कभी पार्किंसन्स के लक्षण उभर सकते हैं।

### एक्सरसाइज करेगी मदद

- चलने में सावधानी बरतें और स्पीड नियंत्रित करें, बहुत तेजी से न चलें।
- चलते समय हमेशा पैर की एड़ी को जमीन पर पहले रखें।
- अपने बॉडी पॉश्चर पर ध्यान दें। सीधे खड़े होने की कोशिश करें, ताकि शफ्लिंग यानी धीरे-धीरे चलने को रोका जा सके।
- पीछे की तरफ न चलें और न ही कुछ सामान उठाकर चलने की कोशिश करें।

## एक नजर

### बाइडन के ऑटोपेन इस्तेमाल के खिलाफ जांच का आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्षमादान देने और अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा ऑटोपेन का इस्तेमाल किए जाने की जांच करने का बुधवार को आदेश दिया। इसके अलावा अमेरिकी संसद के निचले सदन-प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भी बाइडन के करीबी सदस्यों से पूछताछ का अनुरोध किया है।

### चीन ने ताइवान के 20 हैकर के खिलाफ वारंट किया जारी

**ताइपे।** चीन ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से देश में हैकिंग अभियान को अंजाम देने के आरोप में वहां (ताइवान) के 20 लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को वारंट जारी किया। बीजिंग ने उस ताइवानी कंपनी के साथ व्यापार पर भी प्रतिबंध लगा दिया, जिसके मालिकों को चीनी अधिकारियों ने "ताइवान की स्वायत्तता का कट्टर समर्थक" बताया है। दक्षिणी शहर गुआंगझाउ की पुलिस ने बताया कि ताइवान की स्वायत्तता की समर्थक 'डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी' (डीपीपी) की ओर से हैकिंग अभियान निंग एनवेई नामक व्यक्ति के नेतृत्व में चलाया गया।

### यून व उनकी पत्नी की जांच के लिए विधेयक पारित

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की विधायिका ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा दिसंबर में अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' लगाए जाने और उनकी पत्नी के खिलाफ आपराधिक आरोपों की विशेष जांच शुरू करने के लिए गुरुवार को विधेयक पारित किए। कई महीनों की राजनीतिक उथल-पुथल के बाद मुखर उदारवादी नेता ली जे-म्यांग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया और इसके एक ही दिन बाद उन्होंने अपदस्थ रूढ़ीवादी नेता यून के खिलाफ यह कदम उठाया।

### हज के लिए 15 लाख से ज्यादा मुसलमान सऊदी अरब पहुंचे

**अराफात।** इस साल हज करने के लिए दुनियाभर से 15 लाख से ज्यादा जायरीन सऊदी अरब पहुंचे हैं। एक प्रवक्ता ने बताया कि हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और आर्थिक एवं शारीरिक तौर पर सक्षम मुस्लिम के लिए यह जरूरी माना जाता है कि वह एक बार हज जरूर करे।

# प्रधानमंत्री ने शुरू की 700 किलोमीटर लंबी अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

## पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम पहल को आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय राजधानी से गुजरात तक फैली 700 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला में पुनः वनरोपण करने की विशेष पहल की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है तथा यह क्षेत्र अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और इनके समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान इस पर्वतमाला से जुड़े क्षेत्रों का कायाकल्प करने पर है। हम संबंधित स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे और जल प्रणालियों में सुधार, धूल भरी आंधी पर अंकुश लगाने, थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने आदि पर जोर देंगे। मोदी ने कहा, अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है।

पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया। उन्होंने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई।



दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम पहल को आगे बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी।

### कहा- सरकार गरीबों के कल्याण, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली राजग सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराने के लिए जन संपर्क अभियान शुरू करेगी। मोदी ने एक्स पर कहा कि राजग सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक समय में सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित कर कई लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजग ऐसे समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले। सरकार की सभी प्रमुख योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है।

# मस्क ने ट्रंप को दिया करारा जवाब ...मैं नहीं होता तो चुनाव हार जाते

वॉशिंगटन, एजेंसी

- बिल को लेकर दोस्ती में दरार, अरबपति उद्यमी मस्क ने ट्रंप को कहा- अहसान फरामोश



टेस्ला के मालिक एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने पहले बयान दिया कि वह मस्क से काफी निराश हैं। ट्रंप की मानें तो उन्होंने मस्क की काफी मदद की थी और अब उनका रवैया दिल दुखाने वाला है। अब मस्क ने पलट कर ट्रंप को जवाब दिया है। मस्क ने जवाब में एक बड़ा दावा किया और कहा कि अगर वह नहीं होते तो ट्रंप साल 2024 का राष्ट्रपति चुनाव नहीं जीत पाते। दोनों के बीच दरअसल टैक्स बिल को लेकर तनाव चल रहा है। जिस समय ट्रंप ने चुनाव जीता था मस्क ने खुलकर उनकी जीत का समर्थन किया था।

एलन मस्क और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच की नोकझोंक सबके सामने आ गई। ट्रंप ने कहा था देखिए, एलन और मेरे बीच बहुत अच्छे संबंध थे। मुझे नहीं पता कि हम आगे भी ऐसे ही रहेंगे या नहीं। एलन मस्क ने ट्रंप की तरफ से आए टैक्स बिल को हर कीमत पर रोकने की अपील की है।

मस्क ने कहा, बिल को खत्म कर दो। ट्रंप ने कहा कि मस्क की मदद के बिना भी वह शायद पेन्सिलवेनिया जैसे महत्वपूर्ण राज्य में जीत हासिल कर लेते क्योंकि कमला हैरिस ने राज्य के गवर्नर जोश शापिरो को अपना रनिंग मेट नहीं चुना था। मस्क ने इस पर कहा कि यह बहुत ही हास्यास्पद है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरे बिना, ट्रंप चुनाव हार जाते, कितनी अहसानफरामोशी है, मस्क ने एक्स पर लिखा।

### ट्रंप ने मस्क के सरकारी अनुबंधों में कटौती की चेतावनी दी

**वाशिंगटन।** ट्रंप ने अपने पूर्व समर्थक और सलाहकार एलन मस्क के सरकारी अनुबंधों में कटौती करने की चेतावनी दी। ट्रंप ने दिग्गज कंपनी टेस्ला एवं सोशल मीडिया मंच एक्स के प्रमुख मस्क को यह चेतावनी ऐसे समय दी जब दोनों के बीच रिश्तों में खटास आई है और यह एक सार्वजनिक झगड़े में बदल गया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया नेटवर्क पर लिखा, हमारे बजट में, अरबों-खरबों डॉलर की बचत करने का सबसे आसान तरीका एलन की सरकारी सब्सिडी और अनुबंधों को समाप्त करना है। मैं हमेशा सोचता था कि (पूर्व राष्ट्रपति जो) बाइडन ने ऐसा क्यों नहीं किया।

## हार्वर्ड में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक के लिए ट्रंप ने उठाया कदम

- राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर शासकीय आदेश पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों का देश में प्रवेश रोकने के लिए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आइवी लीग स्कूल से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दूर रखने का उनका नया प्रयास है। आइवी लीग हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अमेरिका के आठ प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों का समूह है। ट्रंप ने बुधवार को एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसमें घोषणा की गई है कि हार्वर्ड को मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज स्थित अपने परिसर में विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होगा। ट्रंप ने आदेश में लिखा, मैंने यह तय किया है कि उक्त वर्णित विदेशी नागरिकों के वर्ग का प्रवेश अमेरिका के हितों के लिए हानिकारक है क्योंकि मेरे विचार में हार्वर्ड के आचरण ने इसे विदेशी छात्रों व शोधकर्ताओं के लिए अनुपयुक्त गंतव्य बना दिया है। यह देश के सबसे पुराने और सबसे धनी विश्वविद्यालय के साथ 'व्हाइट हाउस के टकराव की दिशा में एक और कदम है।

## एफटीए से भारत, ब्रिटेन के बीच कानूनी संबंध हुए मजबूत : सीजेआई गवई

**लंदन।** प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार को कहा कि भारत-ब्रिटेन का समृद्ध कानूनी इतिहास साझा है, जो समान कानून के सिद्धांतों पर आधारित है और पिछले महीने संपन्न द्विपक्षीय एफटीए से यह संबंध व मजबूत हुआ है। भारत-ब्रिटेन वाणिज्यिक विवादों की मध्यस्थता पर आयोजित तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत-ब्रिटेन मध्यस्थता प्रथाओं में समन्वय विषय पर उद्घाटन भाषण देते हुए न्यायमूर्ति ने कहा कि कानूनी क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गहन सहयोग से व्यापार को लाभ होगा। विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन ने भारत को सिंगापुर और लंदन की तरह एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

## मध्य एशियाई देशों के 4 विदेश मंत्रियों से मिले जयशंकर

- तुर्कमेनिस्तान, किर्गिज गणराज्य, ताजिकिस्तान व कजाकिस्तान से सहयोग पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को यहां तुर्कमेनिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के अपने समकक्षों से मुलाकात की और इन मध्य एशियाई देशों के साथ भारत के सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उनकी चर्चा में आतंकवाद का मुद्दा भी उठा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में जयशंकर ने अपनी बैठकों की व्यापक रूपरेखा साझा की। जयशंकर ने कहा, तुर्कमेनिस्तान के विदेश मंत्री राशिद मेरेदोव से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारे सहयोग को और मजबूत करने, खासकर व्यापार, निवेश, संपर्क, स्वास्थ्य और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर गर्मजोशी से चर्चा हुई। आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की उनकी कड़ी निंदा का स्वागत करता हूं। उन्होंने हैदराबाद हाउस में हुई बैठक की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।



नई दिल्ली में अपने किर्गिज समकक्ष से मिलते जयशंकर।

## गाजा पट्टी से दो इजराइली बंधकों के शव बरामद

**तेल अवीव।** इजराइल ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए दो इजराइली-अमेरिकी लोगों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रातभर और बृहस्पतिवार को इजराइल की ओर से किये गये हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, जिनमें तीन स्थानीय पत्रकार भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जूडिह वीनस्टीन और गैड हग्गई के शव सेना और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी 'शिन बेट' द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत बरामद कर इजराइल लाए गए हैं। नेतन्याहू ने कहा, इजराइल के सभी नागरिकों की ओर से मैं इनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### पर्यटकों का इंतजार


पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पार्यटकों की आवाजाही बहुत कम हो गई है। गुरुवार को डल झील में खाली खड़े शिकारे। एजेंसी

## यूक्रेन-रूस को कुछ समय तक लड़ने देना बेहतर होगा : ट्रंप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन और रूस को अलग करने तथा शांति स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ने से पहले इन दोनों को कुछ समय तक लड़ने देना बेहतर होगा। ट्रंप ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ ओवल ऑफिस में बैठक के दौरान यूक्रेन में युद्ध की तुलना दो बच्चों के बीच लड़ाई से की, जो एक-दूसरे से नफरत करते हैं। रूस ने 2022 की शुरुआत में यूक्रेन पर आक्रमण किया था। कहा, कभी-कभी उन्हें कुछ देर तक लड़ने देना और फिर उन्हें अलग कर देना बेहतर होता है। उन्होंने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर बातचीत में इस बात को दोहराया था। ट्रंप ने प्रतिबंधों की धमकी को अभी भी बरकरार रखा है।

## अमेरिका ने इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम की मांग पर लगाया वीटो

- बंधकों की बिना शर्त रिहाई और सभी प्रतिबंधों को हटाने की मांग

वाशिंगटन/तेल अवीव/संरा, एजेंसी

अमेरिका ने गाजा में इजराइल और हमास आतंकवादियों के बीच स्थायी संघर्ष विराम की मांग को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया है। प्रस्ताव में गाजा में बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा में मानवीय सहायता की डिलीवरी पर लगे सभी प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग की गयी है।

अमेरिका ने स्थायी युद्ध विराम की मांग करने वाले यूएनएससी के प्रस्ताव के मसौदे पर वीटो लगा दिया है। इसने एन्क्लेव में सहायता आपूर्ति पर प्रतिबंध हटाने का भी आह्वान किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, संरा में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने मतदान से पहले परिषद को बताया, अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो और हमास को निरस्त्र करने और गाजा छोड़ने का आह्वान न करे। उन्होंने 15 सदस्यीय परिषद में 10 देशों द्वारा रखे गए प्रस्ताव के बारे में कहा, यह जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा।



**साक्षात्कार** सांसद शशि थरूर ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज कर कांग्रेसी नेताओं को सुनाई दो टूक

# राष्ट्रहित के लिए विदेश दौरे पर हूं, पार्टी के लिए नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

सांसद शशि थरूर ने उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जो कोई भी यह मानता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना कोई पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे खुद से सवाल करने की जरूरत है। थरूर पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को भारत के रुख से अवगत कराने के लिए एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं और इस समय अमेरिका में हैं।

कुछ कांग्रेस नेताओं ने पहलगाम हमले के बाद सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए थरूर की आलोचना की है। एक सहयोगी ने तो भाजपा का महाप्रवक्ता तक कह दिया।



थरूर ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा, सच कहूं तो, जब कोई देश की सेवा कर रहा हो, तो मुझे नहीं लगता कि उसे इन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा चिंता करने की जरूरत है। जब उनसे पूछा गया कि भारत लौटने पर वह अपने आलोचकों को क्या संदेश देंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो कोई भी यह समझता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना किसी प्रकार की पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे हमसे नहीं, बल्कि खुद से सवाल करने की जरूरत है। कई बार कुछ मुद्दों पर थरूर की टिप्पणियां कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक रुख से भिन्न रही हैं। सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या थरूर कांग्रेस में बने रहेंगे या भाजपा में शामिल होंगे।

इन अटकलों को लेकर थरूर ने कहा, मैं संसद का निर्वाचित सदस्य हूं। मेरे कार्यकाल के चार साल बाकी हैं। मुझे नहीं पता कि इस पर कोई सवाल क्यों पूछा जा रहा है।

### थरूर ने दिया अपने बेटे के सवाल का जवाब

**वाशिंगटन।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर से गुरुवार को उनके पत्रकार बेटे ने सवाल पूछा कि क्या सरकारी वार्ताकारों ने पहलगाम हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत मांगे थे, जिस पर थरूर ने कहा कि भारत ने बिना पुख्ता सबूत के ऑपरेशन सिंदूर नहीं चलाया। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में बातचीत के दौरान जब वाशिंगटन पोस्ट में वैश्विक मामलों के स्तंभकार उनके बेटे ईशान थरूर उनसे सवाल पूछने के लिए खड़े हुए, तो थरूर ने हंसते हुए कहा, इसे प्रश्न पूछने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। यह मेरा बेटा है। ईशान ने कहा, ईशान थरूर, वाशिंगटन पोस्ट। निश्चित रूप से व्यक्तिगत हैसियत से सवाल पूछ रहा हूं।

## ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस का यूक्रेन पर हमला, 5 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

उत्तरी यूक्रेन के प्रिलुकी शहर पर बृहस्पतिवार को हुए ड्रोन हमले में एक शिशु, उसकी मां और दादी समेत कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार सुबह होने से कुछ समय पहले शहर के रिहाइशी इलाके में छह ड्रोन ने हमला किया।

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाला बच्चा स्थानीय दमकल सेवा प्रमुख का पौत्र था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने दमकल प्रमुख की पहचान 50 वर्षीय ओलेक्जेंडर लेबिड के रूप में की है। जेलेंस्की ने कहा, वह अपने ही घर पर हुई घटना पर प्रतिक्रिया देने पहुंचे थे। पता चला है कि शाहिद ड्रोन ने उनके घर पर हमला किया। हमले से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी।

ट्रंप के अनुसार, पुतिन ने बहुत दृढ़ता से कहा कि रूस रविवार को रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर हुए यूक्रेन के आश्चर्यजनक ड्रोन हमलों का जवाब देगा। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में किए गए कूटनीतिक प्रयासों से कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई है, तथा यह भीषण युद्ध बेरोकटोक जारी है। यूक्रेन राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाले एक वर्ष के बच्चे की मां दरीना शिहिदा एक पुलिस अधिकारी थी।